वर्ष-31, अंक- 242, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
19 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक 20 जून को अपराह्न 04:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

### खराब मौसम को लेकर रांची के सभी स्कूल आज रहेंगे बंद

**रांची।** खराब मौसम को देखते हुए रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के सभी स्कूलों को गुरुवार (19 जून) को बंद रखने का निर्देश दिया है। बुधवार को उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के विशेष बुलेटिन में 19 जून 2025 को भारी बारिश के परिप्रेक्ष्य में रेड जोन की श्रेणी में रांची जिले को चिह्नित करते हुए भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इस कारण रांची जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी और गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं निजी स्कूलों में केजी से लेकर 12वीं कक्षा तक के विद्यालय बंद रहेंगे। पत्र में कहा गया है कि इस आदेश का पालन नहीं करने वाले स्कूल और उनसे संबंधित संस्थाओं पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने किया सरेंडर

● सात उग्रवादी मामलों में थे वांछित

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** डीआईजी नौशाद आलम की सतत निगरानी और झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के असर से एक और बड़ा नक्सली चेहरा मुख्यधारा में लौट आया है। बुधवार को झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने लातेहार पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर के समय उनकी पत्नी और परिजन भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर डीआईजी नौशाद आलम, एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर ने बैजनाथ सिंह का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया। डीआईजी ने इस मौके पर स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार और पुलिस दोनों ही उग्रवाद को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन जो उग्रवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है।

डीआईजी ने आत्मसमर्पण को एक सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा, "अब समय आ गया है कि बाकी उग्रवादी भी हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करें और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। सरकार की पुनर्वास नीति में हर जरूरी सहयोग और सुरक्षा की गारंटी है।" बैजनाथ सिंह पहले भाकपा (माओवादी) संगठन से जुड़े हुए थे और वर्ष 2020 में उन्होंने नक्सली गतिविधियों की शुरुआत की थी। बाद में वर्ष 2021 में उन्होंने जेजेएमपी का दामन थामा और संगठन के सबजोनल कमांडर के रूप में काम करने लगे। पुलिस के अनुसार, उन पर बरवाडीह, हेरहंज, छिपादोहर, मनिका और लातेहार थाना क्षेत्रों में नक्सली वारदातों में शामिल होने के सात संगीन मामले दर्ज हैं।उनके पास से एके-47 जैसे अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किए जाने की भी पुष्टि हुई है, जिससे उनकी उग्रवादी गतिविधियों की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

शेष पेज 11 पर...

## नवाबाजार सीओ 30 हजार घूस लेते एसीबी के हाथों गिरफ्तार

● अंचल कार्यालय में दलालों का दबदबा, भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया था दफ्तर

**नवाबाजार।** बुधवार शाम पलामू एसीबी की टीम ने नवाबाजार अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब सीओ एक जमीन के म्यूटेशन मामले में रिश्वत ले रहे थे। एसीबी की इस कार्रवाई से पूरे जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार, नवाबाजार के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व ईटको पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार उर्फ दीपक गुप्ता से एक जमीन के म्यूटेशन के बदले सीओ शैलेश कुमार ने 30 हजार रुपये की मांग की थी। दीपक गुप्ता ने इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में की थी। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया गया और आरोपी अधिकारी को रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने आरोपी अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नवाबाजार अंचल कार्यालय लंबे समय से दलालों का गढ़ बना हुआ था, जहां एक दर्जन से अधिक दलाल कार्यालय परिसर में सक्रिय रहते थे। ये दलाल कार्यालय आने वाले लोगों से पैसा वसूल कर काम करवाने का भरोसा देते थे और अपनी कमीशन काट कर शेष राशि अंचलाधिकारी तक पहुंचाते थे। स्थानीय लोग इन गतिविधियों से काफी समय से परेशान थे। इस कार्रवाई के बाद लोग इसे भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनप्रतिरोध की एक बड़ी सफलता मान रहे हैं।



### अब तक चार अधिकारी-कर्मी एसीबी के जाल में फंसे

**नवाबाजार।** नवाबाजार प्रखंड भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार सुर्खियों में रहा है। अंचलाधिकारी शैलेश कुमार की गिरफ्तारी से पहले भी एसीबी यहां तीन अन्य लोगों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर चुकी है। 11 जुलाई 2018 को पहली कार्रवाई पंचायत सेवक नंद किशोर राम पर हुई थी। शेष पेज 11 पर...

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा एचसीएल टेक के बीच हुआ एमओयू

# युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने को सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

● बेहतर करियर निर्माण के लिए नई पीढ़ी को रास्ता दिखाने का प्रयास निरंतर जारी

● इस पहल से युवाओं को उज्ज्वल भविष्य के सपने साकार करने के मौके मिलेंगे

**नवीन मेल डेस्क**



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को कहा कि राज्य की युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में करियर निर्माण के लिए नई पीढ़ी को रास्ता दिखाने एवं नया आयाम जोड़ने का प्रयास निरंतर जारी है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम 'टेक बी' के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर एक बड़ा कदम है। सीएम सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम 'टेक बी' के लिए आयोजित एमओयू कार्यक्रम में ये बातें कही।

उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 12वीं कक्षा के बाद से ही झारखंड के विद्यार्थियों को आईटी सेक्टर से जोड़ने की दिशा में एचसीएल के 'टेक बी' कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के साथ जॉब उपलब्ध कराने के लिए अगर कोई कंपनी या संस्थान पहल करती है, तो उसे राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चे -बच्चियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रही है।

शेष पेज 11 पर...

### राज्य के बच्चे-बच्चियों में प्रतिभा और हुनर की कोई कमी नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चे -बच्चियों में प्रतिभा और हुनर की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि इन्हें कैसे सही रास्ता दिखाया जाए, ताकि वे आगे बढ़ सकें। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से यहां की नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने के साथ कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार करती आ रही है।

### गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लें

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई है। चाहे आप इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहते हों, या मैनेजमेंट अथवा कोई और कोर्स, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिना किसी गारंटी के आपको 15 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध होगा। सरकार की ओर से आप सभी को हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा।

## मॉनसून ने झारखंड के सभी जिलों को किया कवर

# रांची सहित राज्य के 6 जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट




● धनबाद सहित सात जिलों में हुई जबर्दस्त वर्षा

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में बुधवार को भारी बारिश से आम जन-जीवन प्रभावित रहा। रांची सहित झारखंड के कई जिलों में बुधवार की सुबह से ही भारी बारिश हुई, जो देर रात तक जारी रही। ज्ञात हो कि दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून झारखंड के सभी जिलों को कवर कर चुका है। इसकी वजह से पूरे राज्य भर में अच्छी बारिश हो रही है। इधर, मौसम विभाग ने राज्य के 13 जिलों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार (18 जून) और गुरुवार (19 जून) को झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। 18 जून के लिए राज्य के धनबाद, दुमका, जामताड़ा, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो और रामगढ़ जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया था और इन जिलों में ज्यादातर जगहों पर भारी बारिश हुई। वहीं, 19 जून को रांची, रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 20 जून (शुक्रवार) को भी पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। इसके साथ ही हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, दुमका और कोडरमा जिले में भी कहीं-कहीं भारी बारिश होने की सम्भावना है। इसके अलावा, 21 जून को गढ़वा, चतरा, पलामू, देवघर, दुमका और जामताड़ा में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। बुधवार को रांची में न्यूनतम तापमान 22.8 और अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मेदिनीनगर में न्यूनतम तापमान 24.6 तथा अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## आज / कल




## जेएसएससी सीजीएल के रिजल्ट पर हाईकोर्ट ने रोक बरकरार रखी

● राज्य सरकार ने बहस के लिए अतिरिक्त समय की मांग की

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को वर्ष 2024 में आयोजित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर रोक बरकरार रखी। कोर्ट ने इस परीक्षा में गड़बड़ियों की सीबीआई जांच कराने की मांग वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बहस के लिए अतिरिक्त समय की मांग की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस याचिका पर अगली सुनवाई 26 जून को निर्धारित की गई है। इस मामले में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया था कि मामले में सीआईडी की जांच जारी है। परीक्षा के पेपर लीक का अब तक कोई साक्ष्य नहीं मिला है। अनुसंधान की प्रक्रिया एक माह में पूरी कर ली जाने की उम्मीद है। राज्य सरकार की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि था कि परीक्षा का पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर कई अभ्यर्थियों से पैसा वसूलने वाले आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया है। बुधवार को जनहित याचिका पर अदालत में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश के अलावा जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की। ज्ञात हो कि करीब दो हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर, 2024 को राज्य भर के 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। शेष पेज 11 पर...

## भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

● क्वाड समिट के लिए प्रधानमंत्री मोदी के न्योते को स्वीकार किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द भारत दौरे पर आएंगे। क्वाड समिट के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत के दौरान न्योते को स्वीकार कर लिया है। बुधवार को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इसकी जानकारी दी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 35 मिनट की बातचीत में कई विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के संबंध में दोनों नेताओं ने अपने विचार साझा किए। दोनों ने इस क्षेत्र में क्वाड की अहम भूमिका के प्रति समर्थन जताया। विदेश सचिव के मुताबिक, क्वाड की अगली बैठक के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

ज्ञात हो कि क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष भारत में होना है। क्वाड चार देशों का एक ग्रुप है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। इस संगठन को चार देशों ने समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के मकसद से बनाया।

विदेश सचिव ने जानकारी दी कि कनाडा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात होनी तय थी, लेकिन ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिस कारण मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर दोनों नेताओं के बीच फोन पर 35 मिनट बात हुई।

शेष पेज 11 पर...

# मोदी सरकार के 11 साल : विकास, विश्वास व बदलाव की गाथा

**वीडी राम**

**मो**दी सरकार के 11 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पूरी होने पर मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि मैं भी इस परिवर्तनकारी दौर का सिपाही बनकर आरंभ से ही इसका हिस्सा रहा हूं। यह सरकार लगातार गरीबों, किसानों, निम्न मध्यम वर्ग और आम नागरिकों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने के प्रयास में जुटी रही है और उसी मार्ग पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। आज भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा चुका है और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह विकसित भारत की ओर एक निर्णायक यात्रा है। गरीबों और हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में केंद्र सरकार की योजनाओं ने क्रांतिकारी बदलाव लाया है। जब मैं अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों से संवाद करता हूं, तो वे बताते हैं कि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में किस तरह बदलाव आए हैं।

पीएम जनधन योजना का उदाहरण लें, तो यह योजना 55 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने में सफल रही, जिनमें से अधिकतर ने जीवन में पहली बार बैंक खाता खोला। इस योजना ने यह सुनिश्चित किया कि सरकारी सहायता सीधे लाभार्थियों तक बिना किसी बिचौलिए के पहुंचे। आज देश के 80 प्रतिशत वयस्कों के पास बैंक खाता है, और लगभग 6 लाख गांवों में 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग सेवा उपलब्ध है। डिजिटल लेनदेन आज गांवों में भी आम हो चुका है। वहीं, मुद्रा योजना के तहत सरकार ने करोड़ों लोगों को स्वरोजगार हेतु ऋण मुहैया कराया। 2025 के वित्तीय वर्ष में मुद्रा ऋण का औसत आकार एक लाख रुपये से अधिक हो गया, जबकि 2016 में यह 38 हजार रुपये था।

आयुष्मान भारत योजना भी एक मील का पत्थर साबित हुई है, जिसके तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को हर साल पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना में अब 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग भी शामिल हैं। 1.76 लाख से अधिक 'आरोग्य मंदिर' (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) इस योजना के अंतर्गत खोले जा चुके हैं। जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता से गरीबों को बड़ी राहत मिली है।



**वीडी राम**
**सांसद, पलामू**

पीएम आवास योजना ने करोड़ों गरीबों का पक्का मकान बनाने का सपना साकार किया है। अब तक चार करोड़ से अधिक परिवार इस योजना का लाभ ले चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत पर कुछ लोगों ने इसे लेकर शंका प्रकट की थी, लेकिन यह मिशन ग्रामीण भारत के जीवन की दिशा बदलने वाला साबित हुआ। आंकड़ों के अनुसार 2023 तक 11 करोड़ से अधिक शौचालय बन चुके हैं, जिससे माताओं और बहनों को खुले में शौच जैसी पीढ़ियों पुरानी समस्या से मुक्ति मिली है।

उज्ज्वला योजना के तहत अब तक 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं। इससे महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत मिली और घरेलू प्रदूषण भी घटा है। वहीं, जल जीवन मिशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी है। मोदी सरकार ने शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण में निरंतर ध्यान दिया है। आज देश में सुंदर एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और सुदृढ़ ग्रामीण सड़कें तैयार हो चुकी हैं। अगर कोई गांवों का भ्रमण करे, तो बदलाव साफ नजर आता है।

मैं अपने पलामू संसदीय क्षेत्र की बात करूं तो यह देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता रहा है, परंतु केंद्र सरकार की योजनाओं को यहां भी सफलतापूर्वक लागू किया गया है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 50,000 करोड़ की राशि केंद्र से प्राप्त हुई, जिससे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल आपूर्ति के क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम हुआ है।

मोदी सरकार ने न्याय व्यवस्था में भी ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर नए भारतीय न्याय संहिता कानून लागू किए गए हैं। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से प्रतिस्थापित किया गया है। 1 जुलाई 2024 से लागू हुए इन कानूनों का उद्देश्य न्यायिक प्रक्रिया को आधुनिक, सरल और नागरिक केंद्रित बनाना है। बीएनएस में 533 धाराएं संशोधित की गई हैं, 133 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 को हटाया गया है। राजद्रोह की औपनिवेशिक धारा आईपीसी 124ए को समाप्त कर नई धारा 150 लायी गई है, जो देश की एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्यों को दंडित करती है। मॉब लिंचिंग को घृणित अपराध मानते हुए फांसी तक की सजा का प्रावधान किया गया है। नाबालिगों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या आजीवन कारावास का प्रावधान जोड़ा गया है। शेष पेज 11 पर...

## हिंद के प्रहरियों के जज्बे को सलाम

**प**हलगाम की सुंदर वादियों में आतंकियों ने जहर घोला, चारों ओर भयावह माहौल बनाया, धर्म पूछ कर सुहागिनों का श्रृंगार मिटाया। भारत की तीनों सेनाओं (थल, वायु और नौसेना) ने 7 मई, 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से आतंकवादियों के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर सशक्त रूप में प्रदर्शित किया। मां भारती के बेटों ने अपनी वीरता और शौर्य दिखाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' यह नाम उन नवविवाहिताओं को ध्यान में रख कर चुना गया था, जिनका सिंदूर आतंकियों ने उजाड़ा था। भारत के शूरवीर जवानों ने यह बतलाया है कि भारत अपने हर बलिदान को याद रखता है। मां भारती के चरणों में और पहलगाम हमले की विधवाओं के प्रति देश के जांबाज जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान देकर जो श्रद्धांजलि अर्पित किया है, उसे शत-शत नमन। शहीदों का बलिदान हमें प्रेरित करता है कि हमें अपने देश के सम्मान के लिए हर मुश्किल से लड़ना है। देश के बहादुर जवानों आपकी इस बलिदान को, भारत सदैव याद ही नहीं रखेगा, बल्कि इसका उचित सम्मान और प्रतिदान भी करेगा। मेरे भारत के वीर सपूतों तुमको शत-शत नमन है। **जय हिंद, जय भारत।**

राष्ट्रीय नवीन मेल




**लक्ष्मी सिंह 'रूबी'**

## किशुनडीह जाने वाली कच्ची सड़क पर जलजमाव, ग्रामीणों का आवागमन बाधित

**मोहम्मदगंज।** किशुनडीह टोला तक जाने वाली करीब 200 मीटर कच्ची सड़क पर बुधवार को बारिश के बाद भारी जलजमाव हो गया, जिससे ग्रामीणों का आना-जाना बेहद मुश्किल हो गया है। यह रास्ता पदारथडीह, करडंडा, राजनडीह, नदीपर आदि गांवों को बाजार व श्मशान से जोड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वर्षों से अनुरोध करने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हुआ है, जिससे थोड़ी सी बारिश में ही कीचड़ व जलजमाव के कारण आवागमन ठप हो जाता है। यह स्थिति क्षेत्र के विकास की असल तस्वीर उजागर करती है।

# अवैध भंडारण का खुलासा 30 हजार सीएफटी बालू जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** एनजीटी की रोक के बावजूद चैनपुर और आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का परिचालन जारी है। बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर जिला खनन निरीक्षक शुभम कुमार ने चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांवा पंचायत में तीन अलग अलग जगह पर छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारण किये गये 30 हजार सीएफटी बालू को जब्त किया गया है। हालांकि



अवैध रूप से बालू भंडारण करने वाले की जानकारी नहीं मिली। वहीं जिला खनन निरीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थीं कि भड़गांवा पंचायत के चट्टीपार, पिंडरा, कुरका में बालू तीन जगहों पर भंडारण पाया। बालू की मापी करायी गयी। मापी के बाद बालू का कुल 30 हजार सीएफटी स्टॉक पाया गया।बालू को जब्त कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई खनन विभाग द्वारा की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है साथ ही उन्होंने बताया कि जब्त किये गये बालू के भंडारण का नीलामी किया जायेगा।

## एलटी तार की चपेट में आकर चार मवेशियों की मौत, 50 हजार से अधिक का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बेहद लापरवाही भरे घटनाक्रम में बुधवार को बेनिकला पंचायत अंतर्गत जपला-पथरा मुख्य मार्ग किनारे 440 वोल्ट के टूटे एलटी तार की चपेट में आकर चार मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। पशुपालकों को 50 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। मृत गायें असरेश राम, भरदुल पासवान, रामाशीष यादव और अहमद मियां की बताई गई हैं। पंचायत के मुखिया श्रवण राम ने बताया कि घटना की जानकारी के लिए बिजली विभाग से संपर्क किया गया लेकिन सभी अधिकारियों के फोन बंद मिले। चारों मवेशियों को एक ही स्थान पर दफना दिया गया है। पीड़ितों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।



## बाइक के साथ निकला किशोर हुआ लापता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के उपरी खुर्द गांव निवासी जगदीश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में अपने 14 वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ कुमार सिंह उर्फ आयुष कुमार सिंह के लापता होने से संबंधित हुसैनाबाद थाना में सूचना दी है। उन्होंने दिये गये आवेदन में कहा है कि उनका पुत्र मंगलवार को किसी को कुछ बताये व बोले ही कहीं चला गया है। अपने रीश्तेदार व आसपास काफी खोजबीन की। परंतु कुछ भी पता नहीं चल सका हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई जानकारी मिलती है तो सूचना दे सकते हैं। या थाना को सूचना दे सकते हैं,वह हरा शर्ट,काला पैंट पहने हुए है। और काला रंग का हीरो होंडा बाइक से निकला है।

## जल स्वच्छता समिति की बैठक में कचरा प्रबंधन और माहवारी स्वच्छता पर विशेष जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत बुधवार को प्रखंड जल स्वच्छता समिति की बैठक प्रमुख कलावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के ओडीएफ प्लस गांवों को मॉडल श्रेणी में लाने पर विचार हुआ। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने जलसहियाओं, सीआरपी व पंचायत सेवकों से ठोस व तरल कचरे के नियमित प्रबंधन और माहवारी स्वच्छता को अभियान का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार ने प्लास्टिक कचरे से होने वाले खतरे और सिंगल यूज पॉलीथिन पर रोक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आजीविका मिशन की दीदियां, किशोरी बालिकाएं और पंचायत प्रतिनिधियों की सहभागिता से माहवारी स्वच्छता पर बेहतर कार्य हो रहा है।

# मईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी: पुरुष उठा रहा था लाभ

**सौरभ कुमार बना 'सौरभ कुमारी', कई महीनों से ले रहा था योजना की राशि**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से संचालित ₹मईयां सम्मान योजना₹ में पांकी प्रखंड से बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यहां एक 25 वर्षीय युवक सौरभ कुमार ने अपना नाम ह्यसौरभ कुमारीह्न दर्ज कराकर योजना की राशि कई महीनों से ले रहा था। पत्रकारों की



जांच के दौरान खुलासा हुआ कि वह पांकी पूर्वी पंचायत निवासी केदार साव का पुत्र है। इस पर जब पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह से जानकारी ली गई, तो उन्होंने पुष्टि की कि मामला संज्ञान में आया है और जांच के उपरांत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि युवक ने स्वयं योजना की राशि लौटाने और नाम हटाने का आवेदन भी दे दिया है। इस घटना के बाद प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश पांडे, उपप्रमुख अमित चौहान, पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसी घटनाएं जरूरतमंदों का हक छीनने वाली हैं और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पानी फेरने का काम कर रही हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है।

## योग दिवस पर रहमानिया प्लस टू विद्यालय में होगा योगाभ्यास कार्यक्रम

**छात्रों, अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों को किया गया आमंत्रित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मोहम्मदगंज प्रखंड के राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय, तारा में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेशानुसार यह कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6:30 से 7:45 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इसमें विद्यालय के वर्तमान व पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पदाधिकारी व सदस्य आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानाध्यापक ने सभी से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## शहर में बरसात की पहली वर्षा में जल -जमाव व सफाई का एसडीओ ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बरसात की पहली वर्षा का मौसम में ही शहर में गंदगी की शिकायत पर हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो ने शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। वे हुसैनाबाद शहर के पटेल चौक, अम्बेडकर चौक, सब्जी बाजार, गांधी चौक व मधुशाला रोड का निरीक्षण के दौरान सभी नालियों में गंदगी देखकर तत्काल नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंश को निर्देश दिया कि शहर के सब्जी बाजार, अम्बेडकर चौक, गांधी चौक से मधुशाला रोड व पटेल चौक की तरफ जाने वाली प्रमुख नालियों की तत्काल विधिवत सफाई कराएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य वर्षा होने के पहले सफाई शुरू होना चाहिए था। अगर बरसात में जल जमाव हुआ, तो जबाबदेही नगर प्रशासन की होगी। सफाई सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्थल शहर का मुख्य स्थल हैं। हर हाल में सफाई की विधिवत व्यवस्था होनी चाहिए। एसडीओ ने अम्बेडकर चौक के कई दुकानदारों का प्रत्येक वर्ष भारी जल जमाव से नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि रुद्रा होटल के पास बन्द नाली से दुकान में पानी घुसने व लाखो की होने वाली नुकसान की शिकायत भी मिली है। एसडीओ ने दुकानदारों को भरोसा दिलाया की इसे हर हाल मे पूरा करा दिया जायेगा। इस मामले में दुकानदारों ने भी जल जमाव की शिकायत की थी।इस मौके पर नगर पंचायत के कर्मचारी व व्यवसाई मौजूद थे।

### बरसात के दिनों में लगातार होती है सड़क पर गंदे जलजमाव को लेकर झड़प



**हैदरनगर।** बाजार क्षेत्र और हैदरनगर शहर की सुंदरीकरण कराने के नाम पर कई स्तर के प्रतिनिधियों बड़ी बड़ी डींग हांकते आए है। उन्हें वर्तमान में बरसात के चालू मौसम में इन क्षेत्रों में हालातों को देखने की जरुरत है। बाजार, शहरी क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं में नाली, गली, बिजली, पानी दुरुस्त मिलने का मुद्दा सुर्खियों में रहा है। इसे पंचायती राज के दो कार्यकालों में भी निदान नहीं किया जा सका। हैदरनगर शहर के बैंक रोड, जवाहर पथ में शाम चार बजे शुरू मूसलाधार बारिश ने तो उनके विकास की सारी पोल खोली है। जहां हर साल आवर्ती रुप में घरेलू नाली के बाहर आते ही समुचित जल की निकासी नहीं होना और सफाई की कमी से गंदे जलजमाव से सड़कों पर उफान आ जाता है। यह हालात उत्पन्न होने पर मुहल्ले के लोग आपस में ही उलझकर एक दूसरे पर नाली में कचरे डालने का दोषारोपण कर मारपीट तक उतारू हो जाते हैं। हालांकि हैदरनगर बाजार या शहर तक ही सीमित नहीं, बल्कि प्रखंड मुख्य मुख्यालय होने का दंभ भरता है। वहीं यह इलाका हैदरनगर पूर्वी पंचायत का दर्जा भी समेटे है। इसके बावजूद इस मुख्यालय और पंचायत के नारकीय स्थिति से आज तक उबारने में किसी भी स्तर के प्रतिनिधि, प्रशासन और सरकार अन्य रहनुमा सफल नहीं रहे। यह विडंबना ही है कि मामूली बरसात के पानी गिरते ही आम लोगों को शहर के किसी भी मुहल्ले में चलना दूभर हो जाता है।

### महुअरी पंचायत की मुखिया ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

**हुसैनाबाद।** प्रखंड अंतर्गत महुअरी पंचायत के झरहा टोला के चिरैयाखाड़ में शिव स्थान नदी के तट पर पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी ने छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने नारियल फोड़कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि छठ घाट का निर्माण होने से स्थानीय लोगों को छठ पूजा के दौरान घाट का उपयोग करने में आसानी होगी।उन्होंने कहा कि इस छठ घाट के निर्माण से स्थानीय छठ व्रतियों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह छठ घाट स्थानीय लोगों की एक प्रमुख मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। यह शिलान्यास महुअरि पंचायत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो स्थानीय लोगों को छठ पूजा के दौरान एक बेहतर सुविधा प्रदान करेगा ।उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पंचायत क्षेत्र से जुड़े सभी गांव व कस्बों में विकास कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान ,सुधीर कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, फोटो यादव ललन रजवार समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएनवी कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा 2026-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**पलामू के 11 प्रखंडों के छात्र होंगे शामिलः प्राचार्य अशहर रूमी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन संचालित जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में जपला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय (पलामू-2) के प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि विद्यालय में प्रवेश के लिए (cbseitms.rcil.gov.in ) वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय के अंतर्गत पलामू जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, ऊंटारी, पांडू, विश्रामपुर, नवाबाजार, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पिपरा और हरिहरगंज प्रखंड शामिल हैं। यहां के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे कक्षा 5 के छात्र-छात्राएं इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि आवेदनकर्ता की जन्मतिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है, जबकि परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने प्रधानाध्यापकों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में मेधावी छात्रों को नामांकन हेतु पंजीकरण कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सीटों की संख्या दोगुनी की गई है, जिससे अब प्रत्येक सत्र में 80 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### मॉनसून की पहली बारिश में ही काशीस्त्रोत नदी उफनाई

मोहम्मदगंज। मॉनसून की पहली बारिश में ही पहाड़ी नदियों में सबसे चर्चित कोयल की सहायक काशीस्त्रोत में बुधवार की शाम बाढ आ गई। इससे निहारने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों की मानें, तो कई वर्षों बाद मॉनसून की पहली झमाझम बारिश में नदी उफनाई है। इससे अतिक्रमण के कारण सिमटती-सिकुड़ती चली गई नदी का दायरा भी सामने आ गया। इस नदी के उफनाने से कोयल में भी बाढ की संभावना बढ गई है।

# नवजीवन अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग



**भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने डीसी को सौंपा आवेदन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** पलामू जिला के सतबरवा प्रखंड अंतर्गत नवजीवन अस्पताल, तुम्बागाड़ा को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग उठी है। बुधवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने उपायुक्त समीरा एस से मुलाकात कर उन्हें राजा मेदिनीराय स्मृति चिन्ह भेंट किया और इस संबंध में आवेदन सौंपा। सिंह ने बताया कि यह अस्पताल सतबरवा-रांची मुख्य मार्ग पर स्थित है और आमजनों के बीच में विश्वास के साथ बेहतर व सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रहा है। यहां पलामू, लातेहार, गढ़वा सहित बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल को आयुष्मान योजना से जोड़ना गरीबों के लिए वरदान साबित होगा, जिससे गरीब व्यक्ति भी मुफ्त इलाज पाकर स्वस्थ और सशक्त बन सकेगा। इस अवसर पर हृदय सिंह, पप्पू सिंह, राजा मलिकचंद सिंह, हेमंत सिंह और नीतिश सिंह भी मौजूद रहे।

# मॉनसून की पहली झमाझम बारिश से खेतों में भरा पानी वर्षों बाद टांड़ भूमि पर भदई फसलों की बोआई की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मॉनसून की पहली मूसलधार बारिश ने इलाके के किसानों के चेहरे पर वर्षों बाद उम्मीदों की रौनक लौटा दी है। बुधवार को हुई घंटों की बारिश से टांड़ भूमि पर अरहर, मक्का, तिल, मूंगफली जैसी भदई फसलों की बोआई की संभावना प्रबल हुई है। किसान सह पूर्व मुखिया पंचम खान ने बताया कि बारिश लगभग समय पर हुई है, जिससे लंबे समय से सूनी पड़ी भूमि पर फसलें लहलहाने की उम्मीद बंधी है। किसानों का कहना है कि थोड़ी और बारिश हो जाए तो धान का बिचड़ा डालने का कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। आर्द्रा नक्षत्र से पूर्व यह बारिश खरीफ फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है।



पशुपालकों के लिए भी राहत की खबर है, क्योंकि सूखे चारे की समस्या समाप्त हो जाएगी। जलस्तर में भी वृद्धि की संभावना है, जिससे वन्य प्राणियों के लिए भी पेयजल उपलब्ध हो पाएगा। मौसम की चाल देखकर आगामी अच्छी बारिश की उम्मीद की जा रही है।

### सेवानिवृत शिक्षक की माता का निधन, लोगों ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** सेवानिवृत्त शिक्षक अंगद प्रसाद के वृद्ध माता देवमानी देवी (93 )वर्ष की आकस्मिक निधन पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की पलामू व हुसैनाबाद इकाई ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही बुधवार को देवरी मुक्ति धाम पर दाहसंस्कार मे भी शामिल हुए। शोकाकुल परिजनों को ढ़ाढंस बंधाने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ पलामू के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे ,संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय ने जिला मुख्यालय से 80 किमी. की दूरी तय कर दाह संस्कार स्थल देवरी सोन नदी पहुंचे। अजाप्टा के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के अनुज विनय कुमार सिंह यादव, समाजसेवी भोला विश्वकर्मा, उदय विश्वकर्मा, संस्थापक सदस्यों में विनोद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, कन्हैया प्रसाद, सुरेन्द्र राम, रंजीत कुमार, शकील अहमद, अवधेश पासवान,विनोद पासवान, विकास कुमार, विरेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए ।

### नशा मुक्ति अभियान हुआ तेज, प्रभात फेरी से जागरूकता का संचार

**मोहम्मदगंज।** जेएसएलपीएस द्वारा राज्य सरकार के निर्देशों के अनुपालन में मोहम्मदगंज प्रखंड के कोसीआरा सीएलएफ क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। बीडीओ रणवीर कुमार और बीपीएम भूपेश कुमार के मार्गदर्शन में महिलाओं की आजीविका और नशा उन्मूलन को लेकर बैठक व प्रभात फेरी आयोजित की गई। प्रभात फेरी में सखी मंडल की दर्जनों महिलाएं, जेंडर सीआरपी, जेआरपी, एलएच बीआरपी आदि शामिल रहे। नुक्कड़ नाटक, गीत, शपथ पत्र और जागरूकता कार्यक्रमों के जरिये गांवों में शराबबंदी, तंबाकू-मुक्ति जैसे विषयों पर जनजागरूकता लाई जा रही है।

**प्रगति**

**पलामू की शिवानी गिरी ने ईडब्ल्यूएस कैटेगरी में हासिल की 1073वीं रैंक**

# नीट में सफलता पाई, अब गरीबी से संघर्ष की कहानी बन रही प्रेरणा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की एक होनहार बेटी ने ऐसा कमाल कर दिखाया है, जो न केवल गर्व का विषय है बल्कि उसके संघर्ष की कहानी आंखें नम भी कर देती है। तरहसी प्रखंड के श्रीकेदाल गांव की रहने वाली शिवानी गिरी ने बिना किसी कोचिंग के सिर्फ आत्मनिर्भर पढ़ाई के बल पर नीट परीक्षा पास की है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में 1073वीं रैंक प्राप्त कर शिवानी ने अपने परिवार के साथ-साथ पूरे पलामू जिले का नाम रोशन किया है। लेकिन शिवानी की इस सफलता के पीछे संघर्षों की लंबी दास्तान छिपी है। जब आप उसकी कहानी सुनेंगे तो यही कहेंगे कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अब भी कई परिवारों के लिए सिर्फ एक नारा बनकर रह गया है। आर्थिक तंगी के कारण शिवानी को कोचिंग की सुविधा नहीं मिल सकी। उसके पिता के पास इतने संसाधन नहीं थे कि वे मोटी फीस देकर किसी कोचिंग संस्थान में उसका दाखिला करवा सकें। शिवानी आज भी वह दिन याद कर फफक पड़ती है, जब उसके पिता ने मकान मालिक से एक अतिरिक्त रूम में चूल्हा रखने की अनुमति मांगी थी और उन्हें तिरस्कार भरा उत्तर मिला था। उसी दिन शिवानी ने ठान लिया था कि वह अपनी मेहनत से न केवल अपने पिता को एक कमरा, बल्कि पूरा घर दिलाकर रहेगी।

### परिवार बना प्रेरणा, संघर्ष बना संबल

शिवानी अपनी सफलता का श्रेय पूरे परिवार को देती है। उसके पिता सुनील गिरी ने वर्षों तक बाहर रहकर कमाया, मां ने भी कुछ समय तक मजदूरी की, और यहां तक कि उसके भाई ने बर्तन तक धोने में कोई शर्म नहीं की। पूरे परिवार की आंखों में शिवानी के डॉक्टर बनने का सपना था, और शिवानी ने उस सपने को साकार कर दिखाया। शिवानी को यह मलाल जरूर है कि यदि वह कोटा जाकर तैयारी कर पाती, तो और बेहतर कर सकती थी। लेकिन आज वह संतुष्ट है कि बिना किसी संसाधन और बड़े मार्गदर्शन के उसने अपनी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है, जिससे उसका आत्मबल कई गुना बढ़ गया है। अब शिवानी एमबीबीएस के बाद एक कुशल स्त्री रोग विशेषज्ञ (गाइनेकोलॉजिस्ट) बनना चाहती है। अपनी मां की बीमारी के समय डॉक्टरों के चक्कर काटते हुए वह यह समझ चुकी है कि महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा कितना जरूरी है। वह चाहती है कि अपने क्षेत्र की महिलाओं को वह सेवा दे, जो उन्हें आज तक नहीं मिल पाई।

### त्याग की मिसाल बना परिवार

शिवानी की मां को अपनी बेटी की उपलब्धि पर गर्व है, लेकिन उनकी आंखें नम हो जाती हैं जब वह अपने पति के त्याग की बात करती हैं। वे बताती हैं कि विशेष पर्व-त्योहारों पर भी उनके पति ने छुट्टी नहीं ली, बल्कि ओवरटाइम करके पैसे बचाए ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न आए। शिवानी की मां बताती हैं कि वह कभी-कभी इस कदर पढ़ाई में डूब जाती थी कि खाना भी बगल में पड़ा रह जाता और रात के एक-एक बजे तक जागती रहती। उसके सिर पर सिर्फ एक जुनून सवार था झ्र कुछ बनना है, और परिवार व समाज की हालत को बदलना है।

## स्टेशन पर अधूरी यात्री सुविधाएं, शेड और ओवरब्रिज निर्माण में हो रही देरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अमृत भारत योजना के तहत आधुनिकीकरण के बावजूद मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं अधूरी हैं। प्लेटफॉर्म पर शेड निर्माण अबतक नहीं हुआ है, जिससे यात्रियों को तेज धूप और बारिश में खासी परेशानी हो रही है। फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी धीमी गति से हो रहा है। यात्रियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए रेल विभाग से शीघ्र शेड, पेयजल व शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन सीमावर्ती बिहार और झारखंड के दर्जनों गांवों के लिए रेल सुविधा का मुख्य केंद्र है, परंतु मूलभूत सुविधाओं की कमी से आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## मानसून की बारिश से पलामू को राहत, 21 जून तक भारी वर्षा की संभावना

- तापमान में नौ डिग्री की गिरावट, जलजमाव से लोगों को परेशानी

**मेदिनीनगर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होते ही पलामू जिले में लगातार बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। बुधवार को पूरे दिन रुक-रुक कर बारिश होती रही, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई। मंगलवार को जहां महज 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी, वहीं बुधवार को यह आंकड़ा 3 मिमी तक पहुंच गया। तीन दिनों में तापमान में करीब नौ डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस था, जो बुधवार को घटकर 29.3 डिग्री सेल्सियस रह गया। बारिश से गर्मी और उमस से राहत तो मिली लेकिन स्कूल जाने वाले छात्रों और ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने 21 जून तक पलामू सहित झारखंड के अन्य हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस साल भी अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है।

### पंचायतों में मजबूत इंटरनेट नेटवर्क की पहल

# उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट सुविधा अनिवार्य करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में पंचायत स्तर पर डिजिटल व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में डीईजीएस, ई-ऑफिस, यूआईडीएआई, एनआईसी एवं आधार से जुड़ी महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने एक-एक कर सभी विभागीय प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया।




बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पंचायत भवन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत भवन में वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) की उपस्थिति अनिवार्य हो।

बैठक में आधार नामांकन एवं अद्यतन की प्रगति पर विशेष चर्चा हुई। उपायुक्त ने नीलांबर-पीतांबरपुर व हैदरनगर प्रखंड में आधार अद्यतन की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और यूआईडीएआई के डीपीओ को पीवीटीजी समूह का 100% आधार कवरेज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में झारनेट कनेक्टिविटी के तहत ब्लॉक स्तर पर वीसी रूम की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें नवाबाजार ब्लॉक में कैमरा फॉल्ट की बात सामने आई। उपायुक्त ने रामगढ़ ब्लॉक में शीघ्र वीसी रूम की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इसके साथ ही उपायुक्त ने जिले में कार्यरत निष्क्रिय सीएसपी संचालकों को पुनः प्रशिक्षण देकर सक्रिय करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने झारसेवा के तहत जारी प्रमाणपत्रों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया, ताकि सरकारी भर्तियों में युवाओं को समय पर प्रमाणपत्र मिल सके।

### राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का बड़ा असर

# डाकघर में अवैध वसूली पर कड़ी कार्रवाई

- दोषी डाककर्मी हटाए गए, पोस्टल ऑर्डर दर सूची अनिवार्य रूप से चिपकाई गई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्य डाकघर, मेदिनीनगर में पोस्टल ऑर्डर खरीदने के नाम पर अभ्यर्थियों से मनमानी वसूली के मामले में राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में प्रकाशित खबर का त्वरित असर देखने को मिला है। पोस्ट मास्टर रूपेश कुमार वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित डाककर्मी पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से पोस्टल ऑर्डर काउंटर से हटा दिया है।



खबर प्रकाशित होने के बाद डाक विभाग ने कार्रवाई करते हुए पोस्टल ऑर्डर बिक्री काउंटर पर दर सूची भी चस्पा करवा दी है ताकि कोई भी डाककर्मी अभ्यर्थियों से अतिरिक्त पैसे न वसूल सके। पोस्ट मास्टर ने स्पष्ट किया कि अगर कोई भी कर्मचारी निर्धारित दर से अधिक राशि मांगता है तो अभ्यर्थी सीधे उनसे शिकायत करें, दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए नया काउंटर :** पोस्ट मास्टर रूपेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि गुरुवार से पोस्टल ऑर्डर बिक्री के लिए एक अतिरिक्त काउंटर की शुरुआत की जाएगी ताकि अभ्यर्थियों को भीड़ से राहत मिल सके। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि वे पोस्टल ऑर्डर की तय दर से अधिक राशि हरगिज न चुकाएं और खरीद के समय पर्याप्त खुदरा पैसे लेकर आएं, ताकि खुले पैसे को लेकर कोई समस्या न हो।

**निर्धारित दरें स्पष्ट :** पोस्ट मास्टर ने बताया कि चतुर्थ वर्गीय बहाली हेतु आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को 125 रुपए का पोस्टल ऑर्डर खरीदना है, जिसके लिए कुल 143 रुपए देना निर्धारित है। वहीं, अनारक्षित वर्ग के लिए 250 रुपए के पोस्टल ऑर्डर हेतु कुल 286 रुपए लिए जाएंगे। इससे अधिक राशि देना गलत है।

**अखबार की खबर ने खोली पोल :** गौरतलब है कि मंगलवार को राष्ट्रीय नवीन मेल में "पोस्टल ऑर्डर की आड़ में अवैध वसूली" शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी, जिसमें बताया गया था कि डाकघर में अभ्यर्थियों से निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। खबर प्रकाशित होते ही डाक विभाग हरकत में आया और त्वरित कार्रवाई की।

**पोस्ट मास्टर का सख्त संदेश :** पोस्ट मास्टर ने दो टूक कहा कि विभाग में किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपील की कि यदि कहीं भी कोई डाककर्मी निर्धारित दर से अधिक पैसे वसूलने का प्रयास करे तो वे बिना किसी संकोच के उनकी जानकारी में लाएं।

## नाबालिग छात्रा ने लगाई फांसी

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार तारा पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार को उसने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के अनुसार परिजनों ने शुरुआत में घटना की जानकारी नहीं दी थी, बाद में अन्य माध्यमों से सूचना मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेजा गया, जहां औपचारिक प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बटाने डैम योजना को पुनर्जीवित करने की दिशा में कदम तेज

- डीपीआर तैयार करने को लेकर सभी तकनीकी विभागों के समन्वय का निर्देश

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बटाने डैम से जुड़ी बहुप्रतीक्षित योजना को पुनर्जीवन देने की प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ चुकी है। उपायुक्त समीरा एस. की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय में बटाने रिवर इको सिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में बटाने डैम से बटाने बैराज और बटाने बैराज से झारखंड सीमा तक दो डीपीआर तैयार करने पर सहमति बनी। उपायुक्त ने वन विभाग, जल संसाधन, मनरेगा, माइनर एवं मेजर इरिगेशन के अभियंताओं को आपसी समन्वय से कार्य को गति देने का निर्देश दिया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत बहु-आयामी योजनाओं की सराहना की और कहा कि यह परियोजना जिले के जल प्रबंधन, सिंचाई और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण होगी। बैठक में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों को समय पर मुआवजा भुगतान करने पर भी बल दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला नियोजन कार्यालय में अभ्यर्थियों का सैलाब, घंटों कतार में खड़े हो रहे युवा

- चतुर्थ वर्गीय बहाली को लेकर निबंधन के लिए भारी भीड़, ऑनलाइन आवेदन की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में चतुर्थ वर्गीय बहाली को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। बुधवार को जिला नियोजन कार्यालय में निबंधन कराने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। विज्ञापन संख्या 01/2025 के तहत 585 पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होते ही अभ्यर्थी निबंधन के लिए घंटों कतार में खड़े रहे। बारिश के बीच भी अभ्यर्थी लाइन में डटे रहे, जिससे कई बार अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। कतार तोड़ने की कोशिश में हल्की नोक-झोंक की घटनाएं भी सामने आईं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई थी। अभ्यर्थियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। जिला नियोजन पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि प्रतिदिन करीब 1000 अभ्यर्थी निबंधन कराने पहुंच रहे हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से निबंधन कराने की अपील करते हुए कहा कि वे वेबसाइट पर भी रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। ऑनलाइन निबंधन से भीड़ और अनावश्यक खर्च से बचा जा सकता है।



## धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत सुदूर गांवों में लगे शिविर, ग्रामीणों को मिला लाभ

**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर पलामू जिले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के नौडीहा बाजार, मनातू और पाटन प्रखंड के सुदूर पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए, जहां अनुसूचित जनजाति एवं आदिम जनजाति के लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया। शिविरों में ग्रामीणों ने आधार अपडेट, आयुष्मान भारत रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड और अन्य प्रमाण पत्र से जुड़ी सेवाओं का लाभ उठाया। साथ ही कई लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से भी लाभान्वित किया गया।



## भारी बारिश से खड़ार टोला में कच्चा मकान गिरा, परिवार सुरक्षित



**आर्थिक सहायता की मांग, ग्रामीणों ने प्रशासन से की अपील**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली पंचायत के खड़ार टोला में बुधवार को लगातार बारिश के कारण महिन्द्र भुइयां का कच्चा मकान गिर गया। हादसे के समय परिवार घर में मौजूद था लेकिन सभी सुरक्षित बच गए। महिन्द्र भुइयां मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना के बाद उनके सामने रहने और जरूरतों को पूरा करने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा राहत योजना के तहत तत्काल आर्थिक सहायता और अस्थायी आवास की मांग की है।

# दो देसी कट्टों के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**◂◂ गुप्त सूचना पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, हथियार आपूर्ति में संलिप्तता स्वीकार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय पुलिस ने दो देशी कट्टों के साथ युवक अखिलेश चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया। बुधवार को एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर तिलदाग चौक के पास



छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी ने बताया कि बनपुरवा निवासी अरुण दुबे ने डेढ़ माह पूर्व उसे हथियार रखने के लिए दिए थे। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर दूसरा हथियार भी बरामद कर लिया। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, एसआई प्रदीप यादव, जनार्दन राउत, एएसआई अभिमन्यु कुमार सिंह, शमीम अंसारी सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

## सांप काटने से आठ वर्षीय बच्ची घायल

**▸ सदर अस्पताल में भर्ती, स्थिति खतरे से बाहर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के अशोक विहार गांव निवासी दिलीप कुमार की आठ वर्षीय पुत्री काव्या कुमारी को सांप ने पैर में काट लिया। घटना उस समय हुई जब वह घर का दरवाजा खोल रही थी। परिजनों ने तत्काल बच्ची को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति अब खतरे से बाहर है।

## भंडरिया पुलिस की छापेमारी महुआ शराब व गांजा पौधा नष्ट



**▸ अवैध कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई, नशा मुक्त अभियान जारी रहेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के मदगड़ी गांव में बुधवार को भंडरिया पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा के नेतृत्व में महुआ शराब, जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण जब्त कर मौके पर नष्ट किए गए। गुप्त सूचना के आधार पर गांव में छापेमारी की गई, जहां गांजा का पौधा भी बरामद हुआ जिसे तुरंत नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा व अवैध कारोबार पर सख्ती से अभियान जारी रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग और गुप्त सूचना देने की अपील की। इस अभियान को अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी चलाया जाएगा।

## डॉ. यासीन फाउंडेशन के तत्वावधान में निःशुल्क लिवर टेस्ट कैंप का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मदरसा रोड स्थित तैबा हॉस्पिटल में डॉ. यासीन फाउंडेशन के तत्वावधान में निःशुल्क लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी) कैंप का आयोजन कर 65 मरीजों की जांच की गई। डॉ. माहेरू यामानी और डॉ. अरशद अंसारी की देखरेख में मरीजों की जांच हुई। डॉ. अरशद अंसारी ने बताया कि एलएफटी लिवर की कार्यप्रणाली की जांच करता है और हर तीन माह में यह परीक्षण कराया जाना चाहिए। यह छठी बार शिविर का आयोजन हुआ। मौके पर असफाक अंसारी, संजय उरांव, सुमन कुमारी, परवीन सबा, खुर्शीद अंसारी, रजा बाबू, अभिषेक, असलम, रितेश मेहता, शैलेश कुमार यादव, औरजेब अंसारी, कैफ सहित कई लोग मौजूद थे।

## राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए कड़े निर्देश

**▸ लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा, पारदर्शिता पर विशेष जोर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अंचलों से अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए। उपायुक्त ने राजस्व मामलों के निष्पादन में तेजी लाने और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में भू-अर्जन, दाखिल-खारिज, परिशोधन पोर्टल, सीमांकन, नक्शा त्रुटि सुधार, प्रमाण पत्र निर्गत और लंबित वादों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा हुई। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध कब्जे हटाने, जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने और नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, सभी एसडीओ, भूमि सुधार उप समाहर्ता व अंचल अधिकारी मौजूद थे।

## भवनाथपुर में विषपान की दो घटनाएं, दो लोग गंभीर अवस्था में सीएचसी में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में बीती रात विषपान की दो अलग-अलग घटनाओं ने सनसनी फैला दी। दोनों मामलों में एक युवती और एक युवक ने पारिवारिक विवाद व आपसी कलह से तंग आकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। पहली घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव की है, जहां सरिता देवी (पति - शिव नारायण कोरवा) ने आपसी विवाद में सिंदूर पीकर जान देने की कोशिश की। वहीं दूसरी घटना केतार प्रखंड के ताली गांव निवासी सच्चिदा नंद विश्वकर्मा की है, जिन्होंने पारिवारिक तनाव से



परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के बाद दोनों को परिजनों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भवनाथपुर में भर्ती कराया, जहां डॉ. सूर्यकांत कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सक के अनुसार फिलहाल दोनों की स्थिति सामान्य है। विषपान के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। भवनाथपुर थाना पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

## सभी विद्यालयों में 16 से 28 जून तक मनाया जाएगा पालकत्व माह

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 'पालकत्व माह' के अवसर पर झारखंड राज्य के सभी विद्यालयों में 16 जून से 28 जून 2025 तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसको लेकर बीपीएम नवीन प्रकाश ने खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे विद्यालय स्तर पर प्रतिदिन विविध गतिविधियों के माध्यम से इस माह को उत्साहपूर्वक मनाएं। बीपीएम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य माता-पिता और अभिभावकों की भूमिका को सम्मान देना, बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना तथा शिक्षा, अधिकार, सुरक्षा और भावनात्मक सशक्तिकरण पर जागरूकता फैलाना है। पालकत्व माह में बच्चों और अभिभावकों के बीच संवाद बढ़ाने वाली गतिविधियाँ, बाल अधिकारों पर कार्यशालाएं, अभिभावक-शिक्षक संवाद सत्र, बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियां तथा पालकों के अनुभव साझा करने के सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय को इन गतिविधियों का समयबद्ध आयोजन कर रिपोर्ट बीआरसी कार्यालय को देनी होगी। नवीन प्रकाश ने उम्मीद जताई कि विद्यालय इस कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक अभियान बनाएंगे।

## सुखबाना गांव में संदिग्ध परिस्थिति में नीलगाय की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना अंतर्गत सुखबाना गांव में बुधवार को एक गर्भवती नीलगाय मृत अवस्था में मिली। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि नीलगाय की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हो सकती है। मामले में डीएफओ अंशुमान ने बताया कि जांच जारी है, पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी। वन विभाग आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में लगे विशेष शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लातेहार जिले के नौ प्रखंडों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। 15 से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल पंचायतों में सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। शिविरों में पीएम जनमन, आयुष्मान भारत, वन अधिकार, पेंशन, मनरेगा, जल जीवन मिशन, जनधन योजना, राशन कार्ड, पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं से लोगों को जोड़ा गया। अभियान के तहत प्रखंड स्तर पर सभी विभागों ने स्टॉल लगाए और परिसंपत्तियों का वितरण किया। लाभुकों को योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन भी लिए गए। प्रमुख गांवों में हेसला, सिमरी, हरिलेंग, पुरनी अरमु, चितरपुर, बारिखाप, खपिया, दरेया, नेतरहाट, बिरजियाटोला समेत कई स्थानों पर आयोजित शिविरों में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## शिविर में राशन कार्ड में नाम जोड़ने के 20 फॉर्म जमा, 17 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

कान्हाचट्टी (चतरा)। कान्हाचट्टी प्रखंड के चिरदीरी पंचायत में बुधवार को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सुशील प्रकाश, अंचलाधिकारी मनोज गोप, प्रमुख इंदु कुमारी और मुखिया घनश्याम पासी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 20 व्यक्तियों के राशन कार्ड में नाम जोड़ने के फॉर्म जमा किए गए, जबकि 17 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। अंचलाधिकारी ने लोगों से समय पर आवेदन देने और कार्यालय में अपनी समस्या निःसंकोच रखने की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत सेवक, सीएससी संचालक और कई स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

## इंडिया — नदी नालों को गायब करते लोगों और अधिकारियों पर हत्या जैसी कार्रवाई हो



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

राजनीति या पैसों के बलबूते नियम तोड़ने की होड़ के बीच रास्तों से लेकर नदी नालों तक के ऊपर घर या दुकान बनाने वाले अतिक्रमण से अधिक बड़ा अपराध करते हैं क्योंकि वे लाखों लोगों की परेशानी और भविष्य के लिए समस्याएं खड़ी करते हैं । महीनों से बरसात की आस लगाए झारखंडवासी अब जल जमाव से परेशान हैं क्योंकि मॉनसून की पहली बारिश उन्हें डरा रही है । देश की तरह झारखंड के नदी नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर दुकानें बना लीं हैं। राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में 2019 में पांच साल की बच्ची एक खुले नाले में गिर गई थी और उसका शव तीन किलोमीटर दूर श्मशान घाट के निकट स्वर्णरेखा नदी से बरामद हुआ था 2021 नें एक वृद्ध नाले में बह गए और 12 घंटे बाद भी शव का पता नहीं चला था । ऐसा ही ही मामला कांटाटोली के नाले के ऊपर रहने वालों के साथ हुआ था,हंगामा हुआ फिर लोग भूल गए । आजकल रातू रोड के पंचशील नगर और न्यू शाहदेवनगर में पानी भरा हुआ है । 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है । ऐसा करने पर नदी-नाले का अतिक्रमण माना जाएगा इसके लिए उन्होंने टीम गठित करने का निर्देश दिया था । पर वस्तुस्थिति यह है कि अतिक्रमण और औद्योगीकरण का परिणाम है कि रांची में बहने वाली 12 से 14 सहायक छोटी नदियां या तो लुप्त हो गई हैं या अंतिम सांसें गिन रही हैं। कई नदियों के नाम तक लोग भूल गए है। वर्ष 2000 के पहले व बाद राज्य गठन के समय से ही तेजी से इन नदियों को अतिक्रमण व दूषित करके इसे विलुप्त कर दिया गया। इसमें हटिया क्षेत्र में नकटी नदी भी है। जिस पर बढ़ते शहरीकरण से इसका अस्तित्व समाप्त हो गया।ऐसी ही दूसरी डोढ़ नदी भी थी। जो इरगूटोली होकर बहती थी। अब यह सहायक नदी नाले में बदल दी गई है। इसके अलावा करमटोली से करम ढोढ़हा नामक की छोटी सी जलधारा बहा करती थी जो कोकर



स्थित डिस्टिलरी तालाब तक आती थी। इसका भी स्त्रोत अब शहरीकरण व आबादी बढ़ने के कारण बंद हो गया है । इस तरह कई और सहायक नदियां हैं, जिनका आज कुछ पता नहीं है। दिनों-दिन अतिक्रमण के कारण गढ़वा के बंशीधर नगर के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली बांकी नदी सिकुड़ती गई । पेयजल संकट के बाद सरकार, स्वयंसेवी संगठन व बुद्धिजीवी प्राकृतिक जल स्त्रोतों की पुनरुद्धार करने की बात दो वर्ष से कर रहे हैं । गुमला शहर के दोनों छोर से गुजरने वाली नदी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है। उत्तर में बस स्टैंड के नीचे से होकर और दक्षिण में काली मंदिर से होकर गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे की जमीन का अतिक्रमण कर भूमाफिया ने इन्हें नाले में बदल दिया है। इससे दुर्गंध आती है और हल्की बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। आवागमन बाधित हो जाता है। रांची की लाइफ-लाइन कही जाने वाली हरमू नदी का पानी कुछ दशक पहले एकदम साफ हुआ करता था और आसपास की बस्तियों के लोग इसका पानी पीते तक थे। नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के लिए भी हरमू नदी के पानी काम आता था। आज इस का पानी गंदगी और प्रदूषण के कारण काला पड़ गया है। हाईकोर्ट की निगरानी में एक कमेटी ने क्षेत्र का दौरा किया था तो जानकारी मिली कि हरमू नदी के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक अतिक्रमण और अवैध कब्जा हुआ है। झारखंड की महत्वपूर्ण नदियों में से एक स्वर्णरेखा नदी अतिक्रमण का शिकार होती रही है। जो कभी 24.47 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज 05 मीटर तक रह गयी है। जुमार नदी जो कभी 30.4 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह भी आज 10 मीटर तक चौड़ी रह गयी है। पोटपोटो नदी जो कभी 32.37 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज की तारीख में अतिक्रमण की वजह से 07 से 08 मीटर चौड़ी रह गयी है। सिकुड़ती नदियां यह बताने को काफी है कि कैसे रांची नगर निगम और सरकारों ने पब्लिक की शिकायतों की दशकों से अनदेखी की । राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन महंगी होती गयी और भू माफियाओं ने सरकारी बाबुओं के साथ मिलकर नदी किनारे की जमीन को भी नहीं छोड़ा। हर बरसात में इस पर चर्चा होती है फिर समाप्त हो जाती है । इस तरह अतिक्रमण करने वालों के कारण अनेक लोगों का जीवन खतरे में पड़ता है इसलिए इन्हें और जमीन की हेराफेरी में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों पर हत्या के प्रयास या हत्या जैसे कठोर कानून बनाने का समय आ गया है तभी इस पर रोक लगेगी अन्यथा लीपापोती पर समाज और सरकार मूकदर्शक बने रहेंगे और पीड़ित की कमजोर आवाज सुनी नहीं जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।**
Email Id- ee-pal@jharkhandmail.gov.in, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com,
Phone No.-06562357595

पत्रांक............... दिनांक.....................

**PR No.-353467**

**पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्तों के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें पथों की सूची निम्नवत है:–

| क्रमांक | प्रखंड | मद | योजना का नाम | लंबाई (कि0मी0 / मी0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Chhattarpur | RCPLWEA | Khairohar to Silda Kala via Barkhar Rajderwa Bakaspur road | 8.13 |
| 2 | Chhattarpur | RCPLWEA | Sahpur to Hulasi Ghat | 3.82 |
| 3 | Patan | RCPLWEA | Gram Role to Teliya Sikni Road | 5.37 |
| 4 | Patan | RCPLWEA | Gram Kaswakhad to Gram Budhi Road | 6.47 |
| 5 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over Sathi river at chainage 300m of Dagra to Ratnag via Katarwati | 20.64m |
| 6 | Chhattarpur | RCPLWEA | HL RCC Bridge over sathbaheni river at dagra picket to salwe | 20.64m |
| 7 | Bishrampur | PMJANMAN | L023-Khumbhi Khurd More To Theki | 3.500 |
| 8 | Bishrampur | PMJANMAN | L024-PMGSY Road Pandu Pathalbandhwa To Barwahi Via Machawa Damar | 5.000 |
| 9 | Chainpur | PMJANMAN | L025-RCD Salatuwa to katting korwa tola | 0.600 |
| 10 | Chainpur | PMJANMAN | L023-Nawadih sungai to korwa tola via Nawadih Barwa tola to karwa | 3.137 |
| 11 | Chainpur | PMJANMAN | L028-Baherrakharh Bazaar To Benidih Kabra Bathan Bridge | 7.900 |
| 12 | Chainpur | PMJANMAN | L029-Kaachan To Teenkoniya Main Road | 6.040 |
| 13 | Chainpur | PMJANMAN | L030-Mahaut Muriya To Khairahi via Datam Madgada Road | 5.000 |
| 14 | Chainpur | PMJANMAN | L031-Pmgsy Road Kundpani To Sarahuwa Via Beli Road | 5.500 |
| 15 | Chainpur | PMJANMAN | L032-Nawa ( Biyadohar ) To Mahut Muriya via Datam | 5.700 |
| 16 | Chainpur | PMJANMAN | L033- Islamnagar More To Dhamanawa Main Road | 7.500 |
| 17 | Chainpur | PMJANMAN | L034-Mission School Chowk To Berma Masjid Chowk Road | 5.100 |
| 18 | Chainpur | PMJANMAN | L035-Chainpur Barwadih PWD Road to Margara via Chungra Bansdih | 6.230 |
| 19 | Chattarpur | PMJANMAN | L021-Madanpur REO ROAD Pindrahi To Aahri Padriya Tola | 6.010 |
| 20 | Chattarpur | PMJANMAN | L022- PWD Road Dundur Tardih To Dundur Road | 4.810 |
| 21 | Chattarpur | PMJANMAN | L023- NH -98 Kurauli Road To Kurauli Padriya Tola Road | 1.900 |
| 22 | Chattarpur | PMJANMAN | L024-REO Road Lebar More To Tuktuka Road | 3.300 |
| 23 | Chattarpur | PMJANMAN | L025-PMGSY Road Arar Duptiya To Thekhi Via Ara Road | 6.500 |
| 24 | Chattarpur | PMJANMAN | L026-Taradag More To Dindi Parhaiya Tola | 3.300 |
| 25 | Manatu | PMJANMAN | L021-Nagad Pmgsy Road To Daldaliya Road | 1.900 |
| 26 | Manatu | PMJANMAN | L022-Mitar Pmgsy Road To Jashpur chirikurd road | 11.400 |
| 27 | Manatu | PMJANMAN | L023-Jaspur To Singtuta Kusha Road | 9.300 |
| 28 | Panki | PMJANMAN | L021-Mukta to Rengai Via Hoiyo | 4.750 |

जिसकी शर्त्ते निम्नवत है :–
1. कार्य अवधि 180 दिन होगा जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है ।
(शर्त्ते लागू)
2. कोटेशन दाता झारखंड राज्य का होना चाहिए ।
3. कोटेशन दाता को झारखंड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा । इस हेतु GST निबंधन प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा । GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए । इसे हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा ।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए ।
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा ।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्त्तो के परिवर्त्तन किया जा सकता है ।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 22.06.2025 से 29.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।

PR 355387 District(25-26)D

## जिला प्रशासन ने बारिश को लेकर किया अलर्ट, लोगों से सतर्क रहने की अपील

**लातेहार।** भारी बारिश और मौसम में अचानक आए बदलाव को देखते हुए 'जिला प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील' की है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि अत्यधिक आवश्यकता न हो तो यात्रा से बचें, जलभराव वाली सड़कों से दूर रहें, और नदियों व तालाबों के पास न जाएं। बारिश के दौरान खुले मैदान, पेड़ों या ऊंचे स्थानों के पास न रुकें। प्रशासन ने अफवाहों से बचने और केवल सरकारी सूचना स्त्रोतों पर विश्वास करने की सलाह दी है।

## झमाझम बारिश से किसानों में खुशी

**बारियातू।** मानसूनी बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। कई दिनों की चिलचिलाती धूप और उमस के बाद झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों ने बताया कि बारिश के बाद अब वे अपने खेतों में हल चलाकर धान, मक्का, अरहर और टमाटर जैसी फसलों की बुवाई शुरू करेंगे। यह मानसून की पहली अच्छी बारिश है और इससे खेतों की मिट्टी नरम हो गई है, जो खेती के लिए अनुकूल है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को भी गर्मी से राहत मिली है।

## मूसलाधार बारिश से मिली राहत, किसानों में उत्साह

**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दी है। किसानों ने बताया कि आद्रा नक्षत्र के आगमन के साथ यह बारिश उनकी बुवाई के लिए समय पर हुई है। किसानों ने कहा कि अब वे धान व अन्य फसलों की बुवाई शुरू कर सकेंगे। बारिश ने गर्मी और उमस से राहत दी है और ग्रामीण इलाकों में मौसम सुहावना हो गया है।

## निर्माणाधीन पुरबिया पुल हुआ क्षतिग्रस्त

**गिद्धौर (चतरा)।** दुवारी-खैरा रोड में करोड़ों की लागत से बन रहे निर्माणाधीन पुरबिया पुल का ढलाई कार्य अचानक धंस गया। हादसे के वक्त निर्माण में लगे मजदूर बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने संवेदक जय मां अम्बे इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड की लापरवाही को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। मजदूरों के अनुसार पुल के नीचे का स्पोर्ट दब गया, जिससे पाइप बैंड हो गया और ढलाई धंस गई। ग्रामीणों ने उपायुक्त से पुल निर्माण की जांच कर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

## मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**चंदवा।** मंगलवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। चंदवा के साप्ताहिक बुधबाजार पर बारिश का सीधा असर पड़ा और बाजार पूरी तरह प्रभावित रहा। बारिश के कारण मुख्य बाजार में अजय साव का मकान गिर गया और मेन रोड स्थित मो. अरशद की खाद-बीज की दुकान में दो फीट पानी भर गया, जिससे लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ। उधर, खेतों में पानी भरने और नदियों के उफान से किसानों में खुशी का माहौल है। बाजारों में भी कृषि उपकरणों की खरीदारी बढ़ी है। तेज बारिश के कारण चंदवा टाउन फीडर से बिजली आपूर्ति बुधवार सुबह 11 बजे से बाधित रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

## बीएलओ को नर्सरी नक्शा मैप की दी गई जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव की अध्यक्षता में बीएलओ के साथ बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने बीएलओ को जियो फेंसिंग नर्सरी नक्शा मैप की विस्तृत जानकारी दी। फेंसिंग नक्शा और कोऑर्डिनेट से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु बीएलओ एवं सुपरवाइजर को चितरंजन शर्मा द्वारा समझाए गए। बैठक में पंचायत सचिव उज्जवल सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार सहित कई बीएलओ मौजूद थे।

## बालूमाथ में झमाझम बारिश से तपती गर्मी से राहत

**बालूमाथ।** लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में काले बादलों के घिरते ही झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। यह बारिश किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। मंगलवार की सुबह भी मूसलधार बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई। बालूमाथ, हेरहंज, बारीयातू समेत कई इलाकों में बारिश का व्यापक असर देखने को मिला। बीते दो सप्ताह से बालूमाथ क्षेत्र 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ भीषण गर्मी की चपेट में था। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। गांवों-कस्बों में लोग बारिश का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय निवासी प्रदीप गंझू ने बताया कि बारिश से गर्मी से बड़ी राहत मिली है और अब खेती के अच्छे होने की उम्मीद है। किसान सुलेमान ने कहा कि अगर दो-तीन दिन और बारिश होती रही तो धान की फसल समय पर तैयार होगी। बारिश से पशुओं को भी राहत मिली है। हालांकि बाजारों में बारिश के चलते दुकानों के समय में बदलाव हुआ और सड़क किनारे दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बच्चों और युवाओं में बारिश को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मौसम विभाग ने आगामी दो-तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों को काफी उम्मीदें हैं।

## नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पीयूष गुप्ता को किया गया सम्मानित



**चंदवा।** ग्रीनफील्ड एकेडमी के पूर्व छात्र पियूष कुमार गुप्ता को नीट (यूजी) परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित करने पर विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के सकारात्मक माहौल का परिणाम है। चेयरपर्सन आनंदी सोरेंग, प्राचार्या अन्नाकुट्टी एवं एडमिन एलेक्स के नेतृत्व की सराहना करते हुए निदेशक ने कहा कि ग्रीनफील्ड एकेडमी बच्चों को शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अवसर देने का कार्य करती है। विद्यालय परिवार ने पीयूष को चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं।

### तेतरियाखांड कोलियरी में हादसा, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

# मूसलधार बारिश से बालूमाथ में जनजीवन प्रभावित, ट्रक नदी में गिरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बुधवार को बारिश का भयावह दृश्य तेतरियाखांड कोलियरी में देखने को मिला, जब एक भारी भरकम ट्रक बाढ़ के पानी के साथ बहकर नदी में जा गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त ट्रक प्रमोद यादव, ग्राम पिंडारकोम का है। ट्रक मालिक ने बताया कि उनका वाहन पार्किंग क्षेत्र में खड़ा था, लेकिन नदी में जलस्तर अचानक बढ़ने और मिट्टी के तेज कटाव के कारण ट्रक असंतुलित होकर नदी में गिर गया। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत दल मौके पर पहुंचा। क्रेन की सहायता से ट्रक निकालने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन लगातार बारिश और तेज बहाव के कारण रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। राहत की बात यह है कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि आर्थिक क्षति जरूर हुई है।

## बालूमाथ में बारिश से ग्रामीण जनजीवन ठप, बाढ़ जैसे हालात

- नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के पार, प्रशासन सतर्क

बालूमाथ। लगातार बारिश ने बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन पूरी तरह से ठप कर दिया है। लोग घरों में दुबके हुए हैं, खेत जलमग्न हो गए हैं और कच्चे रास्ते कीचड़ में बदल चुके हैं। कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। तेतरियाखांड नदी के अलावा हहारो, दामोदर और अन्य स्थानीय नदियों में जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई नदियां किनारों को छोड़कर खेतों और सड़कों तक फैल गई हैं, जिससे बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हालांकि बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है और गर्मी से राहत मिली है, लेकिन दिहाड़ी मजदूरों के सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों से नदी-नालों से दूर रहने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई है। मौसम विभाग ने जिले में अगले 48 घंटे तक और बारिश होने की संभावना जताई है। लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## आयुष्मान कार्ड शिविर में 154 लोगों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट

- 45 लोगों ने आयुष्मान कार्ड के लिए दिए आवेदन, 41 राशन कार्ड सुधार के भी आवेदन

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के मंझगांवा पंचायत भवन में बुधवार को आयोजित आयुष्मान कार्ड शिविर में 45 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं राशन कार्ड में सुधार और नाम जोड़ने के लिए 41 आवेदन जमा किए गए। शिविर की अध्यक्षता मुखिया सरिता देवी ने की जबकि संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर 154 लोगों का सिकल सेल एनीमिया टेस्ट भी किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया, सेविका, पीएलभी सुरेश प्रसाद राणा, प्रखंड कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनंदन कुमार एवं सेक्टर ग्रामीण मौजूद थे।

## मनिका के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की भयावह स्थिति : ज्या द्रेंज



**लातेहार।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री 'प्रो. ज्या द्रेंज' ने लातेहार में आयोजित प्रेस वार्ता में मनिका प्रखंड के प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मनिका के 40 एकल-शिक्षक विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति बेहद खराब है। जनवरी से मार्च 2025 के सर्वेक्षण में सामने आया कि इन विद्यालयों में 'शिक्षकों की भारी कमी' है। 40 विद्यालयों में सिर्फ 40 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि मानक के अनुसार 99 शिक्षकों की जरूरत है। इनमें से 87.5% शिक्षक अनुबंध आधारित हैं और महिला शिक्षकों की संख्या मात्र 15% है, जिससे छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल का अभाव है। विद्यालयों में 'छात्रों की उपस्थिति काफी कम' पाई गई, औसतन सिर्फ एक-तिहाई छात्र ही उपस्थित रहते हैं। अधिकांश छात्र बुनियादी गणना और साक्षरता में कमजोर हैं। 84% छात्र SC/ST समुदाय से आते हैं। 'मूलभूत सुविधाएं भी बेहद खराब' हैं— 82.5% विद्यालयों के शौचालय अनुपयोगी हैं, पेयजल, बिजली, फर्नीचर और सुरक्षित भवनों की भारी कमी है। मध्याह्न भोजन योजना भी प्रभावित है, रसोइयों को छह महीने से वेतन नहीं मिला है। प्रो. द्रेंज ने 'तत्काल स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति, महिला शिक्षकों की संख्या बढ़ाने, और विद्यालयों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने' की मांग की। प्रेस वार्ता में जेम्स हेरेंज सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 2 केजी अवैध अफीम के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

- एसपी की कार्रवाई से नशे के सौदागरों में मचा हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरियातू गांव के पास चतरा-हजारीबाग मुख्य सड़क किनारे से पुलिस ने एक व्यक्ति को 2.225 केजी अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी कर आरोपी सुखराम हस्सा पूर्ति (ग्राम केवरा, थाना मुरहू, जिला खूंटी) को पकड़ा गया। आरोपी के पास से एक मोबाइल और एक पीठू बैग बरामद किया गया। गिद्धौर थाना कांड संख्या 45/2025 दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

एसपी श्री अग्रवाल ने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक सनोज चौधरी, थाना प्रभारी कुमार गौतम, अवर निरीक्षक सोनी खलखो, सशस्त्र बल के जवान एवं चौकीदार शामिल थे। लगातार हो रही कार्रवाई से आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, वहीं नशा कारोबारियों में दहशत है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**सिमरिया (चतरा)।** इचाक खुर्द उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक चंद्रदीप शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रधानाध्यापक शंकर साव की अध्यक्षता और किशोरी कांत शर्मा के संचालन में कार्यक्रम हुआ। श्री शर्मा को विद्यालय में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े के साथ मंच तक लाया। श्री शर्मा 2018 से विद्यालय में कार्यरत रहे और अपनी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मनोविज्ञान की समझ से बच्चों पर अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षकों, ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह के बाद गाजे-बाजे के साथ उन्हें घर तक पहुंचाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सर्पदंश से महिला की मौत

**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के जोगनातांड गांव में बुधवार को एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतका की पहचान राम कुमार की पत्नी असनिता देवी के रूप में हुई है। सुबह शौच के लिए बाहर गई असनिता देवी को जहरीले सांप ने डस लिया। घर पहुंचते ही उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन तत्काल सदर अस्पताल लातेहार लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राम कुमार जिला बाल संरक्षण कार्यालय में आउटरीच पर्सन के रूप में कार्यरत हैं। घटना से परिजनों में शोक का माहौल है।

### बेतला-छिपादोहर मार्ग पर स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त, सड़क जाम

**बेतला।** बुधवार को लाभर शिव मंदिर के पास छिपादोहर-महुआडांड़ मुख्य मार्ग पर एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। दुर्घटना में किसी प्रकार की जानमाल की क्षति नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के लिए तेज रफ्तार और खराब सड़क को जिम्मेदार बताया है।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में इंटर कला में नामांकन प्रारंभ

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा (चतरा)।** मैट्रिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में इंटरमीडिएट कला संकाय में नामांकन प्रारंभ हो गया है। विद्यालय वार्डेन बिंदु पोद्दार ने बताया कि 11वीं कक्षा में छात्राओं का नामांकन 14 जून से शुरू हुआ है, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है। गिद्धौर में इंटर कला संकाय के लिए कुल 19 सीटें उपलब्ध हैं। नामांकन जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों की छात्राओं के लिए किया जा रहा है।

### गर्भवती महिला के लिए पत्रकार ने किया रक्तदान, दिया इंसानियत का संदेश

**लातेहार।** रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है, और समय पर किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है। लातेहार जिला मुख्यालय के पत्रकार *रूपेश कुमार अग्रवाल* ने एक बार फिर मानवता का मिशाल पेश किया है। जैसे ही उन्हें जानकारी मिली कि सदर अस्पताल में भर्ती करकट की रहने वाली एक गर्भवती महिला को ए निगेटिव ब्लड की जरूरत है, वे तुरंत ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया। रूपेश ने बताया कि यह उनका चौथा रक्तदान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने के बाद शरीर फिर से स्वस्थ हो जाता है और हर व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि इससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। महिला के परिजनों ने उनके इस मानवीय कार्य के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।


**कार्यालय :– प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू**

**अति–अल्पकालिन निविदा सूचना।**

सरयू प्रखंड अन्तर्गत चिहिन्त स्थल में एक अदद महुआ तेल प्रोसेसिंग युनिट का अधिष्ठान किया जाना है, जिसके लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है –

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 26.06.2025, 01:00 बजे अपराह्न तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | प्रखंड कार्यालय, सरयू। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 26.06.2025, 03:00 बजे अपराह्न से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू का कार्यालय वैश्म। |

**Work Description :-**Supply, Installation, Testing and Commissioning of Mahuwa Oil Processing Unit Annexure-“A”

नोटः– निविदा संबंधित सूचना/विवरणी **https://latehar.nic.in**पर देखा जा सकता है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी,
सरयू।

PR 355356 (Rural Development) 25-26 (D)



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

ज्ञापांक.......................... दिनांक ..........................

**शिवाजी मैदान के बन्दोबस्ती हेतु आवश्यक सूचना।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष शहर, मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान दिनांक 01.07.2025 से 10.09.2025 तक के लिए मेला लगाने हेतु दिनांक 26.06.2025 को अपराह्न 12:00 बजे मेदिनीनगर नगर निगम के कार्यालय में सेवा शुल्क प्राप्त करने हेतु खुली डाक बोली/निलामी के माध्यम शिवाजी मैदान में डिजनीलैण्ड मेला लगाने के लिए शर्तें निम्नवत हैः–

1. खुली डाक/निलामी की न्यूनतम राशि 74,00,000/– (चौहतर लाख रूपये) निर्धारित है। इसके आगे डाकवक्ता को बोली लगानी होगी। डाकवक्ता की बोली की अन्तर राशि 10,000/– रू0 से अधिक की होगी।
2. जो व्यक्ति शिवाजी मैदान में डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु खुली डाक/निलामी में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2024 को अपराह्न 02.00 बजे तक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित कागजात अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे। अन्यथा उनकी पात्रता स्वतः समाप्त समझी जायगी और डाक बोली/निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
3. पहचान पत्र के रूप में सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवासी प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से तथा आधार कार्ड/वोटर आई०डी०/ड्राईविंग लाईसेंस में से कोई एक।
4. पैन कार्ड
5. संबंधित जिला के उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत पूर्ववृत चरित्र प्रमाण–पत्र।
6. आयकर रजिस्ट्रेशन तथा जी०एस०टी०/रजिष्ट्रेशन।
7. पिछले लगातार तीन वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रति अनिवार्य रूप से आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।
8. खुली निलामी में जिस व्यक्ति द्वारा अधिक बोली लगायी जायगी, उसको उसी दिन संध्या 05.00 अपराह्न तक बोली की रकम का 25% की राशि जमा करना होगा।
9. खुली डाक/निलामी प्रकिया में निर्धारित तिथि को निर्धारित समय पर उपस्थित होकर आवेदक स्वयं अथवा शपथ पत्र के माध्यम से प्राधिकृत व्यक्ति भाग लेंगे। निर्धारित समय के बाद उपस्थित नहीं होने पर वे खुली डाक निलामी प्रकिया में भाग नहीं ले सकेंगे।
10. खुली डाक/निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व डाक राशि का 25% अर्थात 18,50,000/– (अठारह लाख पचास हजार रूपये) सुरक्षित राशि का Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation के पदनाम से है ड्राफ्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में एक दिन पूर्व डाकवक्ता जमा करेंगे तभी डाक बोली में भा ले सकेंगे।
11. सफल डाक वक्ता के द्वारा दिनांक 28.06.2025 की समय 05.00 बजे तक बोली की सम्पूर्ण राशि का बैंक ड्राफ्ट Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation में जमा करना होगा, तत्पश्चात् संवेदक को डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु शिवाजी मैदान आवंटित किया जायेगा। अन्यथा उक्त राशि का ड्राफ्ट जमा नहीं करने पर उनके द्वारा डाक बोली के पूर्व जमा किये गये सुरक्षित राशि को जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायगी एवं अगले डाक वक्ता को उनके द्वारा लगायी गयी बोल की शेष राशि जमा करने पर उन्हें डिजनीलैण्ड मेला लगाने हेतु शिवाजी मैदान आवंटित किया जायेगा।
12. निविदा मिलने पर Casual Taxable person (GST) में भुगतान के बाद ही कार्यादेश निर्गत किया जायगा।
13. निर्धारित अवधि समाप्ति के पूर्व ही मैदान खाली करने एवं उसकी साफ–सफाई के साथ मैदान के भितर आधार भुत संरचनाओं का पूर्व की स्थिति में स्तान्तरण करेंगे एवं किसी भी प्रकार का तोड़–फोड़ या अन्य प्रकार की छति पाये जाने पर सुरक्षित राशि से कटौती की जायेगी। निर्धारित अवधि से किसी भी परिस्थिति में मैदान खाली होने में बिलम्ब की स्थिति होने पर डाक राशि का समानुपातिक दर से बिलम्बित अवधि के लिए राशि की वसूली की जायगी। जिसे सफल डाकवक्ता के द्वारा धरोहर के रूप में जमा की गयी राशि से कटौती की जायेगी। सफल डाकवक्ता की धरोहर राशि निर्धारित अवधि के समाप्ति के पश्चात् ही वापस की जायगी।
14. उच्चतम डाक वक्ता द्वारा पुलिस अधीक्षक, पलामू, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर, विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, मेदिनीनगर, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, मेदिनीनगर तथा अग्निशामालय पदाधिकारी, मेदिनीनगर से अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त कर मेला प्रारम्भ/उद्घाटन करने के पूर्व इस कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। तत्पश्चात् उन्हें डिजनीलैण्ड मेला प्रारम्भ/उद्घाटन करने की अनुमति दी जायगी।
15. डिजनीलैण्ड मेला में किसी प्रकार की घटना/दुर्घटना होती है और जानमाल की क्षति होती है तो संबंधित व्यक्ति को अथवा उनके आश्रित को क्षतिपूर्ति भुगतान का दायित्व मेला मालिक का होगा। इस संबंध में मेला मालिक सामूहिक बीमा/पब्लिक लायबिलिटीज इंश्योरेंस कराना सुनिश्चित करेंगे।
16. खुली डाक/निलामी/शिवाजी मैदान आवंटन को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा एवं किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
17. डाक लेने वाले व्यक्ति के द्वारा बोली गई डाक का राशि का 25% कार्यालय में सुरक्षित जमा रहेगा। मेला समाप्ति के पश्चात् शिवाजी मैदान की साफ–सफाई तथा पूर्व से किये गये सभी निर्माण (Assest) सही रहने के पश्चात् ही सुरक्षित जमा राशि का भुगतान अधोहस्ताक्षरी के द्वारा किया जायेगा।

ह०/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.355390 District(25-26):D


### सावधानी

### मानसून की पहली बारिश में लोध जलप्रपात पर पर्यटकों की भीड़

# प्रशासन ने जारी की सुरक्षा हिदायत, भारी बहाव में जाने से बचें



**रोमांच के साथ खतरा भी, सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य**

भारी बारिश के बाद बुढ़ा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे जलप्रपात का प्रवाह खतरनाक हो सकता है। प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि पर्यटक गहरे पानी में न उतरें। वन विभाग की टीम मौके पर तैनात रहती है, फिर भी लापरवाही से बचने की अपील की गई है। लोध जलप्रपात जाने के लिए रांची से 200 किमी, लातेहार मुख्यालय से 115 किमी तथा महुआडांड़ से 17 किमी दूरी तय करनी होती है। जलप्रपात परिसर प्लास्टिक-मुक्त क्षेत्र घोषित है। पर्यटकों से अनुरोध है कि वे सफाई का विशेष ध्यान रखें और प्रशासन के नियमों का पालन करें।

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित झारखंड का प्रसिद्ध लोध (बूढ़ा घाघ) जलप्रपात मानसून की पहली बारिश के साथ ही पर्यटकों से गुलजार हो गया है। तीन ओर से पहाड़ों से घिरे इस 143 मीटर ऊंचे जलप्रपात के सौंदर्य को देखने के लिए पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़ समेत झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

जलप्रपात का भ्रमण सुबह से दोपहर तक करना सुरक्षित माना जाता है क्योंकि शाम 4 बजे के बाद सूरज की किरणें यहां नहीं पहुंचतीं। प्रशासन ने भारी बहाव में सेल्फी लेने और चट्टानों पर खड़े होने से मना किया है।

# न्यूज बॉक्स

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज 13 गांवों में शिविर



**लोहरदगा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कैम्प का आयोजन का आज प्रखंड भंडरा के पझरी एवं भौंरो, कैरो के गितिलगढ़, कुडू के चिरी व कड़ाक, किस्को के छोटचोरगाईं, मेरले व पतरातू, सदर प्रखंड के नदिया व हरमू ग्राम, पेशरार के सीरम ग्राम और सेन्हा के बुटी व मुरकीतोड़ार ग्राम में आयोजित किया जाएगा। अब तक 15 जून से 18 जून 2025 तक मे 48 ग्रामों में कैम्प लगाया गया जिसमें 4480 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें मनरेगा अंतर्गत 119 जॉब कार्ड, 40 लाभुकों के बीच आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड के 86, पीएम विश्वकर्मा के 02, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 05, पीएम किसान सम्मान निधि के 54, पीएमजनधन योजना के 05, केसीसी के 32, जाति प्रमाण-पत्र के 50, आयुष्मान भारत के 35 और आधार कार्ड के 122 आवेदन प्राप्त हुए।

## नशामुक्ति मुहिम के तहत कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** पूरे झारखंड में मादक पदार्थों पर रोक लगाने के लिए झारखंड सरकार की "पारिवारिक संकल्प" मुहिम के अंतर्गत आज लोहरदगा के मंजुरमति हाई स्कूल में "नशामुक्ति जीवन हमारा" के उपलक्ष्य में कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल नौ टीमों ने भाग लिया, जिनमें मंजुरमति हाई स्कूल, डीएवी स्कूल, दे बोर्डिंग सेंटर लोहरदगा, खेलो इंडिया सेंटर, और लोहरदगा जिला प्रशासनिक एथलेटिक्स सेंटर के बच्चे शामिल थे। इस टूर्नामेंट में लड़कों के समूह में विजेता रही मंजुरमति हाई स्कूल की टीम, जबकि लड़कियों के समूह में भी मंजुरमति हाई स्कूल की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अलावा, जूनियर लड़कों में मंजुरमति हाई स्कूल की टीम उपविजेता रही, और लड़कियों में खेलो इंडिया सेंटर की टीम ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस सफल आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मदन मोहन पांडे, मंजुरमति हाई स्कूल के प्रिंसिपल मनोज्ञा पांडे, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा एवं खेल साहायक लखन राम, मधु तिर्की,जिला खेल समन्वयक राष्ट्रीय रेफरी प्रकाशित मिंज, शिल्पी कुमारी , साथ ही मंजूरमती हाई स्कूल के खेल शिक्षक राम स्वरूप प्रसाद भी उपस्थित थे। उनके साथ ही लोहरदगा डीएमटी के एथलेटिक्स कोच प्रशिक्षक विकास कुमार महतो भी मौजूद थे और दशय उरांव भी मौजूद थे। इन सभी के सहयोग से यह टूर्नामेंट हो पाया।

## सैकड़ो खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लिया



**लोहरदगा।** मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं इसके दुरुपयोग को रोकने के उपाय से संबंधित जागरूकता हेतु पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, जिला सूचना जनसंपर्क विभाग और जिला खेल कार्यालय की ओर से लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लिया। यह दौड़ समाहरणालय मैदान से मैना बगीचा होते हुए हरमू के के एम पब्लिक, हन्ना क्लिनिक, एसपी कोठी, अंबेडकर प्रतिमा समाहरणालय मैदान में दौड़ संपन्न किया गया। इसके पश्चात रस्सा-कस्सी खेल का आयोजन किया गया जिसमें बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट 10 बालिका एवं 10 बालक खिलाड़ियों को चिन्हित किया गया जिन्हें जिला खेल कार्यालय लोहरदगा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, खेल सहायक लखन राम, मधु तिर्की, फुटबॉल प्रशिक्षक अजय सुभाष तिर्की, एथलीट प्रशिक्षिका नम्रता भगत, फुटबॉल प्रशिक्षिका पूजा कुमारी, क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार,कुश्ती प्रशिक्षक महादेव उरांव, पुलिस प्रशासन, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**लोहरदगा।** मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव को रोकने और दुरूपयोग को रोकने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से प्लस टू प्रोजेक्ट हाइ स्कूल मुंगो, प्लस टू हाइ स्कूल अरु सेन्हा और केजीबीवी सीएम उत्कृष्ट विद्यालय कुजरा में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को निषिद्ध मादक पदार्थों को रोकने एवं जागरूकता के विषय पर निबंध लिखे जाने का कार्य दिया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह अभियान 15 से 26 जून तक चलाया जा रहा है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पर्यटन, कला-संस्कृति, सूचना एवं जनसंपर्क आदि विभागों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## पूर्व सांसद राम अवधेश सिंह की 88वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत की ओर से विधायक क्लब, रांची में पूर्व सांसद व सामाजिक न्याय के पुरोधा राम अवधेश सिंह की 88वीं जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने की, जबकि संचालन लोहरदगा जिलाध्यक्ष शमशुल अंसारी ने किया। समारोह का उद्घाटन छात्र विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान एवं कारगिल शहीद विद्यानंद सिंह के पुत्र रवि शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में वक्ताओं ने राम अवधेश सिंह के सामाजिक संघर्ष, विशेष रूप से चौकीदार-दफादारों के अधिकारों के लिए उनके योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। समारोह में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कई अहम मांगें की गईं, जिनमें रांची, बोकारो और जमशेदपुर में राम अवधेश सिंह की प्रतिमा स्थापित करने, सेवा-विमुक्त चौकीदारों की बहाली, 1990 के पूर्व-पश्चात सेवा निवृत्त कर्मियों के आश्रितों की नियुक्ति तथा झारखंड ग्राम चौकीदार (संशोधन) विधेयक 2025 पारित करने की मांग शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने आरोप लगाया कि जिलों में की गई कई नियुक्तियां झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 के प्रावधानों के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि नियमावली की धारा 2(9), 4 व 5(5) का पालन नहीं किया गया और आरक्षण की भी अनदेखी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अवैध नियुक्तियां रद्द नहीं की गईं तो पंचायत हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर करेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चौकीदार-दफादार और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

### भंडरा प्रखंड मुख्यालय की सड़कें बनीं तालाब, नाली व्यवस्था ठप व स्थानीएं लागों को परेशानी

# लोहरदगा-बेड़ो मुख्य सड़क पर जलभराव, दो फीट तक भरा पानी

कुलदीप कच्छप



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड मुख्यालय बस्ती में मंगलवार देर रात से हो रही तेज बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। क्षेत्र में नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण प्रमुख सड़कों पर भारी जलजमाव हो गया है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों, बच्चों और बुजुर्गों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद बैंक ऑफ इंडिया शाखा से लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) शाखा तक की मुख्य सड़क पर लगभग दो फीट तक पानी भर गया। इस जलभराव ने लोगों का आवागमन बेहद कठिन बना दिया। स्थानीय लोग, जो रोज़मर्रा के कार्यों जैसे बैंक, स्कूल, दवा खरीदने या दुकानदारी के लिए बाहर निकलते हैं, उन्हें पानी के बीच से गुजरना पड़ा। भंडरा प्रखंड मुख्यालय बस्ती में जलजमाव की समस्या अब जनजीवन को गहराई से प्रभावित करने लगी है। यह केवल असुविधा की बात नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार और सुरक्षा से जुड़ा हुआ गंभीर मुद्दा बन गया है। प्रशासन को चाहिए कि वह अविलंब इस दिशा में कार्यवाही करे और एक स्थायी समाधान प्रदान करे। बताया गया कि बारिश के समय जब सड़क पर से बड़े वाहन गुजरे, तो उनकी गति से उठी लहरों के कारण जलजमाव का पानी सड़क किनारे की दुकानों में प्रवेश कर गया। इससे झोपड़ीनुमा दुकानों में बैठे छोटे व्यापारियों को खासा नुकसान हुआ। कई दुकानदारों ने बताया कि उनके सामान भीग गए और दिनभर की बिक्री भी ठप हो गई।

### बारिश के समय राहगीरों की परेशानी चरम पर

जलभराव के कारण न सिर्फ दुकानदार परेशान हुए, बल्कि राहगीर, स्कूल जाने वाले बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी प्रभावित हुए। कीचड़ भरी सड़कों और गंदे पानी में पैदल चलना कठिन हो गया। स्थानीय महिला मीरा देवी ने बताया की बच्चों को स्कूल भेजना मुश्किल हो गया है। पानी से भरी सड़क पार करना खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या हर साल बरसात में सामने आती है। भंडरा मुख्य सड़क पर नाली की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे थोड़ी सी बारिश में भी पानी सड़क पर भर जाता है। कई बार प्रखंड प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई है।

### प्रशासन की अनदेखी पर उठे सवाल

स्थानीय दुकानदार राजू कुमार कहते हैं, "हर बार प्रशासन से गुहार लगाई जाती है लेकिन केवल आश्वासन मिलता है, काम कोई नहीं करता।" ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय विकास योजनाओं में मुख्य सड़कों की जल निकासी को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों और दुकानदारों की मांग है कि मुख्य सड़क के दोनों ओर पक्की नाली का निर्माण किया जाए ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके और हर साल बरसात में उन्हें इस संकट से न गुजरना पड़े। इसके साथ ही सड़क की ऊंचाई और ढलान का भी तकनीकी रूप से मूल्यांकन कर उसे सुधारा जाना चाहिए।

### आपदा से निपटने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को उपायुक्त ने दिए निर्देश

# दक्षिण-पश्चिम मानसून पर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** दक्षिण-पश्चिम मानसून 2025 के मद्देनजर संभावित आपदाओं से निपटने के लिए लोहरदगा जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। उपायुक्त द्वारा संबंधित विभागों और अधिकारियों को तैयारी के पुख्ता निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला के अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, नगर परिषद, विद्युत प्रमंडल, बीएसएनएल, अग्निशमन विभाग सहित सभी संबंधित इकाइयों को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों, जलाशयों और तटबंधों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। नदी-नालों का जलस्तर रोजाना मॉनिटर किया जाए और किसी भी खतरे की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के दौरान बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में विद्युत विभाग और पीएचईडी को आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है ताकि सेवा जल्द से जल्द बहाल की जा सके। संचार व्यवस्था बाधित होने पर सैटेलाइट फोन और वायरलेस संचार जैसे वैकल्पिक माध्यमों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ और तेज हवा के कारण लोगों के घर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में शेल्टर कैंप्स पंचायत भवनों, सामुदायिक भवनों या विद्यालयों में स्थापित किए जाएंगे।

## स्वामी रणधीर जी महाराज ने उपायुक्त से की भेंट



**लोहरदगा ।** श्रीधाम वृंदावन से पधारे स्वामी रणधीर जी महाराज एवं मदन जी महाराज ने मंगलवार को लोहरदगा उपायुक्त डॉ. ताराचंद से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में गौ आधारित कुटीर उद्योगों की स्थापना हेतु गोचर भूमि को चिन्हित करने और उस पर आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया। संतों ने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और वनों से परिपूर्ण है, जहां गौ संवर्धन के लिए अनुकूल वातावरण और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि गोचर भूमि को व्यवस्थित रूप से उपयोग में लाया जाए, तो यह क्षेत्र गौ सेवा के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार और कुटीर उद्योगों का भी केंद्र बन सकता है। स्वामी रणधीर जी महाराज ने कहा कि गोचर भूमि पर अवैध क जों को हटाकर उसे गौशालाओं व कुटीर उद्योगों के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने गौ हत्या को समाज के लिए कलंक बताते हुए कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद इस प्रकार के कृत्य सामने आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर संतों ने लोहरदगा के गुरुकुल शांति आश्रम का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने आचार्य शरद चंद्र आर्य एवं आश्रम के ब्रह्मचारियों से मुलाकात की। आश्रम की ओर से संतों का सादर स्वागत एवं अभिवादन किया गया। मुलाकात के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश सिंह और अजय पंकज भी उपस्थित थे।

### अखबार में छपी खबर का असर

## नगर परिषद ने कराया जर्जर सड़क की मरम्मत, सुगम हुआ आवागमन



लोहरदगा के सड़क पर जलजमाव से राहगीरों की जान जोखिम में

मिशन चौक से महावीर चौक तक की हालत सबसे खराब

प्रशासन से मरम्मत व जल निकासी की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में प्रकाशित खबरों का असर एक बार फिर स्पष्ट देखने को मिला। शहर की मिशन चौक से महावीर चौक तक कि प्रमुख जर्जर सड़क, जो लंबे समय से गड्ढों और बदहाल स्थिति के कारण आमजन को भारी परेशानी दे रही थी, अब मरम्मत के बाद सुचारु हो गई है। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर परिषद, लोहरदगा द्वारा इस सड़क की मरम्मत कराई गई, जिससे राहगीरों को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि इस सड़क की बदहाली को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने लगातार समाचार प्रकाशित किए थे। बड़े-बड़े गड्ढों और उखड़े हुए डामर के कारण इस सड़क पर चलना दूभर हो गया था। दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी और बारिश में तो हालात और भी बदतर हो जाते थे। खबरों के प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाई और नगर परिषद को त्वरित मरम्मत कार्य का निर्देश दिया। प्रशासन की तत्परता और नगर परिषद की सक्रियता के परिणामस्वरूप अब सड़क की हालत काफी बेहतर हो चुकी है और लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया ने उनकी आवाज़ बनकर प्रशासन तक उनकी परेशानी पहुँचाई, जिससे अब उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिली है।

## ऐतिहासिक रथ मेला को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**भंडरा ।** आगामी 27 जून को भंडरा में लगने वाले ऐतिहासिक रंथ यात्रा मेला को लेकर भंडरा थाना परिसर मे बुधवार को थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में रथयात्रा धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने मेला कमेटी को मेला स्थल में वॉलिंटियर्स रखने का निर्देश दिया। बैठक में गर्मी को देखते हुए पानी उपलब्ध कराने की बात कही गई। ऐतिहासिक भंडरा रथयात्रा मेला मे लोहरदगा बंगाल आदि जगहों से लाखो की संख्या मे श्रद्धालू मेला देखने पहुंचते है। बैठक मे नौ दिवसीय ऐतिहासिक मेला मे शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक तैयारियो पर विचार विमर्श किया गया.मेले मे असमाजिक तत्वों पर नजर रखने की योजना बनीं। इसमें समिति के सभी सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पुलिस प्रशासन आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। मेले मे ड्रोन कैमरे से निगरानी पुलिस द्वारा की जाएगी। मौके पर डॉक्टर संजय कुमार, ईश्वरी मोहन शर्मा, रामकिशोर साहू, प्रकाश द्वीप, प्रदीप गुप्ता, परमेश्वर उरांव, ललन सोनार, आफताब आलम, अब्दुल कुदूस सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## आधार अपडेट के लिए पंचायतों व वार्डों में शिविर आज व कल

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना के वैसे छूटे लाभुक (18 से 50 वर्ष) जिनका आधार बैंक खाता आधार से एनपीसीआई से मैप्ड नहीं है एवं आधार इनएक्टिव है। वैसे लाभुकों के लिए दिनांक 19 एवं 20 जून 2025 के लिए सभी प्रखंडों, लोहरदगा प्रखंड, भंडरा, कैरो, किस्को, कुडु, पेशरार, सेन्हा एवं लोहरदगा नगर परिषद के सभी वार्डों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि मार्च 2025 के बाद सिर्फ आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की राशि भुगतान की जा रही है। कैम्प से संबंधित सूचना के लिए संबंधित पंचायत सचिव या मुखिया या वार्ड सदस्य या संबंधित जनसेवक से प्राप्त की जा सकती है।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय:-प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वनोपज एवं वाहन पर प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित निर्धारित सुनवाई की तिथि एवं समय को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वनोपज एवं वाहन तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वन पदार्थ की विवरणी | अभ्युक्ति | सुनवाई की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 22/2025 | (1) TATA SFC 407/27 ट्रक, निबंधन संख्या CG15AC0124, चेचिस नं0– MAT357105A8A00389 तथा इंजन नं0/मोटर नं0 497SPTC35AZY800458 एवं (2) साल चौपहल – 80 पीस | वाहन मालिकः बजरंग लाल अग्रवाल, पिता– महावीर अग्रवाल, ग्राम– गुमगा, पोस्ट– दंडगांव, थाना– दंडगांव, जिला– सुरगुजा, राज्य– छत्तीसगढ़, पिन–497117 | दिनांक 04.07.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 02 | 04/2025 | साल बल्ली – 45 पीस। | अज्ञात। | दिनांक 04.07.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |
| 03 | 01/2025 | (1) बिना निबंधन संख्या का हिरो होण्डा मोटर साईकल (नीले एवं काले रंग का) चेचिस नं0 02B21C08467 (2) खैर का सूट (3) कुल्हाड़ी – 01 पीस। | वाहन मालिकः एस0 के0 टोप्पो, पिता– एस0 टोप्पो, ग्राम– मंगारी, पोस्ट– पोकसारी, जिला– सुरगुजा, राज्य– छत्तीसगढ़, पिन–497101. | दिनांक 15.07.2025 समय 11.00 बजे पूर्वाहन्। |

PR.NO.355408 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा दक्षिणी वन प्रमण्डल।

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभागए**
**प्रार्चाय का कार्यालय . औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह,(LWE) लातेहार**
Email-itibarwadih@gmail.com

**नामांकन सूचना**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संसोधित सूचना**

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक–640 दिनांक–07.05. 2025 के आलोक में NCVT से मान्यता प्राप्त सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरवाडीह,(LWE) लातेहार के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 मे नामांकन के लिए योग्य आवेदको से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारीत करते हैं. उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in)(Admission Tab) आवेदन -पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. ट्रेड - इलेक्ट्रीशियन 2 वर्ष, फिटर 2 वर्श
2. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता- क) (10वीं कक्षा मे उर्तीणता आवश्यक है।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ

| क्रं0स0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 22.06.2025 अपराहन 5:00 बजे तक |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवी एवं दसवी कक्षा) का प्रकाशन | 25.06.2025 अप0 5:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक प्राप्तांकं प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 26.06.2025 से 28.06.2025 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 30.06.2025 |

Time schedule for 1st Round Counselling

| Sl. No. | Activity | Date | To |
|---|---|---|---|
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 03.07.2025 | 10.07.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 13.07.2025 | 30.07.2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 13.07.2025 | 30.07.2025 |

Time schedule for 2nd Round Counselling

| Sl.No. | Activity | Date | To |
|---|---|---|---|
| 1 | Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s) | 02.08.2025 | 08.08.2025 |
| 2 | Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter | 13.08.2025 | 23.08.2025 |
| 3 | Admission in the Concerned ITI | 13.08.2025 | 23.08.2025 |

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download section के Notification Tab मे देखा /Download किया जा सकता है।

ह0/-, प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,बरवाडीह,(LWE) ,लातेहार

PR 355406 Labour Employment and Traning(25-26)#D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum-I**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.354861 (District)25-26*D के निविदा में निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 23.06.2025 को 11:00 AM एवं खोलने की तिथि दिनांक 24.06.2025 को 11:00 AM तक बढायी जाती है।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक, नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR.NO.355347 District(25-26):D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum-I**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.NO.354862 District(25-26):D के निविदा में निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 23.06.2025 को 11:00 AM एवं खोलने की तिथि दिनांक 24.06.2025 को 11:00 AM तक बढायी जाती है।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक, नगर परिषद् बिश्रामपुर

PR 355344 District (25-26)_D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।**
Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum-I**

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.354864 District(25-26)#D के निविदा में निविदा जमा करने की तिथि दिनांक 23.06.2025 को 11:00 AM एवं खोलने की तिथि दिनांक 24.06.2025 को 11:00 AM तक बढायी जाती है।

शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,नगर परिषद् बिश्रामपुर।

PR 355343 District(25-26)D

# एनएच 23 पर पहली बारिश में जल जमाव से ग्रामीण बेहाल

- भरनो में सड़क और नाली निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल
- फ्लाईओवर के नीचे और मुख्य चौराहों पर कीचड़





**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण और निर्माण कार्य की पोल भरनो में पहली ही बारिश में खुल गई। जगह-जगह हुए जल जमाव और कीचड़ से न केवल राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है, बल्कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता और योजना पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

भरनो प्रखंड क्षेत्र के ब्लॉक चौक, शिव मंदिर के सामने, स्कूल चौक, नावाटोली और फ्लाईओवर के नीचे सहित कई स्थानों पर पानी भरने और कीचड़ फैलने से लोगों को आवाजाही में भारी कठिनाई हो रही है। स्कूल चौक के पास अधूरी नाली निर्माण के कारण गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे वाहन चालक और राहगीर दोनों परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क और नाली निर्माण के दौरान पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जिससे थोड़ी सी बारिश में ही सड़कें तालाब बन गई हैं। फ्लाईओवर के किनारे की मिट्टी कटकर सर्विस रोड पर गिरने लगी, जिससे कीचड़ फैल गया और आवागमन अवरुद्ध हो गया।

वहीं, निर्माण कार्य को देख रहे ठेकेदार और एजेंसी पर भी ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ठेकेदार को आम लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है, वह केवल काम पूरा करने की जल्दबाजी में है।

हालांकि सूचना मिलने के बाद निर्माण एजेंसी आरकेडी के कर्मियों द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर सड़क से मिट्टी हटाने और जल निकासी के लिए रास्ता बनाने का काम शुरू किया गया है, लेकिन यह केवल अस्थायी समाधान प्रतीत हो रहा है।

गौरतलब है कि मानसून की शुरुआत ही हुई है, और यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### स्थानीय लोगों की मांग

- जल निकासी की स्थायी व्यवस्था हो
- अधूरी नालियों का जल्द निर्माण पूरा किया जाए
- फ्लाईओवर के किनारे मिट्टी कटाव को रोका जाए
- जल जमाव से बचाव हेतु सड़क किनारे जल प्रवाह के लिए विशेष योजना बनाई जाए

### खराब मौसम में भी बच्चों का जोश नहीं टूटा

# साइकिल रैली से दिया नशा मुक्ति का संदेश





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** नशा उन्मूलन और मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर स्कूली बच्चों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। खराब मौसम और रुक-रुक कर हो रही बारिश के बावजूद बच्चों ने उत्साह और संकल्प का परिचय देते हुए पोस्टर, बैनर और जागरूकता संदेशों के साथ सड़क पर उतरकर नशा के खिलाफ मजबूत संदेश दिया। बच्चों की इस पहल ने ना सिर्फ राहगीरों का ध्यान खींचा, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर किया कि नशा न केवल व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है। साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य नशे की प्रवृत्ति के प्रति लोगों को जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। बच्चे तख्तियों पर लिखे संदेशों के माध्यम से यह बता रहे थे कि अब समय आ गया है जब समाज को मिलकर नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। गुमला जिला प्रशासन द्वारा मादक पदार्थों के सेवन और अवैध व्यापार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जन-जागरूकता को अभियान का मूल आधार बनाकर हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस जन आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और नशा उन्मूलन को एक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में लें।

### 25 लाभार्थियों को मिला 15 दिनों का बत्तख चूजा व दवाएं

**चैनपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, चैनपुर में 25 लाभार्थियों को 15 दिनों के 15 बत्तख चूजे प्रति इकाई की दर से वितरित किए गए। इस वितरण के साथ ही, बत्तखों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक दवाएं भी प्रदान की गईं। यह कार्यक्रम स्थानीय पशुपालकों की आजीविका में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। वितरण समारोह प्रखंड परिसर स्थित प्रथमवर्गीय पशु चिकित्सालय चैनपुर के प्रांगण में आयोजित हुआ। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी येयादव बैठा, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. धर्मरक्षित विद्यार्थी, ग्राम पंचायत चैनपुर की मुखिया शोभा देवी शामिल थीं। इन सभी ने संयुक्त रूप से लाभार्थियों को बत्तख चूजे और दवाएं प्रदान कीं।इसी क्रम में, कातिंग पंचायत में भी एक समान वितरण शिविर का आयोजन किया गया, जहाँ मुखिया मधुरा मिंज द्वारा संयुक्त रूप से चूजों और दवाओं का वितरण किया गया।

### आकांक्षी प्रखंड डुमरी को आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में तेजी, डीसी ने की योजनाओं की गहन समीक्षा

# स्वास्थ्य सहित कई विभागों को दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लक्ष्य साफ–समन्वित प्रयास व शून्य लापरवाही**

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्पष्ट किया कि डुमरी प्रखंड को एक आदर्श आकांक्षी प्रखंड बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए हर विभाग को समन्वित एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**गुमला।** नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत डुमरी प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्रीमती प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, नीति आयोग के समन्वयक तथा संबद्ध संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य नीति आयोग द्वारा निर्धारित एडीपी एवं एबीपी के तहत विभिन्न संकेतकों के आधार पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर डुमरी प्रखंड को एक आदर्श आकांक्षी प्रखंड के रूप में विकसित करना था। उपायुक्त ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर विशेष जोर देते हुए एएनएम, सेविका व सहायिका के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग, पोषण, नियमित जांच (एएनसी1 से एएनसी4) और संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने की बात कही। नवजात बच्चों का कम वजन, सिकल सेल एनीमिया की जांच, टीबी उन्मूलन एवं टीकाकरण पर गंभीरता से काम करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, जलमीनार और बिजली आपूर्ति की स्थिति में सुधार हेतु ठोस कदम उठाने को कहा। फाउंडेशन लर्निंग, नवाचारी शिक्षण पद्धति अपनाने और बच्चों के अधिगम स्तर को सुधारने के लिए विशेष निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी केंद्रों की स्वच्छता और पेयजल सुविधाओं को भी मजबूत करने पर बल दिया गया।

किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड, गुणवत्तापूर्ण बीज-खाद, कृषि यंत्र, और केसीसी योजना का लाभ सुलभ कराने के निर्देश दिए गए। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जल स्रोतों के प्रबंधन को भी प्राथमिकता में रखने की बात कही गई। पशुपालन विभाग को टीकाकरण, पशु बीमा योजना और देखरेख सेवाओं को बेहतर करने तथा बागवानी विभाग को स्थानीय परिस्थिति अनुसार योजना क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को बाल विकास और पोषण योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लाभार्थियों तक पहुँचाने की बात कही गई। प्रखंड स्तरीय पुस्तकालयों की नियमित संचालन व्यवस्था, अद्यतन पुस्तकों की उपलब्धता एवं विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग एमआईएस पोर्टल पर समय पर अद्यतन जानकारी दर्ज करें, ताकि नीति आयोग को सटीक और समयबद्ध सूचना भेजी जा सके। उन्होंने डाटा की गुणवत्ता, निगरानी और नियमित समीक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एलडीएम, पीरामल फाउंडेशन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासन का बाल श्रम के खिलाफ बड़ा कदम

# सिसई व घाघरा में दो नाबालिग श्रमिकों को किया गया मुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला ने बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग प्रतिष्ठानों से नाबालिग श्रमिकों को मुक्त कराया है। यह कार्रवाई "बाल श्रम उन्मूलन पखवाड़ा" के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा की गई। पहली कार्रवाई 17 जून को सिसई में की गई, जहां सिसई चौक स्थित एक प्रतिष्ठान में कार्यरत एक नाबालिग बालक को टीम ने मुक्त कराया। मौके पर ही बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया और नियोजक के खिलाफ सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया। दूसरी कार्रवाई 18 जून को घाघरा प्रखंड में की गई, जहां नेतरहाट रोड पर एक प्रतिष्ठान में एक नाबालिग बालिका श्रमिक के रूप में पाई गई। उसे भी तुरंत बचाया गया और घाघरा थाना में नियोजक पर केस दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। दोनों अभियानों में जिला श्रम अधीक्षक, बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन गुमला और स्थानीय पुलिस की संयुक्त भागीदारी रही।

### अवैध खनन पर जिला टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

# तीन बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी दर्ज

- आठ स्थानों पर अवैध भंडारण का भंडाफोड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन ने अवैध खनन और खनिज भंडारण पर शिकंजा कसते हुए दो अलग-अलग जगहों पर सघन कार्रवाई की। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर गठित जिला टास्क फोर्स ने तीन बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किए, जबकि आठ स्थानों पर अवैध बालू भंडारण को चिन्हित कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई टोटो बीट अंतर्गत ग्राम अटरिया स्थित दक्षिण कोयल नदी एवं टोटो नहर के पास की गई। यहां तीन ट्रैक्टरों को बालू लदे हुए पकड़ा गया, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। प्रत्येक ट्रैक्टर में लगभग 100 घनफीट बालू भरा हुआ था। ट्रैक्टरों को जब्त कर टोटो थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया।

दूसरी कार्रवाई गुमला थाना क्षेत्र के मौजा सिलाफारी में हुई, जहां शिशु विकास मंदिर विद्यालय के समीप आठ स्थानों पर अवैध बालू भंडारण पाया गया। पूछताछ में सामने आया कि ग्राम सिलाफारी के सोनू साहु द्वारा यह भंडारण किया जा रहा था। आरोपी को गुमला थाना को सौंपा गया है, वहीं जब्त बालू पंचायत प्रतिनिधि को सुरक्षार्थ सौंपा गया।

इन सभी मामलों में झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 के नियम 4 व 54 तथा झारखंड मिनरल्स (अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम) नियमावली 2017 के नियम 7 व 9 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्यवाही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के तहत की गई है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे कहीं भी अवैध खनन, परिवहन या भंडारण की सूचना मिलने पर तत्काल खनन हेल्पलाइन नंबर 9934887613 पर जानकारी दें। प्रशासन ने दोहराया है कि अवैध खनन के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक सम्पन्न

# शोषित-वंचितों के हक के लिए संघर्ष तेज करने का ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिशुनपुर।** बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम छातासरई में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की एक अहम बैठक गुमला जिला अध्यक्ष रघुनंदन उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बातें पार्टी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखीं। बैठक को संबोधित करते हुए लोहरदगा जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि "झारखंड के गठन को 25 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब भी आदिवासियों और मूलवासियों को उनके हक से वंचित रखा गया है। सरकार और बड़ी कंपनियां लगातार शोषण कर रही हैं।" उन्होंने कहा कि अब यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। "शोषितों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज बनकर पार्टी सड़कों पर संघर्ष करेगी।" लोहरदगा संगठन सचिव किशोर उरांव ने कहा कि झारखंड के निर्माण का उद्देश्य यहां के पहाड़ी और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास था, लेकिन आज तक केवल खनिजों का दोहन हुआ है। बॉक्साइट कंपनियां नेताओं की मिलीभगत से प्राकृतिक संसाधनों की लूट में लगी हैं, जबकि स्थानीय जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। बैठक में पार्टी नेताओं ने ग्रामीणों से जागरूक और संगठित होने की अपील की। कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक हमारी समस्याएं दूर नहीं होंगी। जरूरत पड़ी तो आंदोलन किया जाएगा और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा हर संघर्ष में आगे खड़ी मिलेगी।

### सर्पदंश की दो घटनाएं दो किशोर घायल, भर्ती

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के नौडीहा महुआ टोली और कोटाम गांव में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में दो किशोर घायल हो गए। दोनों को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पहली घटना नौडीहा महुआ टोली की है, जहां रोशन उरांव धान का बीड़ा छींटने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक सांप उसके पैर में लिपट गया और काटकर भाग गया। दूसरी घटना कोटाम गांव की है। 16 वर्षीय सुनील नायक को कोटाम बाजार से घर लौटते वक्त सांप ने पैर में डस लिया।

### स्वास्थ्य मंत्री रेफरल अस्पताल में हो रही मरीजों की परेशानियों से हुए अवगत

# विभाग को तत्काल सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** गुमला जिला कांग्रेस महासचिव सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को एक लिखित आवेदन सौंपा गया। जिला महासचिव गंगा उरांव व कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए कहा कि 12 जून को कांग्रेस के वरिष्ठ टीम के साथ रेफरल अस्पताल सिसई का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में ये पता चला कि रेफरल अस्पताल सिसई, मात्र एक चिकित्सा प्रभारी के भरोसे चल रहा है,जबकि अस्पताल में नौ चिकित्सक अमित कुमार महतो, संजय प्रसाद, सीमा सांगा , श्वेता मिंज, अनिता राज, साइना आफरीन,राइना सोनाली भेंगरा,अमृता कुमारी, राहुल देव उरांव पदस्थापित हैं। जिसमें से तीन डॉ .सीमा सांगा,अनिता राज, और साइना आफरीन, काफी दिनों से बिना सूचना दिए हुए गायब हैं। दो डॉ राहुल देव उरांव,राइना सोनाली भेंगरा सिसई से गुमला सदर अस्पताल के लिए प्रतिनियुक्त हैं एक डॉ संजय प्रसाद पूसो में प्रतिनियुक्त है। एक डॉ अमृता कुमारी इस्तीफा दे चुकी हैं दो डॉ श्वेता मिंज और अमित कुमार महतो मेडिकल की पढ़ाई के लिए छुट्टी में है। और सभी चिकित्सक रेफरल अस्पताल सिसई के नाम पर वेतन प्राप्त कर रहे हैं, कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को अवगत कराते हुए कहा कि सिसई रेफरल अस्पताल के डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग के ऊंच अधिकारीयों का संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण डॉक्टरों की मनमानी चल रही है।

### फैसला | कुदरा गांव में धर्मांतरण पर बवाल, एकजुट हुए लोग

# ग्रामीणों ने सुनाया 'हुक्का-पानी बंद' का फरमान

**नवीन मेल संवाददाता**



### प्रशासन को चेतावनी

बैठक में वक्ताओं ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की कि धर्मांतरण, मतांतरण, कथित लव जिहाद जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कदम नहीं उठाया गया, तो सरना सनातन समाज आंदोलन करेगा। अंत में तय हुआ कि आगामी रविवार को अंतिम निर्णय के लिए फिर बैठक होगी। इस मौके पर श्यामा नारायण सिंह, अरुण नारायण सिंह, बदरी नारायण सिंह, जयराम उरांव, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, सुरेश उरांव, विष्णु लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**सिसई (गुमला)।** कुदरा गांव में आठ परिवारों के कथित धर्मांतरण को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा है। सरना सनातन परंपरा के अनुसार बसे इस गांव में ईसाई मिशनरियों के प्रभाव में आकर धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ गांव में मंगलवार को हुई आमसभा में सैकड़ों ग्रामीणों ने एकमत से फैसला लिया कि अगर इन परिवारों ने 'घर वापसी' नहीं की, तो उनका हुक्का-पानी बंद कर सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

बैठक में हिन्दू जागरण मंच झारखंड परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा,विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल के प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज साहु, रोहित शर्मा, मुकेश डेविड, उदय कुशवाहा, छोटेलाल ताम्रकर, गौतम ताम्रकर, सौरभ ताम्रकर,और महली समाज के जिलाध्यक्ष सुमित महली शामिल हुए। ग्रामीणों का आरोप है कि उरांव, महली और लोहरा समुदाय के आठ परिवार एक बाहरी पादरी के संपर्क में आकर धर्म परिवर्तन कर चुके हैं और गांव में चंगाई सभा जैसी गतिविधियाँ चला रहे हैं।

**सामाजिक और कानूनी चेतावनी**

संजय वर्मा ने कहा कि झारखंड धर्मांतरण निषेध अधिनियम 2017 के तहत लालच या दबाव में धर्म परिवर्तन अपराध है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार धर्म बदलने वाले आदिवासी आरक्षण के पात्र नहीं रहते।

वहीं उदय कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पास्टर प्रेमचंद नामक व्यक्ति गांव में आकर "चंगाई सभा" के नाम पर आदिवासियों को भ्रमित कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि चंगाई व प्रार्थना से ही बीमारियां ठीक हो सकती हैं तो सरकार अरबों रूपये स्वास्थ्य सेवाओं पर क्यों खर्च कर रही है?


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-::आम सूचना::-**

वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु Senior Citizen Welfare Portal का लॉन्च महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा किया गया है। यह एक एकीकृत डिजटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं, सेवाओं और सूचनाओं का वरिष्ठ नागरिकों तक पहुॅच को सुगम बनाना है। यह पोर्टल इन सभी प्रकार के सूचनाओं का प्रसार करने हेतु वन स्टॉप सोल्यूशंस का काम करेगा।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु संचालित सरकारी योजनाओं, सेवाओं और सूचनाओं की जानकारी Senior Citizen Welfare Portal (https://scw.dosje.gov.in) पोर्टल से प्राप्त किया जाय।

PR 355389 Social Welfare,Women and Child Development(25-26)#D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, चतरा।



**समाहरणालय, गढ़वा**
**(अनु०ज०जा०,अनु०जा०,अल्पसंख्यक एवं पि०वर्ग,कल्याण शाखा)**

**(अति अल्पकालिन निविदा) विज्ञापन सं0– 01/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढ़वा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों/एकलब्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भण्डरिया में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन एवं खेल–कूद सामग्रियों का आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबंद निविदा दिनांक– **01.07.2025** को अपराह्न **03:00** बजे तक जिला कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक– **02.07.2025** को पूर्वाहन् **11:30** बजे में क्रय समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। निविदादाताओं को निविदा से संबंधित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

**सामग्रियों एवं निविदा की शर्तों की सूची** :– खाद्य–अखाद्य, पठन–पाठन एवं खेल–कूद आदि सामग्रियों की सूची एवं निविदा से संबंधित शर्तों को prdjharkhand.in एवं गढ़वा जिला के Website (garhwa.nic.in) पर भी देखा जा सकता है। साथ ही जिला कल्याण कार्यालय, गढ़वा के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,गढ़वा

PR 355405 Welfare(25-26).D



**ई० प्रोक्यूरमेंट सेल,**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–11/2025.26**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–11/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–18.06.2025

1.कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | Renovation work of M.S. Gonda Block Meral Distt. Garhwa. | ` 98,99,071.60 |
| 2 | Construction of 8 Room ACR with 8'0" Wide Veandah, Stair Case M.S. Lagma Block Garhwa Under Garhwa Distt. | ` 99,99,800.00 |
| 3 | Construction of U.M.S Bahiyar Khurd 6 Class Room, B.wall, Kitchen Shed & Toilet Block Ramna Under Garhwa Distt. | `82,78,782.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– **06 (छः) माह**
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.06.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 02.07.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 03.07.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची पिन कोड–834001
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. नोट– केवल ई–निविदा की स्वीकार किया जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
11. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार होगा। ऑनलाईन माध्यम से किये गये भुगतान की पद्धति वेबसाइट पर आवश्यक रूप से अपलोड करेगें।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाता में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदाता की होगी।
13. विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 355400 Building(25-26).D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अनेक व्यक्ति अपनी भूलों की तो अनदेखी करते रहते हैं लेकिन दूसरे व्यक्तियों को बड़ी कठोरता से परखते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को पलट कर दूसरों की कमियों को अनदेखा करके अपनी त्रुटियों की कठोरतापूर्वक जाँच करनी चाहिए। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# परमाणु हथियार या साम्राज्य



इस्राइल ने बीते 13 जून को 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' के तहत ईरान पर हवाई हमला किया और नतांज, इस्फहान और फरादो जैसी न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाने के साथ-साथ ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख सहित कई सैन्य कमांडरों व परमाणु वैज्ञानिकों को मार दिया। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3' लांच किया और इस्राइल पर 150 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें तथा 100 से अधिक ड्रोन दागे। दोनों देशों के बीच भीषण संघर्ष अब भी जारी है। जिस तरह से ईरान व इस्राइल के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से बयान आ रहे हैं, उससे लगता है कि यह संघर्ष अभी रुकने वाला नहीं है। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या यह संघर्ष रोका नहीं जा सकता था? क्या इसे पश्चिम एशिया में एक नए युद्ध की शुरुआत माना जाए? एक प्रश्न और, क्या यह समय युद्ध का है? स्पष्टतया नहीं, फिर भी दोनों देश युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं। अगर कुछ विदेशी, खासकर अमेरिकी अखबारों पर नजर डालें, तो कुछ दिन पहले से ही यह संकेत मिलने लगे थे कि इस्राइल ईरान पर हमला करने वाला है। अमेरिकी प्रशासन को नेतन्याहू की मंशा पता थी, इसके बावजूद हमला हुआ है, तो इसके निहितार्थ भी होंगे। वैसे नेतन्याहू अमेरिका से किसी निर्णय के लिए सलाह या अनुमति नहीं लेते, बल्कि उसे सूचना देते हैं, क्योंकि इस्राइल की सुरक्षा व सहयोग अमेरिका का दायित्व है। अमेरिका के पास इस्राइल का कोई विकल्प नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें, तो अमेरिका को यदि पश्चिम एशिया में अपने हितों की रक्षा करनी है, तो उसे इस्राइल का सहयोग करना ही होगा। सवाल उठता है कि वह संस्था कहां है, जिसे 1945 में वैश्विक शांति के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। संयुक्त राष्ट्र हमेशा गहरी नींद में दिखता है। शांति की पहल करने वाला अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी कहीं नहीं दिखता। नेतन्याहू 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' को उचित ठहरा रहे हैं, तो ईरान अपने 'ऑपरशन ट्रू प्रॉमिस 3' को। क्या यही 21वीं सदी की विशेषता होनी चाहिए? क्या अब समझौते और संधियों की कोई महत्ता नहीं रह गई? क्या यह बढ़ते कट्टर राष्ट्रवाद का परिणाम है या हथियारों के ढेर पर बैठी दुनिया का शगल है, जहां सब कुछ लड़ाई से हासिल होने का दंभ पाल लिया गया है? इस्राइल कह सकता है कि ईरान ने इतने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन कर लिया है कि उससे इस्राइल के लिए चिंताजनक हालात निर्मित हो गए हैं। इसलिए ईरान को रोकने के लिए कठोर कदम उठाना जरूरी था। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने अपने 12 जून के वक्तव्य में कहा कि ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है। इसी आधार पर रैज जिमिट, जो इस्राइली खुफिया विश्लेषक और आईएनएसएस थिंक टैंक में ईरान कार्यक्रम के निदेशक हैं, ने यह निष्कर्ष निकाला कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम अब 'क्रॉस रोड्स' (चौराहे) पर पहुंच चुका है। इससे पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य परिवारों को वह क्षेत्र छोड़ने की अनुमति प्रदान की थी। इस अनुमति में यह तथ्य छिपा हुआ था कि वहां जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है। जैसे बड़ा संघर्ष अथवा युद्ध। क्षेत्र के कई राजनयिकों ने अमेरिकी बलों की वापसी को वार्ता से पहले दबाव बनाने की एक रणनीति के रूप में देखा, न कि तत्काल किसी सैन्य कार्रवाई के संकेत के रूप में। आईएईए भी यह मान चुकी है कि ईरान ने 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन में सफलता हासिल कर ली है, इसलिए वह परमाणु बम बनाने के बहुत करीब पहुंच गया है।

*अमेरिकी प्रशासन को नेतन्याहू की मंशा पता थी, इसके बावजूद हमला हुआ है, तो इसके निहितार्थ भी होंगे।*

# अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष



केरल के थुंबा में मछली पकड़ने वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाईयों को छूएगा। यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा। आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं, तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है – यह साहसपूर्ण, समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है। यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है ।

प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है।

साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं - वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है, जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है।

भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। ग्रामीण क्लीनिकों में, उपग्रह कनेक्टिविटी द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन की बदौलत शहरी केंद्रों के डॉक्टरों द्वारा दूरदराज के क्षेत्रों में रोगियों को परामर्श मुमकिन हो पाता है, जिससे स्वास्थ्य सेवा से संबंधित खाई पाटना संभव होता है। सैटेलाइट बैंडविड्थ द्वारा समर्थित ई-लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म यह सुनिश्चित करते हुए कि भूगोल अब सीखने में बाधा नहीं रहा है, दूर-दराज के गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। भारत के स्वदेशी जीपीएस नेटवर्क-नाविक प्रणाली का इस्तेमाल अब वाहनों में नेविगेशन, ट्रेनों और जहाजों पर नज़र रखने और मछुआरों को किनारे पर सुरक्षित वापस लाने के लिए किया जाता है। कृषि में, उपग्रह परामर्श से किसानों को मिट्टी की नमी, फसल की सेहत और कीटों के संक्रमण की निगरानी करने में मदद मिलती है, जिससे उचित निर्णय लेने और बेहतर पैदावार प्राप्त करने में मदद मिलती है। ये काल्पनिक लाभ नहीं हैं, बल्कि - ये लाखों लोगों के जीवन में आया वास्तविक, उल्लेखनीय सुधार हैं। बीते दशक में शुरू किए गए मिशनों ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।

मंगलयान भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए अपने पहले ही प्रयास में मंगल पर पहुँच गया। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरा, ऐसा क्षेत्र जहां बर्फ होने का अनुमान है, और इसके रोवर ने ऐसे प्रयोग किए जो भविष्य के चंद्र मिशनों को जानकारी प्रदान करेंगे। आदित्य-एल1 अब सौर तूफानों का अध्ययन कर रहा है, जिससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष के मौसम तथा संचार प्रणालियों और बिजली ग्रिड पर इसके प्रभाव को समझने में मदद मिल रही है। साल 2027 के लिए निर्धारित गगनयान मिशन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजेगा।

लेकिन चालक दल की उड़ान से पहले ही, यह मिशन नई पीढ़ी को प्रेरित कर रहा है। अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रणालियों का विकास और चालक दल रहित परीक्षण उड़ानें व्यापक प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं - अनुसंधान को बढ़ावा दे रही हैं, प्रतिभाओं को आकर्षित कर रही हैं और राष्ट्रीय गौरव का निर्माण कर रही हैं। भविष्य पर गौर करते हुए, भारत 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन- भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन- बनाने की योजना बना रहा है। पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च होने की उम्मीद है, और अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग की हाल की सफलता ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए आवश्यक तकनीकों की पुष्टि की है। यह स्टेशन दीर्घकालिक निवास और अनुसंधान का अवसर देगा, जिससे गहन अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों के लिए द्वार खुलेंगे। इन बढ़ती महत्वाकांक्षाओं में सहायता देने के लिए, भारत अगली पीढ़ी के प्रक्षेपण यान (एनजीएलवी) का विकास कर रहा है, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 30,000 किलोग्राम वजन ले जाने में सक्षम है। इसमें पुनः प्रयोज्य चरण और मॉड्यूलर प्रणोदन प्रणाली होगी, जिससे अंतरिक्ष तक पहुँच अधिक किफायती और टिकाऊ हो जाएगी। लॉन्च की बढ़ती बारंबारता को संभालने और वाणिज्यिक मिशनों की सहायता करने के लिए श्रीहरिकोटा में एक तीसरा लॉन्च पैड और तमिलनाडु में एक नया स्पेसपोर्ट बनाया जा रहा है।

भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम बेहद सहयोगपूर्ण भी है। नासा के साथ निसार मिशन पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र और प्राकृतिक खतरों की निगरानी करेगा। जापान के साथ लूपेक्स मिशन भारी रोवर के साथ चंद्रमा के ध्रुवीय क्षेत्रों का पता लगाएगा। ये साझेदारियां एक विश्वसनीय वैश्विक अंतरिक्ष भागीदार के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती हैं।

लेकिन अंतरिक्ष सिर्फ़ अन्वेषण के बारे में नहीं है - यह ज़िम्मेदारी के बारे में भी है। हज़ारों उपग्रहों के पृथ्वी की परिक्रमा करने के कारण अंतरिक्ष मलबा एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इसरो का अंतरिक्ष परिस्थिति जागरूकता कार्यक्रम मलबे की रियल-टाइम निगरानी करता है, टक्कर होने से बचने और अंतरिक्ष गतिविधियों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रणनीति विकसित करता है। देश के कोने-कोने में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रभाव दिखाई दे रहा है।हिमालयी राज्यों में, उपग्रह डेटा भूस्खलन और हिमनदों की गतिविधियों की निगरानी में मदद करता है। तटीय क्षेत्रों में, यह समुद्री संरक्षण और आपदा की तैयारी में सहायता करता है। जनजातीय और दूरदराज के क्षेत्रों में, यह उपग्रह इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल समावेशन को सक्षम बनाता है। खामोशी से हो रही ये क्रांतियाँ - परिवर्तन हैं, जो बिना किसी दिखावे के जीवन को प्रभावित करते हैं।

हम अगले दशक पर गौर करें, तो लक्ष्य स्पष्ट हैं: 2040 तक चालक दल के साथ चंद्रमा पर उतरना, पूरी तरह से चालू अंतरिक्ष स्टेशन, और वैश्विक अंतरिक्ष नवाचार में नेतृत्व की भूमिका। ये केवल सपने नहीं हैं - ये ऐसे राष्ट्र के लिए रणनीतिक अनिवार्यताएँ हैं, जिसने हमेशा समाज को बदलने के लिए विज्ञान की शक्ति में विश्वास किया है। थुंबा के साइकिल शेड से लेकर कक्षा में डॉकिंग मेन्युवर तक, भारत की अंतरिक्ष यात्रा दृढ़ता, कल्पनाशीलता और अथक प्रयास की दास्तान है। यह एक ऐसी दास्तान है जिसका ताल्लुक हर नागरिक, हर वैज्ञानिक, हर स्वपनदृष्टा से है। और अब, जबकि हम परिवर्तनकारी शासन के ग्यारह वर्षों का जश्न मना रहे हैं, तो हम एक ऐसे राष्ट्र का भी कीर्तिगान कर रहे हैं जो वास्तव में सितारों तक जा पहुँचा है - और उनकी रोशनी को वापस घर ले आया है।

आज की बात



**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

## प्रयोग योग का



बचपन से योग से वियोग रहा। छठी कक्षा तक गणित में संघर्ष की मेरी गाथा ऐसी प्रसिद्द हुई कि प्रधान अध्यापक तक मेरे भविष्य को लेकर निश्चिन्त हो गए थे। उनका मत था कि एक क्षेत्र राजनीति ही बचेगी, जिसमें हमारी प्रतिभा को सम्मान मिल सकता है, लेकिन राजनीति में जाने के विशेष लक्षण भी ढूंढने पर नहीं मिले थे। घर वाले तक को कोई आशा ही नहीं थी। योग में भूल करने की प्रतिभा से पुलिस सेवा में रहते धन योग के संयोग न बन सके-और स्वयं को अब तक धिक्कारने के अतिरिक्त कुछ नहीं कर पाया। एक दशक पूर्व तक भारतीय राजनीति में योग का प्रयोग बड़ा प्रचलित हुआ। इसी योग के वियोग में बाजपेयी जी की सरकार एक मत से एकमत न रह सकी और गिर गयी थी। कांग्रेस ने योग के बड़े प्रयोग कर खूब मीठे फल खाए। अब उनके योग से सत्ता का न संयोग बनना लगने लगा है। उनकी योग की गयी सम्पत्तियाँ भी वियोग में लगी हैं पर राजनीति से मुझे क्या? व्यापारियों, उद्योगपतियों और राजनीतिज्ञों की बात छोड़ दें तो अंकगणित योग में भारतीय नौकरशाही के अधिकारियों की बराबरी कोई नहीं कर सकता। वे जोड़ के साथ तोड़ पर ध्यान देकर जोड़-तोड़ की कला में एक वर्ष में इतने पारंगत हो जाते हैं कि लक्ष्मी जी और सत्तासीन उनके वाहन तक उनसे प्रसन्न रहते हैं। सरकार किसी भी दल की हो, ये कभी किसी दलदल से सफलतापूर्वक सकुशल निकल ही आते हैं। लौटकर फिर वही योग पर योग। करोड़ों के बाद भी योग की घड़ी टिकटिक करती बढ़ती रहती है। वे योग के प्रयोग से वियोग से बचते बचाते संयोग ले ही आते हैं। बड़े से बड़े शतरंज के खिलाड़ी उनकी चालों को देख पानी भरने लगें। इधर योग ने व्यापारियों / उद्योगपतियों और सत्ता के योग का ऐसा प्रयोग होने लगा है कि माता लक्ष्मी इन तीनों घरानों में ही प्रवास करने लगीं हैं। चिंता भगवान विष्णु के बदले हम आम जनता करने लगे हैं। हमारी अवस्था सुधरने का योग भी संयोग से नहीं बन रहा। लेखन से जुड़ा हम लेखकों का कुनबा ढन-ढन योग ने आगे बढ़ते हुए ठन - ठन गोपाल भजन गाने लगा है। योग सीखता तब ही न बात बनती! एक रोचक प्रसंग स्मरण हो आया है। एक बड़े अधिकारी का दौरा आपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्द जनपद में हुआ। आवश्यक गोपनीय बैठक का नामकरण दिया गया और छोटे से बड़े हर महत्वपूर्ण अधिकारियों को बुलहटा भेजा गया। बैठक स्थल एक मनोहर झरने के पास खुले में तय हुआ। एक आरामकुर्सी बड़े साहब के लिए और साधारण कुर्सियां अधिकारियों के लिए कुछ टेंट भी लगाए गए। शराब-कबाब और शबाब की व्यवस्था भी टेंटों में की गयी। हलवाई लगे भोजन के बाद बड़े अधिकारी ने कुछ नए अधिकारियों से अनौपचारिक बातचीत में पूछा-कितने साल की नौकरी है? सभी ने अधिकतम चार वर्ष बताया बड़े अधिकारी ने फिर पूछा-कितना योग हुआ। किसी ने एक फ्लैट , किसी ने दो कहा लेकिन उनके सबसे प्रिय चमचे ने कहा - सर, चार वर्षों की नौकरी में सिर्फ तीन फ्लैट और एक फार्म हाउस ही योग कर पाया। बैठक के बाद सभी अपना-अपना चढ़ावा साहब की बंद जीप में रखवा दिया। बड़े साहब के योग के प्रयोग का संयोग बन गया। फिर सभी लौट गए। पाठक भी अपनी प्रतिभा से देख लें, जो बन पड़े जोड़ लें। योग में न चूकें! नहीं तो बस मेरी अवस्था को प्राप्त न हो जाएँ। योग का संयोग ही न बने! प्रयोग करें!

व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ? इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**उमेश चतुर्वेदी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जय हो, घी, रोटी कई, लेकर शब्द उधार।
'अंकल' ने लूटा यहाँ, रिश्तों का संसार।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# युद्ध से तो नहीं निकल पाएंगे विवादों के समाधान!

दुनिया भर में यह आदर्श वाक्य सुना जा सकता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता, लेकिन फिर भी दुनिया के तमाम देश हथियार की होड़ में लगे हुए हैं और एक दूसरे पर इन हथियारों की धमकी से दबंगई करते नजर आते हैं । यदि यकीन नहीं होता तो पिछले दो दशक के आंकड़े उठाकर देख लें, यकीन हो जाएगा। अधिकांश देश अपनी सीमा के अंदर और सीमा पार से उपजती समस्याओं का समाधान बातचीत से निकालने की बजाय एक-दूसरे पर हिंसक कार्रवाई करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि इन दिनों दुनिया भर के कई देशों के बीच आपस में युद्ध चल रहा है और इस के कारण न केवल वह देश प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि इसका असर पूरा दुनिया पर देखने को मिल रहा है। दुनिया की शांति का संदेश देने वाला भारत कभी भी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा है। विश्व युद्ध प्रथम हो या द्वितीय, भारत ने कभी भी किसी भी धड़े का साथ न देते हुए गुटनिरपेक्षता का नया मार्ग दुनिया को दिखाया। इस नीति पर वो अब भी कायम है। लेकिन परिस्थितियों के अनुसार भारत को भी अपनी सुरक्षा के लिए हथियार निकालने पड़ते हैं हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, लेकिन यह कार्रवाई आतंकवाद के विरुद्ध थी। हालांकि आतंकवादियों पर किए गए हमले से पाकिस्तान बौखला गया और भारत को घेरने की कोशिश की, जिसके बाद उसको माकूल जवाब मिला। मगर हकीकत यही है कि रूस और यूक्रेन युद्ध हो या फिर इजरायल और ईरान युद्ध, भारत किसी भी एक पक्ष के साथ खड़ा नहीं होता है बल्कि हमेशा से यह युद्ध का युग नहीं है वाला फॉर्मूला सभी जंग में उतरे लोगों को देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा से ही युद्धों को रोकने की अपील करते आ रहे हैं। एक बार फिर से उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोदौलिदेस के साथ मिलकर पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर गहरी चिंता जताई है और कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है। साइप्रस में लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस ने एशिया और यूरोप में चल रहे संघयों पर चिंता व्यक्त की है। दोनों का मानना है कि "यह युद्ध का युग नहीं है बुद्ध का युग है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों ही देश पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उनका नकारात्मक प्रभाव फेवल उन क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है। हम दोनों मानते हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। बातचीत के माध्यम से समाधान और स्थिरता की बहाली मानकता का आह्वान है। दोनों ही देशों ने संवाद, समाधान और स्थिरता की बहाली करनी चाहिए। साथ ही दोनों देशों की ओर से भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ संपर्क बढ़ाने पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हैं कि भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा इस क्षेत्र में शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। अगर देखा जाए तो इस्राइल और ईरान की लड़ाई शुरू हुए अभी हफ्ता भी नहीं गुजरा है, लेकिन युद्धों के इतिहास में इसका मुकाम कुछ अलग ढंग का ही लगने लगा है। आबादी और क्षेत्रफल में ईरान से बहुत छोटा होने के बावजूद इजरायल का पलड़ा तकनीक, युद्ध कौशल, पूंजी और बाहरी समर्थन की दृष्टि से बहुत भारी है, लेकिन अचानक हमले के सारे फायदे लेकर भी नुकसान उसको इस लड़ाई में बराबर का हो रहा है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि वो जल्द ही दोनों देशों के बीच जंग को रुकवा देंगे, पर जब वो खुद दोनों पक्षों में से एक के साथ मजबूती से खड़े हैं. ऐसे में ईरान किस तरह उनकी बात पर भरोसा करेगा यह समझ से परे है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से तटस्थता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर आधारित रही है। दोनों देशों ईरान और इजरायल के साथ भारत के गहरे और रणनीतिक संबंध हैं, और किसी एक को चुनना भारत के लिए आसान निर्णय नहीं होगा। इजरायल के अस्तित्व में आने के चाद करीब 4 दशकों तक भारत इस्लामी राष्ट्रों के दबाव में इजरायल के साथ कूटनीतिक रिश्ते नहीं बना सका। भारत और इजरायल के बीच 1992 में पहली बार नरसिम्हा राव के कार्यकाल में पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए। उसके बाद से भारत-इजरायल के बीच रिश्ते तेजी से मजबूत हुए हैं। इजरायल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदार बन गया है। भारत ने इजरायल से बराक मिसाइल रक्षा प्रणाली, ड्रोन, राडार सिस्टम और अन्य जात हथियार प्रणालियां खरीदी हैं। 2023 तक भारत के रक्षा आपात में इजरायल का हिस्सा लगभग 10 से 12 प्रतिशत रहा है। इजरायल की साइबर सुरक्षा तकनीक और खुफिया सहयोग भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासकर आतंकवाद विरोधी अभियानों में। भारत और इजरायल दोनों आतंकवाद को एक साझा खतरे के रूप में देखते हैं। इजरायल की खुफिया एजेंसियां, जैसे मोसाद और भारत की रॉ के बीच सहयोग ने आतंकवाद से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू

**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अति प्राचीन श्री मनकामेश्वर मंदिर में ड्रेस कोड लागू होगा, जिसका कड़ाई से पालन कराने के लिए मंदिर समिति ने कदम उठाए हैं। समिति ने मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान स्कर्ट, टॉप, जींस और पैंट पहनने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है। सावन के महीने की शुरुआत के साथ ही नियम लागू होंगे। इसके तहत महिलाएं पूजा के समय केवल साड़ी या सलवार-सूट पहनेंगी, जबकि पुरुष धोती पहनकर ही पूजा-अर्चना कर सकेंगे। जींस, पैंट, स्कर्ट जैसे आधुनिक कपड़ों को मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु इस पहल का स्वागत कर रहे हैं। एक श्रद्धालु ने कहा, 'यह बहुत अच्छी पहल है। आजकल देखते हैं कि कुछ भी पहनकर लोग मंदिर चले जाते हैं, लेकिन मंदिर में ड्रेस कोड से बड़ा अच्छा संदेश जाएगा।" एक अन्य शख्स ने कहा, "यहां पुरुषों के लिए धोती-कुर्ता पहनना अनिवार्य किया गया है, यह सही पहल है। आज के समय में बहुत जरूरी है। हम लोग धर्म स्थल पर आते हैं, यह कोई पिकनिक मनाने की जगह नहीं है।

## सावन में रुद्राभिषेक हेतु पारंपरिक वस्त्र अनिवार्य

मंदिर के पुजारी इस कदम का स्वागत कर रहे हैं और मानते हैं कि इससे धार्मिक और वैदिक परंपराओं का सम्मान और पालन होगा। श्री




मनकामेश्वर मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्री धरानंद जी महाराज ने कहा कि लोगों को सावन के महीने में ड्रेस कोड अपनाने के लिए मंदिर समिति ने बोला है। उन्होंने कहा, "जब रुद्राभिषेक होता है तो अक्सर देखा गया है कि लोग पैंट पहनकर और बेल्ट लगाकर बैठते हैं। लोग परंपरागत वस्त्र पहनना लगातार छोड़ते जा रहे हैं। कहीं न कहीं परंपराओं के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मंदिर समिति ने फैसला लिया है कि सावन के महीने में जो भी रुद्राभिषेक होंगे, उसमें पुरुषों को धोती पहनना अनिवार्य होगा। महिलाओं को साड़ी या सूट पहनना होगा। कटे-फटे या जो भद्दे कपड़े हैं, इस तरह के पहनावे को लेकर पहले से रोक है। उसके अच्छे परिणाम भी आए।"

### रेलवे का ऐतिहासिक निर्यात मिशन शुरू

# पीएम दिखाएंगे पहले लोकोमोटिव इंजन के निर्यात को हरी झंडी

**एजेंसी। पटना**

भारतीय रेलवे अपने राजस्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पश्चिमी अफ्रीका के तटीय देश गिनी को इंजनों का निर्यात शुरू करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को बिहार के सारण जिले के मरहौरा स्थित डीजल लोकोमोटिव फैक्ट्री में निर्मित निर्यात के लिए पहले लोकोमोटिव को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी पाटलिपुत्र (बिहार) और गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के बीच वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह पहली बार है जब भारतीय रेलवे लोकोमोटिव का निर्यात करेगा, जिससे इसके राजस्व में वृद्धि होगी। रेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पहले निर्यात लाइन ऑफ क्रेडिट के रूप में किया जाता था, जो विभिन्न देशों में विकास



परियोजनाओं के लिए एक तरह की सहायता थी। इन इंजनों को बांग्लादेश, मोजाम्बिक जैसे देशों में भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि गिनी को तीन साल में कुल 150 इंजन सप्लाई किए जाएंगे। मरहोरा फैक्ट्री को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर बनाया गया है और इसे अमेरिकी कंपनी वेबटेक के हिस्से जीई ट्रांसपोर्टेशन और भारतीय रेलवे के संयुक्त उद्यम द्वारा चलाया जाता है। अधिकारी ने कहा, "इस कारखाने ने गिनी द्वारा जारी वैश्विक निविदा में बोली जीती है।

## सरकारी मदद के बगैर बीसीपीएल को टिकाऊ बनाने के लिए कर रहे काम: हिमंत

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनका प्रशासन ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) को सरकारी मदद के बगैर टिकाऊ बनाने के लिए एक स्थायी समाधान पर काम कर रहा है। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''इस राह में कई चुनौतियां हैं और हम उन पर चर्चा कर रहे हैं।'' बीसीपीएल पूर्वोत्तर का सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल परिसर है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत बीसीपीएल को जनवरी, 2016 में चालू किया गया था। यह संयंत्र देशभर में उच्च गुणवत्ता वाले पॉलिमर के विभिन्न ग्रेड का उत्पादनकरता है। इसकी प्रमुख शेयरधारक कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड इसके उत्पादों का विपणन कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीसीपीएल ने अपने इस्तेमाल के लिए ओडिशा के पारादीप में जमीन मांगी थी और राज्य सरकार इसके लिए कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम यहां तैयार उत्पाद बनाने के लिए एक समूह के साथ बातचीत कर रहे हैं क्योंकि इससे उद्योग को मजबूती मिलेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सरकारी मदद नहीं मिली तो यह परियोजना बंद हो जाएगी।

## हिमाचल प्रदेश पर मोदी सरकार मेहरबान 2000 करोड़ की मदद का ऐलान : जेपी नड्डा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति ने 2023 में बाढ़, भूस्खलन, बादल फटने की घटना के बाद रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए हिमाचल प्रदेश को 2006.40 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से राज्य को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव पर विचार किया। उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश राज्य को 2006.40 करोड़ रुपये की रिकवरी योजना को मंजूरी दी है, जो राज्य को 2023 मानसून के दौरान बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन के कारण हुए नुकसान और विनाश के कारण रिकवरी और पुनर्निर्माण गतिविधियों को पूरा करने में मदद करेगी। इसमें से 1504.80 करोड़ रुपये राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के तहत रिकवरी और पुनर्निर्माण फंडिंग विंडो से केंद्रीय हिस्सा होगा। इससे पहले 12 दिसंबर 2023 को गृह मंत्रालय ने इस आपदा से प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए एनडीआरएफ से 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता को मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और आपदाओं के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

# देश का पहला एंटी सबमरीन वारफेयर 'अर्णाला' समुद्री बेड़े में शामिल

- हिंद महासागर क्षेत्र में आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अर्णाला' बुधवार को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल हो गया। महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक 'अर्णाला' किले के नाम पर बना यह युद्धपोत भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाता है। यह पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में बड़ा बदलाव लाने के साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत करेगा। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में उभरेगा।विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की अध्यक्षता में कमीशनिंग समारोह में जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 16 पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) में से यह पहला पोत है। इस युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसमें भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), एलएंडटी, महिंद्रा डिफेंस और एमईआईएल सहित प्रमुख भारतीय रक्षा फर्मों की उन्नत प्रणालियां शामिल हैं। इस परियोजना में 55 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) ने सहयोग दिया है। गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में निर्मित ये जहाज पुराने हो चुके अभय श्रेणी के कोरवेट की जगह लेंगे। 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ ये जहाज जहाज निर्माण और रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाते हैं। जहाज के शिखर के नीचे एक रिबन खूबसूरती से फहराया गया है, जिस पर गर्व से जहाज का आदर्श वाक्य 'अर्णवे शौर्यम्' (अर्नावे शौर्यम्) प्रदर्शित किया गया है, जिसका अर्थ है 'महासागर में वीरता'। यह शिलालेख जहाज के अटूट साहस, दुर्जेय शक्ति और विशाल समुद्र पर प्रभुत्व को दर्शाता है। स्वदेशी जहाज निर्माण न केवल घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करता है, बल्कि विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता को भी कम करता है। तटीय और उथले पानी वाले क्षेत्रों में इन जहाजों की प्राथमिक भूमिका दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना और उन्हें ट्रैक करना है।




### 'अर्णाला' से नौसेना की ताकत में इजाफा

युद्धपोत निगरानी टीमों की देखरेख में निर्मित 'अर्णाला' को 08 मई को भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे 'अर्णाला' किले की तरह इस जहाज को समुद्र में मजबूत उपस्थिति के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मजबूत निर्माण और उन्नत क्षमताएं सुनिश्चित करती हैं कि यह जहाज समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करके उभरते खतरों से भारत के जल की रक्षा कर सकता है। नौसेना के अनुसार 'अर्णाला' जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) के लिए तैयार किया गया है। यह जहाज तटीय जल में एंटी-सबमरीन वारफेयर संचालन में सक्षम है। साथ ही यह माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट पोत के शामिल होने से भारतीय नौसेना की उथले पानी की पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता में बढ़ोतरी होगी। यह भारतीय नौसेना का 1490 टन से अधिक सकल भार वाला 77 मीटर लंबा डीजल इंजन-वाटर जेट से संचालित होने वाला सबसे बड़ा युद्धपोत है। जहाज का बख्तरबंद पतवार किले की स्थायी पत्थर की दीवारों को दर्शाता है, जबकि इसके अत्याधुनिक हथियार और सेंसर उन तोपों की जगह लेते हैं, जो कभी आक्रमणकारियों से बचाव करते थे।

## समावेशी विकास के लिए जरूरी है जाति जनगणना: मदनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आगामी जाति-आधारित जनगणना का जोरदार समर्थन करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस अभ्यास को भारत में न्याय, समावेशी शासन और समान संसाधन वितरण को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बताया। मौलाना मदनी ने इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित जनगणना एक नियमित सरकारी प्रक्रिया से आगे निकल गई है। उन्होंने कहा, "यह अब एक जरूरी सामाजिक और राजनीतिक आवश्यकता है," उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एकत्र किए गए डेटा का नीति निर्माण पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

### मुस्लिम समुदाय से सक्रिय भागीदारी का आह्वान

पूर्ण सहयोग का आग्रह करते हुए मदनी ने देश भर के सभी मुसलमानों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने प्रत्येक मुस्लिम परिवार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि उनकी जाति की पहचान सही ढंग से दर्ज की गई है, उन्होंने कहा कि यह जानकारी समुदाय को प्रभावित करने वाले भविष्य के नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जमीयत उलमा-ए-हिंद की स्थानीय शाखाओं, मुस्लिम संगठनों, धार्मिक संस्थानों और समुदाय के नेताओं से भी अपील की।

## राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है,

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। पार्टी नेता प्रदीप भंडारी ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी भारत के नैरेटिव पर विश्वास नहीं करती है, तो यह स्पष्ट हो जाना चाहिए कि राहुल गांधी और जयराम रमेश का दिल भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में बसता है। इंटरनेशनल फेक न्यूज फैक्ट्री कांग्रेस पार्टी आज इतनी अलग-थलग पड़ गई है कि झूठ फैलाना उसका काम बन गया है... आज कांग्रेस पार्टी की विश्वसनीयता ऐतिहासिक और वैश्विक स्तर पर शून्य पर है। प्रदीप भंडारी ने आगे कहा कि जयराम रमेश जो कुछ भी कहते हैं, उस पर कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी को छोड़कर कोई भी विश्वास नहीं करता। मान लीजिए कि उनमें थोड़ी भी देशभक्ति है। उस स्थिति में, उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद उन्होंने पाकिस्तानी नैरेटिव को आगे बढ़ाया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## भूमि घोटाले को उजागर करने पर ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या

**एजेंसी। नागपुर**

नागपुर में भूमि घोटाले को उजागर करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। खापरखेडा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे सावनेर तहसील के पिपला डाकबंगला गांव की है।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान अतुल पाटिल के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता कोकडे के पति एवं पूर्व सरपंच विष्णु कोकडे के कहने पर हिमांशु कुंभलकर ने पाटिल की उसके घर में घुस कर कथित तौर पर चाकू से हमलाकर हत्या कर दी।

उन्होंने बताया कि कुंभलकर और कोकडे दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब कोकडे सरपंच थे तो पाटिल ने जमीन घोटाले को उजागर किया था और उनकी शिकायतों के कारण कोकडे और अन्य के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया गया था।




- नागपुर में भूमि घोटाले की शिकायत करने वाले भाजपा कार्यकर्ता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने आरोपी पूर्व सरपंच और उनके पति को दबोचा
- कोकडे सरपंच थे तो पाटिल ने जमीन घोटाले को उजागर किया था

## जंगलचट्टी के पास पैदल मार्ग पर पहाड़ी से बोल्डर गिरे, दो की मौत

**केदारनाथ।** केदारनाथ में एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। इस बार पहाड़ी से पत्थर गिरने की घटना में 2 लोग मारे गए हैं, जबकि 3 लोग घायल हैं। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, जिसने रेस्क्यू करके लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के समीप घटना हुई। पहाड़ी से बड़े बोल्डर मलबे के साथ रास्ते पर आ गए थे। इस दौरान 5 लोग इसकी चपेट में आए। तस्वीरों में पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को लोगों की मदद करते हुए देखा गया। नीचे खाई से एसडीआरएफ लोगों को निकालकर लाई। फिलहाल दुर्घटना में 2 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इसके पहले केदारनाथ में हेलीकॉप्टर क्रैश होने के कारण 7 लोगों की मौत हो गई थी। केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### क्लासरूम घोटाला

## दिल्ली में 37 ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली के क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में शामिल ठेकेदारों और निजी संस्थाओं से जुड़े 37 स्थानों पर छापेमारी की। बीते दिनों क्लासरूम कंस्ट्रक्शन मामले में एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी। ईडी की कार्रवाई उसी एफआईआर से संबंधित है। जानकारी के अनुसार, क्लासरूम कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में ईडी की टीम दिल्ली के राजेंद्र नगर में स्थित बब्बर एंड बब्बर आर्किटेक्ट्स समेत 37 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्रियों और निजी ठेकेदारों के खिलाफ दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। बता दें कि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मंजूरी मिलने के बाद एसीबी ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। एसीबी ने 30 अप्रैल को मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

### असम में आठ करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**असम।** असम के श्रीभूमि जिले में आठ करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मादक पदार्थ रोधी अभियान में श्रीभूमि पुलिस ने सदरशी में एक वाहन को रोका और आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा की 40,000 गोलियां जब्त कीं। एक तस्कर अब सलाखों के पीछे है।

## आंध्र प्रदेश में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन बड़े माओवादी मारे गए

**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बुधवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में सीपीआई (माओवादी) के तीन बड़े नेता मारे गए। आंध्र-ओडिशा सीमा पर स्थित देवीपटनम वन क्षेत्र में विशिष्ट माओवादी विरोधी बल ग्रेहाउंड्स के जवानों और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई। जंगलों में तलाशी अभियान चला रहे ग्रेहाउंड्स के जवानों ने माओवादियों को देखा और उनसे आत्मसमर्पण करने को कहा। जब माओवादियों ने गोलीबारी शुरू की तो सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और तीन माओवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ रामपचोदवरम और मारेदुमिल्ली मंडलों के बीच जंगलों में कोंडामोडालु के पास हुई। मारे गए माओवादियों की पहचान आंध्र ओडिशा बॉर्डर (एओबी) स्पेशल जोन कमेटी के सचिव गजरला रवि उर्फ उदय, स्पेशल जोन कमेटी सदस्य अरुणा और स्पेशल जोन कमेटी एसीएम अंजू के रूप में हुई।

### अंतरराष्ट्रीय योग | प्रधानमंत्री 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्टनम में करेंगे योग

# 5 लाख लोगों संग योग, बनेगा विश्व रिकॉर्ड

- विशाखापट्टनम में समुद्र पर पांच लाख लोगों के साथ योगा का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

विशाखापट्टनम, 18 जून (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्टनम में योगाभ्यास करेंगे। इस साल के योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' है। इस आयोजन को एतिहासिक बनाने के लिए राज्य सरकार खास व्यवस्था कर रही है। राज्य सरकार योग आंध्र-2025 के लिए विशाखापत्तनम के रामकृष्ण बीच रोड पर स्थित समुद्र तट पर एक साथ 5 लाख लोगों के साथ योगा कर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटी है। इसकी व्यवस्था मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उनके बेटे लोकेश स्वयं देख रहे हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को राज्य सरकार ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। इसके लिएमैदान समुद्र तट पर 5 लाख लोगों के साथ योग आसन कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इसके लिए आरके बीच स्थित कालीमाता मंदिर से लेकर विजयनगरम जिले के भोगापुरम तक समुद्र तट के किनारे योगासन करने की व्यवस्था की जा रही है। बीच रोड पर 326 कंपार्टमेंट तैयार किए जा रहे हैं। हर कंपार्टमेंट में 40 फीट पर एक छोटा मंच बनाया जा रहा है। मुख्य मंच के पास सड़क पर हरे रंग के कालीन बिछाए जा रहे हैं। कार्यक्रमों को देखने के लिए मुख्य मंच पर एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। नगर पुलिस आयुक्त के अनुसार इस महीने की 19 तारीख से बीच रोड पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के आदेश पर आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग ग्राउंड पर भी वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। अगर 21 तारीख को बारिश होती है तो इस ग्राउंड पर योगासन किया जाएगा। अगर बारिश नहीं हुई तो दोनों मंचों पर योगासन किए जाएंगे। सरकार ने आंध्र विश्वविद्यालय में बीस हजार आदिवासी छात्रों के लिए सूर्य नमस्कार करने की व्यवस्था कर रही है।



### मैट पर होंगे क्यूआर कोड और नंबर

प्रत्येक कंपार्टमेंट में एक हजार लोग ही योग कर सकेंगे। इसके लिए मैट पर नंबर आवंटित किए जाएंगे। व्हाट्सएप पर पंजीकरण कराने वालों को कंपार्टमेंट का विवरण भेजा जाएगा। प्रवेश करते समय क्यूआर कोड को स्कैन किया जाएगा। प्रत्येक कंपार्टमेंट के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। योग करने वालों को एक टी-शर्ट और मैट दी जा रही है। अब तक विशाखापट्टनम में 1.50 लाख टी-शर्ट और 1.50 लाख मैट आ चुके हैं।

# आतंकवाद पर पीएम मोदी का आह्वान ‘शब्द नहीं, अब ठोस कार्रवाई जरूरी’

## मोदी ने वैश्विक मंच से आतंक के समर्थकों पर एकजुट प्रतिक्रिया की मांग की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कनाडा के कनानास्किस में बुधवार को ‘जी7 शिखर सम्मेलन’ के आउटरीच सत्र में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ‘आतंकवाद का समर्थन और उसे बढ़ावा देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई’ का आह्वान किया। सुरक्षा चुनौतियों पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देशों से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की बात पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मजबूत समर्थन देने के लिए वैश्विक समुदाय का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि “पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर हमला था। ईरान-इजरायल में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, “दुनिया के विभिन्न हिस्सों में अनिश्चितता और संघर्षों ने ग्लोबल साउथ के देशों पर बहुत बुरा असर डाला है। भारत ने ग्लोबल साउथ की आवाज को विश्व मंच पर उठाने की जिम्मेदारी ली है।

पीएम मोदी का यह बयान ऐसे समय में महत्वपूर्ण हो गया है, जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका में हैं। मुनीर बुधवार को ‘व्हाइट हाउस’ में लंच पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी ने यह भी रेखांकित किया कि अगर अंतरराष्ट्रीय समुदाय एक स्थायी भविष्य के बारे में गंभीर है, तो दुनिया के लिए ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और चिंताओं को समझना महत्वपूर्ण है। ‘ऊर्जा सुरक्षा’ पर एक सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को उनके निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही जी7 को अपनी यात्रा के 50 साल पूरे होने पर बधाई दी। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऊर्जा सुरक्षा भविष्य की पीढ़ियों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों में से एक है। समावेशी विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि “उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता वह सिद्धांत हैं, जो ऊर्जा सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, जिसने समय से पहले अपनी पेरिस प्रतिबद्धताओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है।



- पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिलेंगे
- पीएम मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान सेना प्रमुख अमेरिका दौरे पर हैं।

### पीएम ने जी7 शिखर सम्मेलन के ऊर्जा सुरक्षा पर आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया, रिन्यूएबल एनर्जी पर दिया जोर

**कनानास्किस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनानास्किस में 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में एनर्जी सिक्योरिटी पर आउटरीच सेशन में हिस्सा लिया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर बताया कि अपने संबोधन के दौरान, पीएम मोदी ने सभी लोगों के लिए एक स्थायी और हरित मार्ग के जरिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत पर प्रकाश डाला।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत की वैश्विक पहलों जैसे कि इंटरनेशनल सोलर एलायंस (सौर ऊर्जा पर केंद्रित एक संधि-आधारित अंतरराष्ट्रीय संगठन), डिजास्टर रेसिलिटेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, “एआई अपने आप में एक एनर्जी-इंटेंसिव टेक्नोलॉजी है। अगर टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सोसायटी की ऊर्जा आवश्यकताओं को स्थायी रूप से पूरा करने का कोई तरीका है, तो वह रिन्यूएब एनर्जी के जरिए है। सस्ती, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करना भारत की प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने बताया कि भारत का मानना है कि कोई भी टेक्नोलॉजी तभी मूल्यवान है, जब उसका लाभ हर व्य क्ति तक पहुंचे। ग्लोबल साउथ का कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के जरिए अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम लोगों को सशक्त बनाया है, जबकि सार्थक और गुणात्मक डेटा समावेशी, सक्षम और जिम्मेदार एआई की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा, “हमें ग्लोबल गवर्नेंस पर काम करना होगा। एआई से संबंधित चिंताओं को दूर करना होगा। इनोवेशन को बढ़ावा देना होगा। एआई के युग में, जरूरी मिनरल्स और टेक्नोलॉजी के बीच सहयोग जरूरी है। हमें उनकी सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना होगा।

# खामेनेई ने डोनाल्ड ट्रंप के बिना शर्त सरेंडर के आह्वान को खारिज किया

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बुधवार को जंग का एलान करते हुए ट्विटर (एक्स) पर लिखा, “हैदर के नाम पर जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे।” उनके इस पोस्ट के बाद ईरान ने इजरायल के विभिन्न शहरों पर 25 मिसाइलें दागीं। जवाबी हमले में इजरायल ने भी ताबड़तोड़ हमले किए। इसके बाद ईरान ने इजरायल की ओर फत्ताह मिसाइलें दागीं हैं। इधर, अमेरिका ने यरूशलेम में तीन दिनों के लिए अपना दूतावास बंद कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि, हमें पता है कि खामेनेई कहां छुपा है।

अयातुल्ला अली खामेनेई ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बिना शर्त आत्मसमर्पण के आह्वान को खारिज कर दिया, उन्होंने कहा कि ईरान कभी भी धमकियों या शांति स्थापित करने के लिए नहीं झुकेगा। खामेनेई ने बुधवार को एक टेलीविजन बयान में कहा, “ईरानी राष्ट्र आत्मसमर्पण नहीं करेगा।” “कोई भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप अपूरणीय क्षति लाएगा।” उनकी टिप्पणी तब आई जब रात भर के इजरायली हवाई हमलों के बाद हजारों लोग तेहरान से भाग गए। जिनेवा में ईरान के यूएन राजदूत ने चेतावनी दी कि अमेरिका की किसी भी भागीदारी से जवाबी कार्रवाई शुरू हो जाएगी, उन्होंने कहा कि वाशिंगटन पहले से ही “इज़राइल जो कर रहा है उसमें सहभागी है।” ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने इजराइल पर नवीनतम हमले में हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया, हालांकि नुकसान की सीमा स्पष्ट नहीं है।इधर भारत की हालत यह है कि ईरान में फंसे 110 भारतीय छात्रों के बारे में बताया गया है कि वे तेहरान में भारतीय दूतावास द्वारा की गई व्यवस्था के माध्यम से सीमा पार करके आर्मेनिया पहुंच गए हैं। आर्मेनिया ईरान के उन पड़ोसी देशों में से एक है, जिनसे दिल्ली संपर्क में है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के ईरान की सीमा से लगे कुछ अन्य देशों – तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं हैं। इसके अलावा, तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक 24×7 आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की है, विदेश मंत्रालय ने कहा।लेकिन अभी तमाम भारतीय ईरान में बंकरों में छिपे हैं , कई जगह फँसे हैं, और वहाँ से निकालने की गुज़ारिश कर रहे हैं। कई तो अपना फोटो वगैरह कई मीडिया चैनलों को भेजकर ईरान से निकालने के लिए भारत सरकार से प्रमाण सहित बताने को कह रहे हैं।



- कहा- ईरानी राष्ट्र आत्मसमर्पण नहीं करेगा, कोई भी अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप अपूरणीय क्षति लाएगा

## मॉल में शॉपिंग करते पाक सेना प्रमुख का उड़ रहा मजाक

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के कपड़े पर ट्रंप के कटाक्ष से परेशान पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपनी बहुचर्चित मुलाकात से पहले एक मॉल में शॉपिंग करते नजर आ रहे हैं। यह पहली बार नहीं जब अमेरिका यात्रा के दौरान ज़ेलेंस्की की पोशाक पर डोनाल्ड ट्रंप ने टिप्पणी की हो। इससे पहले राष्ट्रपति भी उनके पहनावे को लेकर कटाक्ष कर चुके हैं।

# देश में लोग अब बच्चे पैदा करने से कतराने लगे हैं

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के कारण बच्चे के परवरिश व पढ़ाई आदि का खर्च उठाने की क्षमता कम होने के कारण लोग बच्चे पैदा करने से कतराने लगे हैं। तमाम लोग तो शादी के बाद पत्नी को छोड़ दे रहे हैं। इन सबके कारण भारत में बच्चे पैदा करने की दर घट रही है। यूएन पॉपुलेशन फंड की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार फर्टिलिटी रेट जो कभी 2.1 पर स्थिर थी, अब उससे नीचे गिर गई है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में अब एक महिला औसतन 1.9 बच्चे ही पैदा कर रही है। यह संख्या पहले 2.1 थी। 2.1 की दर को रिप्लेसमेंट लेवल माना जाता था यानी मतलब जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए जरूरी दर। लेकिन अब यह उससे भी कम हो गई है। लोगों को बच्चे पैदा करने में कई दिक्कतें आ रही हैं। महंगाई, देर से शादी व जीने के लिए लगातार संघर्ष से तनाव के कारण लोग बच्चा पैदा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। लगभग 40% लोगों ने सर्वे में कहा कि वे बच्चे पैदा करने का खर्च नहीं उठा सकते। उन्होंने बताया कि नौकरी की असुरक्षा (21%) और घर का महंगा होना (22%) सबसे बड़ी दिक्कत हैं। इसके अलावा 28% लोगों ने खराब सेहत (15%) या बांझपन (13%) को भी कारण बताया।भारत के ग्रामीण व गरीबी वाले क्षेत्र में अभी भी कम उम्र में बच्चे पैदा करने के मामले सामने आते हैं। लेकिन शहरों में नौकरी की समस्या , सेटल होने में देरी , घर नहीं होने , देर से शादी के कारण बच्चा पैदा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे हैं। जो लोग सक्षम हैं वे लोग करियर व पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। शहरों में रहने का खर्च भी बहुत बढ़ गया है। इस वजह से लोग बच्चे पैदा करने में देरी कर रहे हैं।



- बेरोजगारी, महंगाई, असुरक्षित नौकरी, महंगा घर है बड़ा कारण

# यूनुस सरकार का नया हथकंडा अवामी लीग नेताओं पर कार्रवाई

## कई नेता पुलिस रिमांड पर भेजे गए

**ढाका (आईएएनएस)**

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने अवामी लीग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अवामी लीग के नेताओं पर सख्त कार्रवाई जारी है, जिसके तहत बुधवार को पार्टी के कई प्रमुख नेताओं को पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर भेजा गया। चटगांव के चकोरिया उपजिला से पूर्व सांसद और अवामी लीग के अध्यक्ष जफर आलम को सात अलग-अलग मामलों में 18 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया गया है। यह आदेश जांच अधिकारियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया गया। इस फैसले के विरोध में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने चकोरिया नगर पालिका के मोगबाजार इलाके में विरोध मार्च निकाला और जफर आलम की गिरफ्तारी को झूठे आरोपों पर आधारित “राजनीतिक उत्पीड़न” करार दिया। पुलिस निरीक्षक अनवर हुसैन ने बताया कि जफर आलम को भारी सुरक्षा के बीच अदालत लाया गया। सेना, रैपिड एक्शन बटालियन (रैब) और पुलिस ने अदालत के चारों ओर कड़ी सुरक्षा घेराबंदी की थी।

# 15 अगस्त से 3,000 रुपए वाला फास्ट टैग होगा वार्षिक पास

## एक वर्ष या 200 यात्राओं तक के लिए होगा वैध

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में नई टोल नीति का ऐलान किया था, जो 15 अगस्त 2025 से लागू होगी।इसके तहत केंद्रीय मंत्री ने फास्टैग को लेकर एक और घोषणा की है, जो लगातार यात्राएं करने वाले लोगों के लिए लाभ वाली होगी। गडकरी ने एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से एक पोस्ट जारी किया है, जिसमें लिखा है “एक ऐतिहासिक पहल के तहत, 15 अगस्त 2025 से 3,000 की कीमत वाला पास्ट टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। फास्टैग आधारित वार्षिक पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है और यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा।फास्टैग आधारित वार्षिक पास को एक्टिव करने व रिन्यू करने के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा ऐप और एनएचएआई / एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल व सुगम होगी।

फास्टैग आधारित वार्षिक पास की यह नीति 60 किलोमीटर के दायरे में स्थित टोल प्लाज़ा को लेकर लंबे समय से चले आ रहे मामलों को आसान करेगी , और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी। इसके साथ ही टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजा पर विवाद समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज़, सुगम व बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।



# ईरान ने जासूसी होने के डर से नागरिकों से फोन से व्हाट्सएप डिलीट करने को कहा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका व उसके प्रिय ईजराइल के द्वारा वाट्सऐप के मार्फत खुफियागिरी के डर से ईरान ने अपने देश के लोगों से अपने फ़ोन से वाट्सएप डिलीट करने को कहा है। इसके लिए सरकारी टीवी पर लोगों से अनुरोध किया गया कि अपने फोन से व्हाट्सएप हटा दें।इसकी एक वजह वॉट्सऐप की पैरेंट कंपनी मेटा है, जो मूल रूप से एक अमेरिकी कंपनी है। ईरान सरकार का मानना है कि वॉट्सऐप का मालिकाना हक रखने वाली अमेरिकी कंपनी मेटा, उपभोक्ताओं की डिटेल को इस्त्राइल को भेजती है।इस तरह ईरान के नागरिकों की जानकारी इस्त्राइल तक पहुंच रही है।उसके सहारे भी ईजराइल लोकेशन के हिसाब से हमले का लक्ष्य चुन रहा है। इसी के कारण तमाम अफ़सर व सैनिक भी मारे गये हैं। हालांकि ईरान सरकार द्वारा लोगों से व्हाट्सएप डिलीट करने का आग्रह कितने लोग पालन करते हैं , यह तो ऐसे माहौल में लोगों पर निर्भर है। वैसे अनुमान है लोग इसका पालन करेंगे। क्योंकि इनमें कोई भी अपनी व अपने परिवार तथा इलाके की जानकारी इजराइलियों तक नहीं पहुँचने देकर उनके सेटेलाइट के निशाने पर आना व मरना नहीं चाहेंगे।अन्य देशों की तरह ईरान में भी वॉट्सऐप लोकप्रिय है।इसलिए ईरान सरकार की सलाह पर वॉट्सऐप ने चिंता जताई है।क्योंकि उसके धंधे का नुकसान होगा। टीओआई टेक की रिपोर्ट के अनुसार, वॉट्सऐप ने कहा है कि यह ऐप पर बैन लगाने की कोशिश है। एक बयान में वॉट्सऐप ने कहा है कि कुछ झूठी रिपोर्ट हमारी सर्विसेज को रोकने का बहाना बनेंगी। वॉट्सऐप के मुताबिक जिस वक्त लोगों को उनके ऐप की सबसे ज्यादा जरूरत है, वॉट्सऐप पर बैन लगाने की कोशिश हो रही है। वॉट्सऐप ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह लोगों की सटीक लोकेशन को ट्रैक नहीं करता।

कौन कितने मैसेज भेजता है या किस तरह के मैसेज भेजता है, उन्हें भी ट्रैक नहीं किया जाता है। वॉट्सऐप ने यह भी कहा है कि वह किसी भी सरकार के साथ बल्क में इन्फर्मेशन शेयर नहीं करती।लेकिन वॉट्सऐप इस तरह कितनी भी सफाई देता रहे , जो लोग व कंपनी टेक्नालाजी में माहिर हैं उनको पता है कि वॉट्सऐप कोई दूध का धुला नहीं है। वह भी वह सब कर रहा है जो अमेरिकी खुफिया एजेंसी व सरकार चाहती है। और वॉट्सऐप चैट इन्क्रिप्टेड होने से सुरक्षित होने का सामान्य लोगों के लिए मतलब हो सकता है , टेक्निकल हैकरों व इन सबकी गहन जानकारों के लिए नहीं।इन सबको पता है कि ये बड़ी कंपनियां क्या खेल कर रही हैं। किस तरह अपने लाभ के लिए सरकारों के आगे साष्टांग हो रही हैं।

- वाट्सऐप से लोकेशन व अन्य जानकारी की हो रही खुफियागिरी

### जेडी वेंस से पीएम मोदी ने कहा था-

# पाकिस्तानी हमले का देंगे कड़ा जवाब डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में हुआ जिक्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई है। लगभग 35 मिनट की बातचीत में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का भी जिक्र हुआ। पीएम मोदी ने ट्रंप को बताया कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के समय जेडी वेंस से कहा था कि पाकिस्तान जितना बड़ा हमला करेगा, भारत उससे भी बड़ा जवाब देगा। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बुधवार को पीएम मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के अनुसार, पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप जब बात कर रहे थे, उस समय प्रधानमंत्री ने बताया कि 9 मई की रात को जेडी वेंस ने फोन करके कहा था कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है।



### हेरा फेरी 3 : अक्षय ने कहा-

# ‘मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा...’

हेरा फेरी 3 से परेश रावल का अचानक बाहर होना इस फ्रैंचाइज़ के प्रशंसकों के लिए एक बड़ी निराशा रही है। प्रशंसक चाहते हैं कि वे बाबूराव की अपनी भूमिका को फिर से निभाएं, लेकिन परेश रावल ने द लल्लनटॉप से पहले की बातचीत में अपने किरदार को “गले का फंदा” तक कह दिया था। हेरा फेरी 3 से परेश रावल का अचानक बाहर होना इस फ्रैंचाइज़ के प्रशंसकों के

कहानी फिल्म जगत की





अक्षय कुमार ने प्रशंसकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अभिनेता ने फिल्म के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीजें ठीक हो जाएंगी। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, अक्षय ने कहा, “जो कुछ भी हो रहा है वह आपके सामने हो रहा है। मैं अपनी उंगलियां क्रॉस कर रहा हूं। मुझे उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।” उन्होंने आगे कहा, “सब कुछ ठीक ही होगा। मुझे पक्का पता है। रावल के फिल्म छोड़ने के फैसले से प्रशंसकों और उनके सह-कलाकारों दोनों को झटका लगा। अभिनेता ने पहले एक्स पर घोषणा की थी कि वह ‘हेरा फेरी 3’ से दूर जा रहे हैं, लेकिन स्पष्ट किया कि निर्देशक प्रियदर्शन के साथ कोई रचनात्मक मतभेद नहीं थे।

## बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद जाफर एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतरे

**बलूचिस्तान (आईएएनएस)**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जैकबबाद के पास जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रेलवे ट्रैक पर एक धमाका होने के बाद ट्रेन के कम से कम छह डिब्बे पटरी से उतर गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब विस्फोट हुआ तब ट्रेन क्वेटा से पेशावर जा रही थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट से लगभग छह फीट रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों को संदेह है कि यह विस्फोट रेल लाइन के किनारे लगाए गए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बम के कारण हुआ। अधिकारियों ने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इलाके को सुरक्षित कर लिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल औपचारिक जांच चल रही है। बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सशस्त्र बलूच अलगाववादी संगठन बलूच रिपब्लिकन गार्ड्स ने जाफर एक्सप्रेस पर हमले के साथ-साथ बलूचिस्तान के चगाई में रेको दिक परियोजना से जुड़े कंटेनरों को निशाना बनाने की जिम्मेदारी ली है। समूह के प्रवक्ता दोस्तिन बलूच ने एक बयान जारी कर दावा किया कि यह विस्फोट उनके कार्यकर्ताओं द्वारा जैकोबाबाद मवेशी बाजार के निकट रिमोट-कंट्रोल डिवाइस का इस्तेमाल करके किया गया था।

## इंडोनेशिया का माउंट लाकी लाकी ज्वालामुखी फटा

# 10 किमी ऊपर तक गई राख, 150 किमी दूर से मशरूम जैसा दिखा

**एजेंसी । जकार्ता**

इंडोनेशिया के माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी में मौजूद ज्वालामुखी में बुधवार को एक बार फिर जोरदार विस्फोट हुआ। इससे धुआं और राख का गुबार उठा। मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक कई विस्फोट हुए। मंगलवार दोपहर हुए एक बड़े विस्फोट में राख और धुएं का गुबार 10 किमी की ऊंचाई तक पहुंच गया। यह देखने में मशरूम जैसा लग रहा था। इसे 150 किमी दूर तक देखा जा सकता था। इस विस्फोट के चलते गांवों से लोगों को निकाला गया और कई फ्लाइटें रद्द करनी पड़ीं। इनमें फेमस टूरिस्ट स्पॉट बाली के लिए आने-जाने वाली उड़ानें भी शामिल हैं।

**हाई लेवल वॉर्निंग जारी :** विस्फोट की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सबसे हाई लेवल वॉर्निंग जारी की गई है। ज्वालामुखी से 8 किमी दूर तक के इलाके को खतरनाक क्षेत्र घोषित किया गया है। इस इलाके में राख और छोटे पत्थर गिर रहे हैं। राख और मलबा खतरनाक क्षेत्र से बाहर के गांवों तक भी गिरा है। नुराबेलेन गांव के कुछ निवासी कोंगा में बनाए गए राहत शिविरों में शरण लेने चले गए। 1584 मीटर ऊंचा माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी, फ्लोरेस तिमूर जिले में स्थित एक जुड़वां ज्वालामुखी है, जो माउंट लेवोटोबी पेरंपुआन के साथ जुड़ा है।



### राजा रघुवंशी हत्याकांड-

## मास्टरमाइंड राज की दादी की मौत, पोते को बेकसूर बताती रहीं

**एजेंसी । फतेहपुर**

यूपी के फतेहपुर में बुधवार को राजा रघुवंशी केस के मास्टरमाइंड राज कुशवाह की दादी की मौत हो गई। वह राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम का बॉयफ्रेंड है। राज कुशवाह के घरवालों ने कहा- बेटे को फर्जी तरीके से फंसाया गया है। इसके चलते दादी परेशान थीं। सदमे में उन्हें हार्टअटैक आ गया और उनकी मौत हो गई। राज की दादी मरते दम तक यही कहती रहीं कि उनका पोता बेकसूर है। राज का घर फतेहपुर जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर गाजीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में है। लेकिन, वह पिछले 15 साल से इंदौर में रह रहा था।



**दादा ने कहा– पोते के गम में आया हार्ट अटैक :** दादा दरबारी सिंह ने बताया- अभी कुछ दिन पहले हमें पता चला कि मेरा पोता राज का इंदौर की लड़की सोनम रघुवंशी के साथ अफेयर चल रहा था। सोनम की शादी राजा रघुवंशी से हो गई थी। इसके बाद पता चला कि सोनम के साथ मिलकर राज ने उसके पति की हत्या कर दी है। मेरे पोते को जबरन इस हत्याकांड में फंसाया जा रहा है। मेरी पत्नी राम लल्ली सिंह को जबसे यह बात पता चली, तो वह बीमारी रहने लगी। पोते के गम में बुधवार को हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई।

### इंडिया गठबंधन की बैठक में झामुमो शामिल नहीं

# गठबंधन टूटेगा तो कौन मजबूत होगा और कौन कमजोर?

**नवीन मेंल संवाददाता**



**रांची।** बिहार में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने अपने-अपने सियासी समीकरण बदलने शुरू कर दिए हैं। बीते दिन इंडिया ब्लॉक (महागठबंधन) की बैठक में आरजेडी और कांग्रेस जैसे प्रमुख दल शामिल हुए जबकि इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड में प्रचंड जीत से उत्साहित और महागठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा को न्योता नहीं दिया गया जिसे लेकर कई तरह की राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

चुनावी समीकरण को लेकर हुई महागठबंधन की बैठक से आउट हुई झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेवर कड़े हो गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय से जब पूछा गया की महागठबंधन की बैठक में आपके दल को बुलाया नहीं गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि हम झारखंड में बड़े भाई की तरह सभी का सम्मान कर रहे हैं तो उम्मीद तो करेंगे ही हमें भी भी बिहार में छोटे भाई की तरह सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि हमें सूचना नहीं दी गई तो कब तक इंतजार करेंगे और हम लोग बिहार में चुनाव लड़ेंगे ही यह तय है किसके साथ और कितनी सीटों पर यह तय करना है।

उल्लेखनीय है कि झामुमो ने पहले भी स्पष्ट किया है कि वह बिहार की चुनावी राजनीति में मजबूती से उतरेगा अब देखना कि गठबंधन टूटने पर एक दूसरे के पूरक कांग्रेस,आरजेडी और झामुमो में कौन मजबूत या कमजोर होगा और दोनों राज्यों की भविष्य की राजनीति पर इसका क्या असर पड़ता है?

## राज्यपाल गंगवार ने पुस्तक का किया लोकार्पण



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राज भवन में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा लिखित पुस्तक "झारखंड एक सिंहावलोकन" का लोकार्पण किया गया। राज्यपाल ने लेखक को पुस्तक की रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## झारखंड में पेसा कानून को जल्द अधिसूचित करे राज्य सरकार : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**नवीन मेंल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड में पेसा कानून को शीघ्र अधिसूचित कर पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 996 में संसद की ओर से पारित यह कानून अनुसूचित क्षेत्रों में स्वशासन की अवधारणा को मजबूत करता है, लेकिन झारखंड में अब तक इसे अधिसूचित नहीं किया गया है। पत्र में दास ने बताया कि उन्होंने 2018 में मुख्यमंत्री रहते हुए पेसा नियमावली का प्रारूप तैयार कराया था। वर्ष 2023 में मौजूदा सरकार ने नियमावली का संशोधित प्रारूप जारी किया, जिसे विधि विभाग और महाधिवक्ता की मंजूरी भी प्राप्त हुई। इसके बावजूद सरकार ने अब तक अधिसूचना जारी नहीं की। इससे जनजातीय समाज में असंतोष है। उन्होंने यह भी कहा कि हाई कोर्ट ने नियमावली की अधिसूचना के लिए निर्देश जारी किए थे और जून 2024 में मुख्य सचिव को पक्षकार बनाते हुए अवमानना याचिका दायर की गई है। दास ने स्पष्ट किया कि पेसा कानून जनजातीय समाज की पहचान, परंपराओं और धार्मिक विश्वासों की रक्षा का एक सशक्त माध्यम है। पत्र में सरना धर्म कोड के बारे में उन्होंने कहा कि यदि राज्य में पेसा अधिनियम पूरी तरह लागू होता है तो ग्राम सभा अपनी परंपराओं को दस्तावेज रूप में राज्य सरकार को सौंप सकती है। इसे कानूनी मान्यता दी जा सकती है। इससे सरना समाज की सांस्कृतिक विरासत को संवैधानिक संरक्षण मिलेगा।

## अमन साहू गिरोह ने फिर कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को दी धमकी

**रांची।** अमन साहू गिरोह ने एक बार फिर कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा को धमकी दी है। सोशल मीडिया पर राहुल सिंह ने धमकी देते हुए कहा है कि बिपिन मिश्रा मार्केट में बयानबाजी कर रहा है। अमन साहू के मरने के बाद अमन साहू गैंग क्या कर लेगा। बिपिन मिश्रा तुमको अपना जितना सुरक्षा बढ़ाना है बढ़ा लो, उसके बाद भी तुमको और तुम्हारे लोगों को ठोकेंगे। इस बार तुमको हॉस्पिटल नहीं सीधा पोस्टमार्टम घर भेजेंगे। राहुल सिंह ने यह भी कहा कि सात मार्च को बरियातू में हुई गोलीबारी के तुंरत बाद मैंने प्रेस रिलीज जारी कर बोला था कि बिपिन मिश्रा बच गया पर मेरी कोशिश जारी रहेगी।

## निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए 117 निजी अस्पतालों को दी आईडी

**रांची।** रांची नगर निगम ने जन्म-मृत्यु पंजीकरण के लिए शहर के 117 निजी अस्पतालों को हॉस्पिटल आईडी दी। निगम के मुताबिक, इसका उद्देश्य जन्म-मृत्यु अधिनियम 1969 के तहत शत-प्रतिशत व समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इस कड़ी में बुधवार को उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक बैठक भी की गई, जिसमें सभी निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को आईडी संचालन की तकनीकी जानकारी, आवश्यक दस्तावेज तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप प्रशासक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म या मृत्यु की घटना के 21 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि नागरिकों को प्रमाण पत्र शीघ्र उपलब्ध हो सके।

## पृष्ठ एक के शेष

**जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह...**

सीआरपीएफ कमांडेंट याद राम बुनकर ने इस मौके पर कहा कि जो उग्रवादी अब भी आत्मसमर्पण नहीं करते, उन्हें पुलिस की कार्रवाई का गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार और सुरक्षा बलों की रणनीति अब पहले से अधिक सख्त और निर्णायक है।

**अब तक चार अधिकारी-कर्मी एसीबी के...**

14वें वित्त से कराए गए कार्यों के भुगतान के बदले लाभुक से पैसे की मांग करने के आरोप में उन्हें बसना पंचायत से गिरफ्तार किया गया था। 16 मार्च 2021 को मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। हालांकि इस गिरफ्तारी को स्थानीय कर्मियों ने साजिश बताया था और सभी कर्मियों ने उपायुक्त को जांच की मांग करते हुए एक दिवसीय धरना भी दिया था। तीसरी गिरफ्तारी शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज की हुई थी, जिन्हें एक शिक्षक से 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इन मामलों से स्पष्ट है कि नवाबाजार प्रखंड में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। चार-चार गिरफ्तारियों के बावजूद अधिकारी-कर्मचारियों की कार्य संस्कृति में कोई बदलाव नहीं आया है। हर बार गिरफ्तारी के बाद निर्दोष होने की दलीलें दी जाती हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि घूसखोरी यहां एक नियमित प्रक्रिया बन चुकी है।

**युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य...**

सीएम सोरेन ने कहा कि 'टेक बी' एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के साथ ही निश्चित भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। इतना ही नहीं, सफल प्रशिक्षण के बाद जॉब और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे पूरी लगन के साथ इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने करियर को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से संबंधित सभी तरह की जानकारियां स्कूली विद्यार्थियों तक पहुंचाने की दिशा में ठोस पहल होनी चाहिए। इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन और एचसीएल टेक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुब्बारमण बालासुब्रमण्यम उपस्थित थे।

**जेएसएससी सीजीएल के रिजल्ट...**

जेएसएससी ने इस परीक्षा के आधार पर 5 दिसंबर, 2024 को 2145 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया था। इसी बीच, परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इसपर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2024 को परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत एफआईआर दर्ज करने और अनुसंधान कर इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इसके बाद झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग एफआईआर दर्ज कर जांच कर रहा है।

**भारत आएंगे अमेरिकी राष्ट्रपति...**

विक्रम मिस्त्री ने बताया, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दोनों नेताओं की ये पहली बातचीत थी। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर शोक संवेदना प्रकट की थी और आतंक के खिलाफ समर्थन व्यक्त किया था। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विस्तार से बात की। भारतीय विदेश सचिव के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

**मोदी सरकार के 11 साल : विकास...**

पहली बार आतंकवाद को स्पष्ट परिभाषा में लाया गया है, जिससे संबंधित मामलों में कठोर कार्रवाई संभव होगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के लिए अलग अध्याय जोड़े गए हैं। दुष्कर्म पीड़िता का बयान अब महिला पुलिस अधिकारी द्वारा लिया जाएगा और मेडिकल रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से दी जाएगी। बीएनएसएस के तहत कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने में या ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कर सकता है। तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथा को समाप्त किया गया और इसे दंडनीय अपराध बनाया गया, जिससे मुस्लिम महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिली। मोदी सरकार ने ब्रिटिश काल के लगभग 1500 अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त कर एक नए भारत की नींव रखी। राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास का नाम बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' करना भी औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाने का हिस्सा रहा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर उसे दो केंद्रशासित प्रदेशों — जम्मू-कश्मीर और लद्दाख — में विभाजित किया गया। इससे वहां भी केंद्रीय कानूनों की पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित हुआ और अब गैर-निवासी भी वहां भूमि खरीद सकते हैं। ये सभी बदलाव भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त कर, एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जा रहे हैं। मुझे गर्व है कि इस ऐतिहासिक बदलाव का मैं भी प्रत्यक्ष साक्षी और सहभागी रहा हूं।

**(लेखक पलामू से लोकसभा सांसद और झारखंड राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक हैं।)**

### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

**74वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–पलामू (पार्ट–1)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामरतन कुमार मेहता एवं शंखनाथ सिंह द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–199/25 2. आवेदक–रजनीश कुशवाहा, पिता–नंदकिशोर कुशवाहा<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–200/25 2. आवेदक–संतोष कुमार विश्वकर्मा, पिता–सुरजन मिस्त्री<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के केहुनी के पास फ्रैक्चर का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–201/25 2. आवेदक–नकुल महतो, पिता–जगदीश महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह, पोस्ट–सांगबार, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के घुटने के पास कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर एवं दाउद हेम्ब्रम द्वारा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–202/25 2. आवेदक–सतवंती देवी, पति–टिपूलाल उराँव<br>3. ग्राम–महादेव माड़ा, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कनपटी में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–215/25 2. आवेदक–ज्योति नगेशिया, पति–सेबेर्यनुस नगेशिया<br>3. ग्राम–ओरसा, पोस्ट–महुआटाँड, थाना–महुआटाँड, प्रखण्ड–महुआटाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–203/25 2. आवेदक–अनन्त कुमार सिंह, पिता–स्व0 मदन मोहन सिंह<br>3. ग्राम–बेलवाटीकर, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–डालटनगंज, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के पीपनी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–204/25 2. आवेदक–कौसर नेयाजी, पिता–मोहम्मदसुलेमान<br>3. ग्राम–कुम्हार टोली कुण्डमुहल्ला, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–216/25 2. आवेदक–मानदेव किसान, पिता–धुमा किसान<br>3. ग्राम–ओरसा, पोस्ट–महुआटाँड, थाना–महुआटाँड, प्रखण्ड–महुआटाँड<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख टेढ़ा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–217/25 2. आवेदक–मीरा नगेसिया, पति–किशोर नगेसिया<br>3. ग्राम–मिर्गि ओरसा, पोस्ट–महुआटाँड, थाना–महुआटाँड, प्रखण्ड–महुआटाँड<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढी में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उराँव एंव दाउद केरकेट्टा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–205/25 2. आवेदक–मोहम्मद मोहसिन, पिता–शेख कासिमुदीन<br>3. ग्राम–ताबर, पोस्ट–ताबर, थाना–सतबरवा, प्रखण्ड–सतबरवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–206/25 2. आवेदक–उमेश चौधरी, पिता–स्व0 रूपचन्द्र चौधरी<br>3. ग्राम–बाघी, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कोहुनी में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–208/25 2. आवेदक–फोलतू मुण्डा, पिता–रतिया मुण्डा<br>3. ग्राम–अजलतुआ, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–208/25 2. आवेदक–मंगरा असूर, पिता–बलू असूर<br>3. ग्राम–अजलतुआ, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–209/25 2. आवेदक–सुगन मुण्डाइन, पति–जीतू मुण्डा<br>3. ग्राम–कुट्टी, पोस्ट–नवाडीह, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–210/25 2. आवेदक–प्रेमचंद आसूर, पिता–स्व0 डुभा आसूर<br>3. ग्राम–अजलतुआ, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–211/25 2. आवेदक–जवाहर चौधरी, पिता–स्व0 रूपचन्द्र चौधरी<br>3. ग्राम–बाघी, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–अरविंद चौधरी, पिता–सोमारू चौधरी<br>3. ग्राम–फकीराडीह, पोस्ट–रामकंडा, थाना–भंडरिया, प्रखण्ड–भंडरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–212/25 2. आवेदक–मो0 इरफान आलम, पिता–मो0 अलिमुद्दिन अंसारी<br>3. ग्राम–मुरूमातु, पोस्ट–कजरू, थाना–पाण्डु, प्रखण्ड–पाण्डु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–213/25 2. आवेदक–रघुबीर सिंह, पिता–रामा सिंह<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पे दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–214/25 2. आवेदक–अनीसा बीबी, पति–मो0 आफताब अंसारी<br>3. ग्राम–कुदागा कला, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–215/25 2. आवेदक–शहाबुद्दीन अंसारी, पिता–स्व0 नूरमोहम्मद मियां<br>3. ग्राम–कुदागा कला, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कंधा में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–216/25 2. आवेदक–विजय कुमार चौरसिया, पिता–नन्हकू महतो<br>3. ग्राम–नरसिंहपुर पथरा पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें आँख में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–217/25 2. आवेदक–पोलिना मरांडी, पति–स्व0 आनंद मसीहा तिड़ू<br>3. ग्राम–तेमराई, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–218/25 2. आवेदक–बुधराम मुण्डा, पिता–स्व0 कोका मुण्डा<br>3. ग्राम–कुट्टी, पोस्ट–नवाडीह, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–219/25 2. आवेदक–नारेन्द्र प्रसाद सिंह, पिता–सोमारू सिंह<br>3. ग्राम–हुकुवा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–गणेश चौधरी, पिता–रूपचन्द्र चौधरी<br>3. ग्राम–फकीराडीह, पोस्ट–रामकंडा, थाना–भंडरिया, प्रखण्ड–भंडरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–सुरेश चौधरी, पिता–मिठू चौधरी<br>3. ग्राम–फकीराडीह, पोस्ट–रामकंडा, थाना–भंडरिया, प्रखण्ड–भंडरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–220/25 2. आवेदक–हिमाचल प्रसाद, पिता–स्व0 कमला प्रसाद<br>3. ग्राम–डनडार कला, पोस्ट–डनडार कला, थाना–पांकी, प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–79वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–221/25 2. आवेदक–समसुद्दीन अंसारी, पिता–स्व0 फतुली मियां<br>3. ग्राम–कुदागा कला, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–222/25 2. आवेदक–एमामुल हक, पिता–एनुल हक<br>3. ग्राम–डंडीला कला, पोस्ट–रेहला, थाना–रेहला, प्रखण्ड–विश्रामपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–223/25 2. आवेदक–बसीर मियां, पिता–स्व0 हबीब मियां<br>3. ग्राम–कुदागा कला, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना तरफ माथा में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–224/25 2. आवेदक–मनरूप सिंह, पिता–स्व0 टीमा सिंह<br>3. ग्राम–बसौरा, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–225/25 2. आवेदक–बाबुलाल सिंह, पिता–स्व0 राज कुमार सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला, पोस्ट–सिक्की कला, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–226/25 2. आवेदक–गिरिवर सिंह, पिता–स्व0 मरू सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला, पोस्ट–सिक्की कला, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 र्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–227/25 2. आवेदक–खुर्शीद अंसारी, पिता–डोमन मियां<br>3. ग्राम–बांसडीह खुर्द, पोस्ट–चांदो, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–228/25 2. आवेदक–फूला देवी, पति–गणेश सिंह<br>3. ग्राम–सिक्की कला, पोस्ट–सिक्की कला, थाना–पाटन, प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला, आयु–74र्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–229/25 2. आवेदक–पानपती देवी, पति–मनरूप सिंह<br>3. ग्राम–बसौरा, पोस्ट–बसौरा, थाना–लेस्लीगंज, प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–230/25 2. आवेदक–दरगाही मियां, पिता–स्व0 नबीरूद्दीन मियां<br>3. ग्राम–कुदागा कला, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–84वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–231/25 2. आवेदक–दिनेश चौधरी, पिता–मोहन चौधरी<br>3. ग्राम–सरहुआ, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–232/25 2. आवेदक–अरबिन्द सिंह, पिता–स्व0 विनोद सिंह<br>3. ग्राम–बाघी, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–233/25 2. आवेदक–राजमुनी सिंह, पिता–बीरबल सिंह<br>3. ग्राम–बाघी, पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना के नीचे कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–/25 2. आवेदक–प्रभू चौधरी, पिता–फुलचन्द्र चौधरी<br>3. ग्राम–फकीराडीह, पोस्ट–रामकंडा, थाना–भंडरिया, प्रखण्ड–भंडरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें सीना में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–234/25 2. आवेदक–बिसुन कुमार प्रजापति, पिता–लछु प्रजापति<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–235/25 2. आवेदक–अफताफ आलम, पिता–महराज मियां<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–236/25 2. आवेदक–मनोज कुमार यादव, पिता–श्री बचन यादव<br>3. ग्राम–सेमरा, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–237/25 2. आवेदक–महेन्द्र सिंह, पिता–स्व0 जादो सिंह<br>3. ग्राम–सोकरा, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–238/25 2. आवेदक–कृष्ण महतो, पिता–बालकर्ण महतो<br>3. ग्राम–बोडी, पोस्ट–करसो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–239/25 2. आवेदक–अमरेश कुमार बर्मा, पिता–स्व0 हरिप्रसाद बर्मा<br>3. ग्राम–बराकोटा, पोस्ट–कालेज डालटनगंज, थाना–बैरीया, प्रखण्ड–डालटनगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–240/25 2. आवेदक–पारसनाथ सिन्हा, पिता–अम्बिका सिंह<br>3. ग्राम–सलतुआ, पोस्ट–सलतुआ, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–241/25 2. आवेदक–कृष्ण मुरारी प्रसाद, पिता–बृजनंदन साहू<br>3. ग्राम–कान्दु मोहल्ला, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कमर में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–242/25 2. आवेदक–बबिता देवी, पति–कृष्ण मुरारी प्रसाद<br>3. ग्राम–कान्दु मोहल्ला, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–243/25 2. आवेदक–संतोष कुमार, पिता–शम्भू राम<br>3. ग्राम–कान्दु मोहल्ला, पोस्ट–डालटनगंज, थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–244/25 2. आवेदक–तैयब अंसारी, पिता–नेजायत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा, पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–245/25 2. आवेदक–बिरसी होरो, पति–बुधराम होरो<br>3. ग्राम–करमा, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–सुरेश उराँव, पिता–स्व0 सुखदेव उराँव<br>3. ग्राम–चतरो, पोस्ट–दामोदर, थाना–चन्दवा, प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के पखरा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–62/25 2. आवेदक–हरिदास तिर्की, पिता–स्व0 रामफल तिर्की<br>3. ग्राम–भण्डरिया, पोस्ट–भण्डरिया, थाना–भण्डरिया, प्रखण्ड–भण्डरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एवं विरेन्द्र ठाकुर द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–246/25 2. आवेदक–अमीना बीबी, पति–अमरूल हसैन<br>3. ग्राम–चान्दो, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–247/25 2. आवेदक–रानो देवी, पति–प्रभु विश्वकर्मा<br>3. ग्राम–राजहरा, पोस्ट–राजहरा, थाना–विश्रामपुर, प्रखण्ड–रवश्रामपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–63/25 2. आवेदक–मो0 सागीर आलम, पिता–जियाउद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–कुशडंडू, पोस्ट–अधौरा, थाना–नगरउंटारी, प्रखण्ड–नगरउंटारी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ आँख के पीपनी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–248/25 2. आवेदक–गुलाम गौस, पिता–स्व0 मो0 निजमुद्दीन<br>3. ग्राम– कुण्डमुहल्ला, पोस्ट–मेदिनीनगर, थाना–डालटेनगंज मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख के कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–249/25 2. आवेदक–अशोक कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 चन्द्रशेखर प्रसाद<br>3. ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ का कानी अंगुली ठेढा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–218/25 2. आवेदक–प्रहलाद सिंह, पिता–धनवन्त सिंह<br>3. ग्राम–जेरूआ, पोस्ट–मनिका कोपे, थाना–मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ साइड में कंधा गला से नीचे मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355386 Home(25-26)D

# कोहली का संन्यास भारत के लिए सबसे बड़ा नुकसान : ज्योफ्री बायकाट



**लंदन (आईएएनएस)**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ज्योफ्री बायकाट के अनुसार रोहित शर्मा के संन्यास से कहीं ज्यादा विराट कोहली की गैर-मौजूदगी भारत के लिए एक बड़ा झटका है। इसी के साथ उन्होंने विराट कोहली को टीम इंडिया का 'की-प्लेयर' बताया है। बायकाट ने बुधवार को 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, "इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके पास कितना टैलेंट या अनुभव है। अगर आप मानसिक रूप से तरोताजा नहीं हैं और चुनौती के लिए तैयार नहीं हैं, तो यह थका देने वाला हो जाता है। रोहित एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। अपने सर्वश्रेष्ठ समय में, एक बेहतरीन स्ट्रोक प्लेयर, लेकिन उन्हें कोहली जितना याद नहीं किया जाएगा, क्योंकि उनका टेस्ट रिकॉर्ड 'असाधारण' होने के बजाय 'अच्छा' था। पिछले कुछ सालों में उनकी बल्लेबाजी थोड़ी अनुचित रही। उन्होंने आगे लिखा, "रोहित, कोहली की तरह कभी भी स्वाभाविक एथलीट नहीं रहे। उन्हें पता है कि इंग्लैंड में पारी की शुरुआत करना काफी मुश्किल हो सकता है, क्योंकि नई गेंद अधिक घूमती है। आपको वास्तव में सफलता के लिए चुनौती झेलने को तैयार रहना होगा। मुझे लगता है कि समय के साथ पारी की शुरुआत करने और तीनों फॉर्मेट में कप्तान होने की थकान ने उन्हें थका दिया है। रोहित और कोहली दोनों ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। इसी के साथ भारत को ओपनिंग और चौथे नंबर पर बैटिंग के लिए उपयुक्त बल्लेबाज की तलाश है। 36 वर्षीय कोहली ने 123 टेस्ट में 9,230 रन बनाए। वह टेस्ट में भारत के सर्वकालिक रन-स्कोरर की लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैर-मौजूदगी में भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतना मुश्किल-सा नजर आ रहा है। इंग्लैंड पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे को हराने के बाद भारत के खिलाफ इस अहम सीरीज में उतरेगा। बायकाट ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से भारत को हराने के लिए अपनी बैजबॉल शैली को संयमित करने और कुछ कॉमनसेंस का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। बायकाट ने अपने कॉलम में लिखा, "इंग्लैंड को भारत के खिलाफ जीत दर्ज करनी चाहिए, अगर वह अपने बैजबॉल को संयमित करें और कुछ कॉमनसेंस का उपयोग करें। कई बार उनका क्रिकेट रोमांचक और बेहद मजेदार रहा है, लेकिन लापरवाह बल्लेबाजी के चलते उन्होंने टेस्ट मैच भी गंवाए हैं। उनका एकमात्र मकसद जीतना होना चाहिए, क्योंकि यह बताने का कोई फायदा नहीं है कि आप कितने अच्छे हैं। पिछले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हमारे देश में खेले गए हैं, लेकिन इंग्लैंड उनमें से किसी के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाया।

1. **बल्लेबाज़ी में गिरावट :** पिछले कुछ वर्षों में रोहित शर्मा की बल्लेबाज़ी का स्तर कुछ हद तक अस्थिर और अनुचित रहा है।
2. **एथलेटिक क्षमता की तुलना :** लेखक का मानना है कि रोहित कभी भी कोहली जैसे स्वाभाविक एथलीट नहीं रहे।
3. **इंग्लैंड में चुनौतीपूर्ण शुरुआत :** रोहित को पता है कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में नई गेंद से पारी की शुरुआत करना बेहद मुश्किल होता है।
4. **थकान का प्रभाव :** तीनों फॉर्मेट में कप्तानी करने और निरंतर खेलने की थकान ने उनके खेल को प्रभावित किया है।
5. **टेस्ट क्रिकेट से संन्यास :** रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

## खिताब जिताने वाले कोच को मेलबर्न रेनेगेड्स का तोहफा

### तीन साल के लिए फिर से अनुबंध



**मेलबर्न (आईएएनएस)**

मेलबर्न रेनेगेड्स ने बीते सीजन महिला बिग बैश लीग का खिताब जिताने वाले हेड कोच साइमन हेल्मोट को बड़ा तोहफा दिया है। फ्रेंचाइजी ने हेल्मोट के साथ फिर से तीन साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया है। बिग बैश लीग ने बुधवार को इसका आधिकारिक ऐलान किया। मेलबर्न रेनेगेड्स ने बयान में कहा, "बेखौफ क्रिकेट पर आधारित अभियान में, हेल्मोट ने अपने चौथे सीजन में रेनेगेड्स को सफलता दिलाई और कम से कम विमेंस बीबीएल-13 के अंत तक वह टीम के साथ होंगे। साइमन हेल्मोट के पास ऑस्ट्रेलिया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग का अच्छा-खासा अनुभव है। इसमें आईपीएल, सीपीएल और आईएलटी में भूमिकाएं शामिल हैं। साइमन हेल्मोट इससे पहले बीबीएल-1 से बीबीएल-4 तक रेनेगेड्स पुरुष टीम के साथ रहे थे। साल 2020 में दोनों टीमों के असिस्टेंट कोच के रूप में वह फिर से क्लब में लौटे और इसके बाद महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली। साइमन हेल्मोट ने कहा, "पिछला सीजन हमारे प्लेइंग ग्रुप और स्टाफ के लिए बेहद खास रहा। मैं हेड कोच के तौर पर बने रहने को लेकर रोमांचित हूं। खिताब जीतना कभी आसान नहीं होता, जो इस ग्रुप का हिस्सा होने को और भी खास बनाता है। हमारे जनरल मैनेजर, जेम्स रोसेनगार्डन और हमारी कप्तान, सोफी मोलिनक्स के शानदार नेतृत्व में, हमने जो हासिल किया, वह एक अविश्वसनीय अनुभव था। हमारे पास खिलाड़ियों और लोगों का एक बेहतरीन कोर ग्रुप है, जो क्लब के प्रति जुनूनी हैं। मैं इसके लिए उत्साहित हूं कि हम आगे क्या कर सकते हैं।

**2020 में दोनों टीमों के असिस्टेंट कोच के रूप में वह फिर से क्लब में लौटे और इसके बाद महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली**

## क्लब विश्व कप: इंटर मिलान और मॉन्टेरी का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एफसी इंटरनैजियोनेल मिलानो और सीएफ मॉन्टेरी ने बुधवार (आईएसटी) को रोज बाउल में 1-1 से बराबरी के साथ फीफा क्लब विश्व कप 2025 अभियान की शुरुआत की। दोनों टीमें रिवर प्लेट से दो अंक पीछे हैं, जो सिएटल में उरावा रेड डायमंड्स के खिलाफ 3-1 से विजयी रही थी। इंटर ने पहले हाफ में लगातार दबाव बनाए रखा, लेकिन मॉन्टेरी को कप्तान सर्जियो रामोस ने 25वें मिनट में कॉर्नर किक से गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। 39 वर्षीय पूर्व रियल मैड्रिड स्टार ने इंटर सेंटर-बैक एलेसेंड्रो बस्तोनी को पछाड़कर गोलकीपर यान सोमर को छकाते हुए हेडर से गोल किया। इसके बाद 42वें मिनट पर लौटारो मार्टिनेज ने गोल के साथ इंटर को मुकाबले में 1-1 से बराबरी पर ला दिया। 64वें मिनट में मॉन्टेरी ने उस समय बढ़त लगभग हासिल कर ही ली थी, जब सर्जियो कैनालेस का लॉन्ग-रेंज प्रयास सोमर के गोल के बाएं पोस्ट से टकरा गया।

## बीकानेर में पहली बार होगा नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बीकानेर (आईएएनएस)**

बीकानेर की 'विनायक स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी' और अहमदाबाद की 'थंडरबोल्ट शूटिंग एकेडमी' के सहयोग से बीकानेर में पहली बार नेशनल लेवल की शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक अधिराज सिंह ने बताया कि बीकानेर में होने वाली यह प्रतियोगिता महाराजा करणी सिंह की स्मृति में आयोजित कराई जा रही है। अधिराज अन्तरराष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज रह चुके हैं। वह एक ट्रेनर भी हैं। चार दिवसीय थंडर बोल्ट शूटिंग चैंपियनशिप 20 से 23 जून तक आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता लालेश्वर महादेव मंदिर शिवबाड़ी स्थित महाराजा करणीसिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होगी। अधिराज सिंह ने बताया कि यह सब जूनियर,अंडर-12, यूथ,जूनियर और सीनियर पिस्टल और राइफल्स मैन और वूमैन प्रतिस्पर्धा होगी। इसमें विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिए जाएंगे। अधिराज सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आखिरी दिन श्रेष्ठ खिलाड़ियों को चार अलग अलग कैटेगरी में चैम्पियन ऑफ चैंपियंस ट्रॉफी दी जाएगी। इसमें नकद राशि बतौर प्राइज मनी दी जाएगी। अधिराज सिंह ने पत्रकारों से कहा, "यह क्लब और टूर्नामेंट राजस्थान रायफल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है।

## सूर्यकुमार यादव हर्निया का इलाज कराने इंग्लैंड रवाना, जरूरत पड़ी को सर्जरी कराएंगे

**नई दिल्ली । एजेंसी**




भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के लिए इंग्लैंड गए हैं। वे वहां स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से चोट के बारे में कंसल्ट करेंगे। इतना ही नहीं, यदि जरूरी हुआ तो वहां उनकी सर्जरी भी हो सकती है। 34 साल के सूर्यकुमार के एक करीबी ने न्यूज एजेंसी PTI को नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया- 'सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं। वे परामर्श के लिए ब्रिटेन गए हैं। यदि आवश्यक हुआ तो वे सर्जरी करवाएंगे।' सूर्या पिछले 3 महीने से यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने दर्द के बीच कई मुकाबलों में हिस्सा लिया। अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करेगी टीम इंडिया भारतीय टीम को अगस्त महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है। टीम को वहां 17 अगस्त से 3 वनडे और 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज 26 अगस्त से शुरू होगी। फिलहाल, भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर गई है।

## डब्ल्यूटीसी जीत के बाद मारक्रम की टेस्ट रैंकिंग में उछाल

**दुबई (आईएएनएस)**। दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम उन दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) विजेता बनने के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में उछाल का अनुभव किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 282 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 207 गेंदों पर 136 रनों की मैच विजयी पारी खेलने वाले मार्करम पुरुषों की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में सात पायदान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह अब न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल से केवल दो अंक पीछे हैं, जो 725 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए कुछ महत्वपूर्ण विकेट लेने वाले मार्करम को ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 44 पायदान ऊपर चढ़ने का इनाम मिला है। डेविड बेडिंघम, जो दक्षिण अफ्रीका की जीत के समय क्रीज पर थे।

## भारत 2026 महिला टी20 विश्व कप के लिए पाक ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका के साथ एक ग्रुप में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत को 2026 महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप 1 में पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और दो अज्ञात क्वालीफाइंग टीमों के साथ रखा गया है, जो 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। 24 दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट के दसवें संस्करण की शुरुआत 12 जून को एजबस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी। एजबस्टन के अलावा हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स अन्य टूर्नामेंट स्थल हैं। एजबस्टन में ही भारत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का पहला मैच खेलेगा, उसके बाद 17 जून को हेडिंग्ले में क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड पर दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर 25 जून को उसी स्थान पर एक अन्य क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ खेलेगा। भारत का ग्रुप चरण 28 जून को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर कई बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक बड़े मुकाबले के साथ समाप्त होगा। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने एक बयान में कहा, "विश्व कप हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पहले से ही अलग लग रहा है - इसमें वास्तव में खेल को बदलने की क्षमता है। यह हमारे खेल के लिए एक बड़ा क्षण होने जा रहा है और युवाओं को प्रेरित करने और देश भर के प्रशंसकों को लुभाने का एक शानदार अवसर है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही भारत की जीडीपी, आने वाले समय में आठ ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और आने वाले समय में इसका आकार आठ ट्रिलियन डॉलर कर पहुंच जाएगा। यह बयान केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को दिया। "भारत वर्तमान में दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और 6.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इसी रफ्तार से आने वाले समय में देश आठ ट्रिलियन डॉलर तक की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।" उन्होंने आगे कहा, "देश की अर्थव्यवस्था बढ़ने का असर प्रत्यक्ष तौर पर नागरिकों पर पड़ता है। देश में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं और प्रति व्यक्ति आय में इजाफा होता है। दुनिया इंटर कनेक्टेड है इसलिए गुड्स और सर्विसेज का एक्सचेंज भी बढ़ेगा। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था बढ़ने से दुनिया में आपकी स्वीकार्यता बढ़ती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

### 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, भारत की जीडीपी 2025 में बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी।
- **जापान से मामूली बढ़त :** उसी वर्ष जापान की जीडीपी अनुमानित रूप से 4,186.431 अरब डॉलर रहेगी, जिससे भारत जापान से आगे निकल सकता है।
- **विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना :** आईएमएफ का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन सकता है।
- 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार : भारत की अर्थव्यवस्था 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है।
- **अनुमानित जीडीपी :** 5,069.47 अरब डॉलर
- **2028 में और वृद्धि :** भारत की जीडीपी 2028 तक बढ़कर 5,584.476 अरब डॉलर होने की संभावना है।
- **इस दौरान जर्मनी की जीडीपी अनुमानित:** 5,251.928 अरब डॉलर

## टाटा मोटर्स ने एलपीओ 1622 बस लॉन्च कर कतर में अपनी उपस्थिति की मजबूत

**दोहा (आईएएनएस)**। टाटा मोटर्स ने मध्य पूर्व के बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करते हुए बुधवार को कतर में अपनी नई एलपीओ 1622 बस लॉन्च की। कंपनी के एक बयान के अनुसार, कर्मचारियों के परिवहन के लिए विशेष रूप से विकसित, मध्य पूर्व में कंपनी की पहली यूरो VI-अनुपालन वाली बस बेहतर परफॉर्मेंस, आरामदायक यात्री अनुभव और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करती है। टाटा एलपीओ 1622 बस एक विश्वसनीय कमिंस आईएसबीई 5.6एल यूरो VI-अनुपालन इंजन द्वारा संचालित है, जो 220 एचपी पावर और 925 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है। बस दो सीटिंग कॉन्फिगरेशन 65-सीटर और 61-सीटर में उपलब्ध है, जो विभिन्न कर्मचारी परिवहन आवश्यकताओं के लिए फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है।

## भारतीय डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत का डिफेंस सेक्टर वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहा है और देश की डिफेंस कंपनियों की आय वित्त वर्ष 26 में 15-17 प्रतिशत बढ़ेगी। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। आईसीआरए के एनालिसिस में कहा गया कि आय में अच्छी बढ़त की वजह ऑर्डर्स का मजबूत एग्जीक्यूशन होना है। वित्त वर्ष 25 के अंत में डिफेंस कंपनियों का ऑर्डर बुक/ऑपरेटिंग इनकम (ओबी/ओआई) रेश्यो 4.4 गुना था। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और निर्यात का विस्तार करने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत' को अपने मूल में रखते हुए कई नीतिगत पहलों को लागू किया है।

इनमें डिफेंस सेक्टर में एफडीआई नीतियों का उदारीकरण, डिफेंस ऑफसेट नीति को जारी रखना, दो डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर की स्थापना और पांच 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों' की अधिसूचना और ऑनलाइन स्वदेशीकरण पोर्टल 'सृजन' के माध्यम से स्वदेशीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, "इसके अलावा सरकार ने पूंजीगत परिव्यय पर जोर देते हुए इस क्षेत्र के लिए बजट में भी वृद्धि की है, जो पिछले पांच वर्षों में 8.29 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 के बजट अनुमान (बीई) में 1.92 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिपोर्ट में बताया गया, "सरकार की पहलों के कारण घरेलू विक्रेताओं से डिफेंस खरीद पर व्यय वित्त वर्ष 17 में 61 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में लगभग 75 प्रतिशत हो गया है, जबकि निर्यात 15 गुना से अधिक और 41 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर के साथ वित्त वर्ष 2017-वित्त वर्ष 2025 की अवधि के दौरान 23,622 करोड़ रुपए हो गया है। आईसीआरए के कॉर्पोरेट रेटिंग्स के उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख सुप्रियो बनर्जी ने कहा, "वित्त वर्ष 2026 के लिए भारित औसत परिचालन मार्जिन 25-27 प्रतिशत पर मजबूत रहने की उम्मीद है।

## क्रिसिल ने कहा: सीपीआई से सोना हटाकर घरेलू मुद्रास्फीति रुझान बेहतर समझे जा सकते हैं

**(आईएएनएस)**



क्रिसिल की बुधवार को आई एक रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि जिस तरह मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक से फूड और फ्यूल कैटेगरी को बाहर रखा जाता है, उसी तरह कीमतों पर घरेलू मांग के दबाव के वास्तविक प्रभाव का आकलन करते समय सोने को भी बाहर रखा जा सकता है। खासकर तब जब उच्च वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की अवधि के दौरान सोने की कीमतें बढ़ने लगती हैं। रिपोर्ट में पाया गया है कि मुख्य मुद्रास्फीति सूचकांक में अन्य वस्तुओं की तुलना में 2.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बावजूद सोने की मुद्रास्फीति ने मई 2025 को समाप्त होने वाले 12 महीनों में मुख्य मुद्रास्फीति में 17 प्रतिशत की वृद्धि का योगदान दिया। रिपोर्ट में तर्क किया गया है, "वित्त वर्ष 2025 के दौरान, सोने की मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024 में 15.1 प्रतिशत के मुकाबले औसतन 24.7 प्रतिशत तक बढ़ गई, जबकि अन्य श्रेणियों ने प्रवृत्ति को तोड़ते हुए केवल 2.4 प्रतिशत की संयुक्त मुद्रास्फीति दर दर्ज की।

## मजबूत राजकोषीय नीति से विकास को बल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। कोरोना महामारी के बाद भारत की राजकोषीय गतिशीलता में सुधार हुआ है, जिसमें खर्च की गुणवत्ता में सबसे बड़ा बदलाव आया है, जो पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा किए गए उच्च पूंजीगत व्यय से स्पष्ट होता है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि राजकोषीय गतिशीलता में सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास मिश्रण और मुद्रास्फीति प्रबंधन के लिए अच्छा संकेत है। राजस्व घाटे में कंसोलिडेशन की तेज गति न केवल केंद्र बल्कि राज्यों द्वारा भी बेहतर खर्च मिश्रण को दर्शाती है।

## इजराइल-ईरान तनाव बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में हुए बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय इक्विटी बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में ऑटो और प्राइवेट बैंक शेयरों में खरीदारी देखी गई। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से निवेशक सतर्क रहे, जिससे कारोबारी सत्र में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स, दिन के निचले स्तर 81,237 पर पहुंचने के बाद 138.64 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,444.66 पर बंद हुआ। इसी तरह, निफ्टी 41.35 अंक या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,812.05 पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा, "घरेलू मैक्रो के सपोर्टिव बेस के साथ, लॉन्ग-टर्म आउटलुक बरकरार है और निवेशकों का ध्यान अधिक स्पष्टता आने तक उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप शेयरों पर केंद्रित रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि निवेशकों का ध्यान आज अमेरिकी फेड की नीति पर रहेगा और टैरिफ के खतरे के कारण उच्च मुद्रास्फीति की संभावना फेडरल ओपन मार्केट कमेटी को दरों को अपरिवर्तित रखने के लिए प्रेरित कर सकती है।